* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

23 जनवरी, 2023
माघ, शुक्ल पक्ष, द्वितीया
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा


# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 96


**सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य का विवादित बयान**

रामचरित मानस बकवास, इस पर बैन लगा देना चाहिए



आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP
3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR)
11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 53,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 74,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 23 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in


## राजनीति : चंद्रशेखर और सुधाकर सिंह को लेकर जदयू-राजद के रिश्तों में खटास

# बिहार के महागठबंधन में 'ऑल इज नॉट वेल'

बिहार में करीब पांच महीने पुरानी महागठबंधन सरकार में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के बीच का रिश्ता समय बीतने के साथ हर दिन कड़वा होता जा रहा है। हालत यहां तक पहुंच गयी है कि दोनों नेताओं ने एक-दूसरे से कई दिनों से बात तक नहीं की है। इसका कारण पहले पूर्व कृषि मंत्री सुधाकर सिंह की सीएम पर टिप्पणी और फिर शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर द्वारा रामचरित मानस के बारे में कही गयी विवादित बात है। ये दोनों राजद के हैं। सुधाकर सिंह राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के पुत्र हैं और लालू यादव के बेहद करीबी माने जाते हैं। उधर चंद्रशेखर भी लालू यादव के करीबी हैं। सुधाकर सिंह ने तो मंत्री पद छोड़ दिया, लेकिन चंद्रशेखर के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इधर जदयू का कहना है कि इन दोनों नेताओं के खिलाफ कार्रवाई किये बिना आगे का सफर मुश्किल हो सकता है। राजद ने सुधाकर सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया है, लेकिन जदयू इससे संतुष्ट नहीं है। उसने कहा है कि केवल नोटिस से काम नहीं चलेगा। राजद को एक्शन लेना होगा। महागठबंधन में जारी तनाव का यही मूल कारण है। इसके अलावा कहा जा रहा है कि अधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग के मुद्दे पर भी नीतीश और तेजस्वी के बीच मतभेद उभर कर सामने आये हैं। राजद नेताओं का कहना है कि जदयू नेताओं के चहेते अधिकारियों को मलाइदार पोस्टिंग दी जा रही है, जो गठबंधन के लिए घातक हो सकता है। बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन के घटक दलों के बीच जारी इस तनातनी के विभिन्न पहलुओं का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

**आजाद सिपाही विशेष**


राकेश सिंह

बिहार में महागठबंधन सरकार के पांच महीने पूरे होने वाले हैं, लेकिन जदयू-राजद नेताओं के बीच रिश्ते बिगड़ते जा रहे हैं। पूर्व कृषि मंत्री और विधायक सुधाकर सिंह राजद के गले की फांस बनते जा रहे हैं। सुधाकर सिंह सीएम नीतीश कुमार को लेकर तीखे शब्दों में हमला कर रहे हैं और उन्हें 'शिखंडी' तक बता दिया। जदयू नेता ही नहीं, बल्कि महागठबंधन के सहयोगी जीतनराम मांझी ने तेजस्वी यादव से सुधाकर सिंह पर एक्शन लेने की मांग उठा दी है। उधर जदयू नेता श्रवण कुमार ने भी कहा है कि सुधाकर सिंह पर एक्शन लेना जरूरी है।

सुधाकर सिंह राजद के बिहार प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के बेटे हैं। वह रामगढ़ से राजद के विधायक हैं और महागठबंधन सरकार में कृषि मंत्री थे, लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कृषि नीतियों की आलोचना करके जदयू नेताओं के निशाने पर आ गये थे। ऐसे में सुधाकर सिंह को मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था, जिसके चलते जगदानंद सिंह भी नाराज हो गये थे और उन्होंने राजद कार्यालय आना छोड़ दिया था। तेजस्वी यादव दो महीने के बाद किसी तरह उन्हें मनाकर पार्टी दफ्तर लाने में सफल हुए थे।

### सुधाकर सिंह ने सीएम नीतीश को लेकर क्या कहा

पूर्व मंत्री सुधाकर सिंह सीएम नीतीश कुमार पर मुखरता से हमला जारी रखे हुए हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिन्हा और कर्पूरी ठाकुर जैसे लोग हैं, जिन्हें बिहार के लोग हमेशा याद रखेंगे। हमारे नेता और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद का भी यही हाल है, जिन्होंने प्रदेश के लिए बहुत कुछ किया है, लेकिन नीतीश कुमार का नाम इतिहास में नहीं होगा। वह बिल्कुल याद नहीं रहेंगे। वह शिखंडी की तरह हैं, जिसकी अपनी कोई हैसियत नहीं है। सुधाकर सिंह ने कहा है कि तेजस्वी यादव आज बिहार के मुख्यमंत्री नहीं हैं, तो इसके लिए नीतीश कुमार दोषी हैं। नीतीश कुमार 'नाइट वॉचमैन' के रूप में आये थे कि दो-चार महीने वह मुख्यमंत्री रहेंगे और फिर तेजस्वी यादव सीएम बन जायेंगे। आज चार से पांच महीना होने जा रहा है, तो इसके लिए दोषी नीतीश कुमार हैं। उनसे पूछा जाना चाहिए कि आप तेजस्वी को सीएम क्यों नहीं बनने दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार को तुरंत पद छोड़ देना चाहिए और उन्हें तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद की पेशकश करनी चाहिए।


नीतीश और तेजस्वी के बीच हर दिन बढ़ती जा रही है दूरी

यह पहली बार नहीं है, जब सुधाकर सिंह ने नीतीश कुमार पर निशाना साधा है। इससे पहले भी अक्टूबर 2022 में अपने विभाग में भ्रष्टाचार को लेकर टिप्पणी करने के बाद उन्हें राज्य के कृषि मंत्री के पद से इस्तीफा देना पड़ा था। इसके बाद से ही वह नीतीश कुमार पर हमलावर हैं। हालांकि इस बार उनके बयान को लेकर सिर्फ जदयू ही नहीं, बल्कि महागठबंधन के सहयोगी और राजद के नेता भी नाराज हैं और सुधाकर सिंह पर महागठबंधन में दरार डालने का आरोप लगा रहे हैं।

### शिवानंद तिवारी ने सुधाकर के बयान की निंदा की

राजद के वरिष्ठ नेता शिवानंद तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के विरुद्ध राष्ट्रीय जनता दल के विधायक सुधाकर सिंह का बयान घोर निंदनीय है। ऐसा बयान महागठबंधन की एकता के लिए अत्यंत घातक है। राजद सबसे बड़ी पार्टी है। ऐसे में गठबंधन को चलाने की सबसे अहम जवाबदेही उसके कंधों पर है। ऐसा लगता है कि सुधाकर सिंह ने जान-बूझकर गठबंधन को तोड़ने के मकसद से इस तरह का बयान दिया है। शिवानंद तिवारी ने सुधाकर सिंह के भाजपा के साथ पुराने संबंधों को याद दिलाया और कहा कि इस मामले में जगदानंद सिंह को ही अब दखल देना चाहिए।

### सुधाकर के बयान पर जदयू ने दी चेतावनी

जदयू संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने तेजस्वी यादव को चेतावनी देते हुए कहा कि वह अपने विधायक को समझायें और बतायें कि राजनीति में भाषा की मर्यादा की बड़ी अहमियत होती है। वह उस शख्सियत को 'शिखंडी' कह रहें हैं, जिन्होंने बिहार को उस खौफनाक मंजर से मुक्ति दिलाने की 'मर्दानगी' दिखायी। वह भी तब, जब उसके खिलाफ कुछ भी बोलने के पहले लोग दायें-बायें झांक लेते थे। ऐसे बयानों से प्रदेश की लाखों-करोड़ों जनता और जदयू के कार्यकर्ताओं की भावना को चोट पहुंचती है। ऐसे बयानों पर जितनी जल्दी रोक लगे, महागठबंधन के लिए और शायद राजद के लिए भी उतना ही सही होगा।

उधर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी ने ट्वीट कर कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर अभद्र टिप्पणी करके सुधाकर सिंह ने साबित कर दिया है कि भले ही वह राजद में हों, लेकिन उनकी आत्मा आज भी उनके पुराने दल भाजपा के साथ ही है। ऐसे में राजद की जवाबदेही बनती है कि अविलंब सुधाकर सिंह पर कार्रवाई करे। यही गठबंधन धर्म का पालन होगा। इस तरह से राजद से लेकर महागठबंधन के सहयोगियों तक ने सुधाकर सिंह को लेकर सख्त रुख अपना रखा है, लेकिन सुधाकर सिंह अपने बयान पर कायम हैं और उपेंद्र कुशवाहा को उनके पुराने बयान की याद दिला रहे हैं।

### सुधाकर सिंह ने किया पलटवार

सुधाकर सिंह ने उपेंद्र कुशवाहा को याद दिलाया कि किस तरह से नीतीश कुमार ने उनका अपमान किया था। सुधाकर सिंह ने ट्वीट कर कहा कि मुझे ठीक ठीक याद है कि आपने नौ दिसंबर 2011 को नीतीश कुमार को तानाशाह और अलोकतांत्रिक बताते हुए जदयू से इस्तीफा दे दिया था। उस समय मुझे भी आपके इस वक्तव्य पर आश्चर्य हुआ था, पर आज दूरदर्शिता पर गर्व महसूस होता है। 2018-2019 में आपने नीतीश के कार्यकाल को बिहार का सबसे खराब दौर कहा था। उस समय शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा चुकी थी। आपकी नजर में नीतीश कुमार सरकार चलाने के लायक नहीं थे। चार वर्ष पहले आपके द्वारा आयोजित की गयी 'नीतीश हटाओ भविष्य बचाओ पदयात्रा' आज भी हमारे जैसे साधारण कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। वह जल्द पूरी होगी।

### चंद्रशेखर के बयान ने आग में घी डाला

इसी बीच इस तनाव में उस समय कुछ वृद्धि हो गयी, जब शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने रामचरित मानस को लेकर विवादित टिप्पणी कर दी। इससे न केवल जदयू, बल्कि राजद के कई नेता भी नाराज हो गये। सभी ने एक स्वर से चंद्रशेखर को पद से हटाने की मांग कर दी। राजद ने उन्हें नोटिस जरूर थमाया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी असहज महसूस करने लगे हैं।

### ट्रांसफर-पोस्टिंग के मुद्दे पर भी रार

इसी बीच राज्य में अधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर भी महागठबंधन में दरार पैदा हो गयी। बताया जाता है कि राजद नेताओं ने अपने चहेते अधिकारियों की सूची तेजस्वी को दी थी, लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उन सभी पदों पर जदयू नेताओं के चहेते अधिकारियों की पोस्टिंग कर दी। इतना ही नहीं, नव पदस्थापित अधिकारी अब राजद नेताओं को तरजीह नहीं दे रहे हैं। कहा जाता है कि तेजस्वी यादव इससे खासे नाराज हैं।

महागठबंधन के दो सबसे बड़े घटक दलों के बीच जारी इस तनातनी का परिणाम क्या निकलता है, यह तो समय बतायेगा, लेकिन इसका असर सामान्य प्रशासन पर दिखाई देने लगा है। अब हालत यह है कि सरकार के अंदर का समन्वय पूरी तरह बेपटरी हो चुका है। इस गाड़ी को दोबारा पटरी पर सीएम नीतीश और डिप्टी सीएम तेजस्वी कैसे लाते हैं, यह देखना काफी दिलचस्प होगा।

---

# आज से देवघर में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक

**दो दिवसीय बैठक में होगी समीक्षा और पास होंगे राजनीतिक प्रस्ताव**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** प्रदेश भाजपा कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक 23 और 24 जनवरी को देवघर में होगी। प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश की अध्यक्षता में होने वाली यह बैठक मैहर रिसॉर्ट, देवघर में आयोजित होनी है। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार किये जाने की सूचना है। साथ ही पिछली बैठक और उसके मुताबिक किये गये कार्यक्रमों और अन्य पहलुओं की समीक्षा भी होगी। 23 जनवरी को सुबह 10 बजे प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक शुरू होगी। दोपहर 2.30बजे कार्यसमिति का विधिवत उद्घाटन होगा। अगले दिन 24 जनवरी की दोपहर 12 बजे इसका समापन होगा। इसी दिन बैठक के समापन के पूर्व राजनीतिक प्रस्ताव भी पास किये जायेंगे। बैठक में विधायक दल के नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, प्रदेश प्रभारी एवं सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी सहित क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी और अन्य प्रमुख नेताओं का मार्गदर्शन पार्टी कार्यकर्ताओं को मिलेगा। उधर, प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को लेकर पार्टी के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह 21 जनवरी से देवघर में जमे हुए हैं। साथ ही प्रदेश महामंत्री और सांसद आदित्य साहू के अलावा बालमुकुंद सहाय, प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह, सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह समेत अन्य प्रमुख पदाधिकारी भी उनके साथ सारी व्यवस्थाओं को फाइनल करने में लगे ह।मैहर रिसॉर्ट में करीब 500 पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं के लिए जरूरी इंतजामों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पूरे देवघर शहर को बैठक के लिहाज से सजाया गया है।

# 10 दिनों से घर से गायब है गैंगरेप पीड़िता, मां ने पुलिस से लगायी गुहार

## पीड़िता को आज कोर्ट में दर्ज करवानी है गवाही

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा थाना क्षेत्र की बोदा पंचायत के लुकुइया गांव की रहने वाली एक नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता पिछले दस दिनों से घर से गायब है। नाबालिग के गायब होने से परिजन काफी परेशान और चिंतित हैं। गायब होने के संबंध में पीड़िता की मां ने स्थानीय थाना में आवेदन देकर बेटी की सकुशल बरामदगी की गुहार लगायी है। आवेदन में लड़की की मां ने बताया कि उसकी बेटी 12 जनवरी को अचानक घर से गायब हो गयी, जिसके बाद से घर वालों ने उसे अपने सभी परिजनों के यहां ढूंढ़ा पर कहीं उसका पता नहीं चल पाया।

**पीड़िता की मां को आशंका, आरोपियों ने करवाया गायब**

परिजनों ने आशंका जतायी है कि उसके साथ घिनौनी घटना को अंजाम देने वाले लोगों के सहयोगियों के द्वारा ही उसको गायब किया गया है, ताकि 23 जनवरी को वह कोर्ट में हाजिर नहीं हो पाये और अपना फर्द ब्यान दर्ज नहीं करा पाये। पीड़िता की मां ने बताया कि एक अनजान नंबर से उनके घर में फोन आया था। फोन करने वाले व्यक्ति ने कहा कि बेटी से बात कराओ। जब हम लोगों ने बेटी से उसकी बात नहीं करायी तो उसके द्वारा देख लेने की बात कहते हुए फोन काट दिया गया। फोन आने के बाद से ही मेरी बेटी गायब है। मामले में चंदवा थाना प्रभारी का कहना है कि आवेदन के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। बताते चलें कि बीते 11 मई 2022 को पीड़िता गांव में ही शादी समारोह में शामिल होने गयी थी, जहां से वह देर रात अपने घर लौटी थी। उसे घर में अकेला पाकर गांव के ही छह-सात लोग उसे उठा कर सुनसान स्थान पर ले गये और उसके साथ गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया था। पीड़िता ने जब इसकी जानकारी घरवालों को दी, तब उसकी मां के बयान पर चंदवा थाना में दुष्कर्मियों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। इसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने घटना में शामिल छह आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। उक्त मामले में कांड संख्या 46/22,376 (1) 376 डी ए 4/6 पोस्को एक्ट के तहत मामला न्यायालय में चल रहा है, जहां 23 जनवरी को पीड़ित युवती की गवाही दर्ज होनी है।

**थाना में गुमशुदा नाबालिग की मां ने आवेदन देकर बेटी की सकुशल बरामदगी की लगायी गुहार**

### दोस्तों के साथ शिवगंगा में स्नान करने पहुंचा युवक डूबा, दूसरे ने पोल पकड़ कर बचायी जान

**देवघर।** शिवगंगा तालाब में रविवार को स्नान करने पहुंचा एक युवक डूब गया। अधिक गहराई होने के कारण युवक का शव नहीं मिल सका है। वहीं एक अन्य युवक को लोगों ने डूबने से बचा लिया। जानकारी के अनुसार बिहार के लखीसराय जिले के अभयगंज थाना क्षेत्र के भिंडीबाजार के कसबा टोला निवासी जयशंकर कुमार और गौरव कुमार देवघर भुरभुरा मोड़ के पास रहने वाले अपने एक दोस्त के यहां आये थे। अपने दोस्त के साथ तीनों शिवगंगा तालाब में स्नान करने गये थे। वहां तीनों ने पानी में छलांग लगा दी, लेकिन कुछ दूर जाने के बाद एक दोस्त की सांस फूलने लगी। वह वापस किनारे पर किसी तरह लौट आया। जयशंकर और गौरव पानी में आगे बढ़ गये, लेकिन आधा रास्ता जाने के कारण दोनों को लगा कि वे डूब जायेंगे। जयशंकर ने हड़बड़ा कर पानी में मौजूद एक पोल को पकड़ लिया। हालांकि, गौरव डूब गया।

# झारखंड के सबसे पुराना वाशिंदा सदानः राजेंद्र प्रसाद

## सदानी झंडा का हुआ लोकार्पण, सदानों की आस्था और पहचान का प्रतीक है सदानी झंडा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** होटल ग्रैंड ओकेजन, कोकर में मूलवासी सदान मोर्चा का रविवार को महजुटान हुआ। वीर शहीदों को नमन करते हुए मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने सभी सदानों का अभिनंदन करते हुए बताया कि सदान झारखंड के प्राचीन वाशिंदा हैं। सदानी झंडा, सदानों की आस्था और पहचान का प्रतीक है। सदानी झंडा की विशेषताओं का वर्णन करते हुए बताया कि झंडा में तीन रंगों में यथा लाल, पीला, हरा का प्रयोग किया गया है। झंडे के मध्यवर्ती भाग में उगते हुए सूरज एवं नीले रंग से मूलवासी सदान शब्द लिखा हुआ है, जिसमें लाल रंग शौर्य एवं विजय का प्रतीक है, पीला रंग आत्मविश्वास एवं आशावादी का प्रतीक है तथा हरा रंग प्राकृतिक हरियाली एवं खुशहाली का प्रतीक है। नीला रंग धैर्य एवं सहनशीलता का प्रतीक है, जबकि उगता हुआ सूर्य निरंतर प्रगतिशीलता का प्रतीक है। इस प्रकार ये सभी रंग सदानों के रहन सहन, जीवन शैली, सभ्यता एवं संस्कृति को प्रदर्शित करते हैं।

मोर्चा अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने झंडा के महत्व और रंगों के संदर्भ में उल्लेख करते हुए बताया कि सदानी झंडा को प्रत्येक गांव-शहर के हर घर में लगाया जायेगा। सदानों के हर रंग के संदर्भ में उन्होंने विस्तृत जानकारी दी। बैठक में मंच संचालन करते हुए डॉ सुदेश साहू ने बताया कि झारखंड में सदानों का देश की स्वतंत्रता तथा राज्य के नवनिर्माण में बहुत योगदान है। झारखंड में सदान प्राचीन काल से ही निवासी हैं। इस अवसर पर प्रसिद्ध गायक और संस्कृतिकर्मी क्षितिश कुमार राय ने कहा कि आज सरकार उन तमाम सदानों के योगदान को भूल गयी, सरकार की नीयत और नियति के कारण सदानों की पहचान मिटती जा रही है। डॉ उमेश नंद तिवारी ने बताया कि सदानी झंडा, अभिमान और स्वाभिमान का प्रतीक है। किशोर गौंझु ने कहा कि इस झंडे को राज्य के सदान घर घर लगायेंगे। अरुण साहू गोड्डा ने कहा कि अब सदान किसी दूसरे दल के झंडे को नहीं ढोयेंगे। साहित्यकार डॉ शकुंतला मिश्र ने आज के दिन को सदानी झंडा दिवस के रूप में प्रत्येक वर्ष मनाने की बात कही। आज के कार्यक्रम में चाइना पाकिस्तान में शहीद छेदी साहू के परिवारों को मूलवासी सदान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा पहला सदानी झंडा दिया गया। कार्यक्रम में दुमका, गोड्डा, जामताड़ा, देवघर, गढ़वा, डालटनगंज, खूंटी, बोकारो, गिरिडीह, लोहरदगा, टाटा, रांची, हजारीबाग, लातेहार इत्यादि जगहों से प्रतिनिधि सम्मिलित थे। कार्यक्रम में डॉ राम प्रसाद, डॉ. सुदेश कुमार साहू, डॉ. उमेश नंद तिवारी, डॉ शकुंतला मिश्रा, क्षितिश कुमार राय, डॉ संजय कुमार सारंगी, विक्रम कुमार, तपेश्वर मिश्र, गढ़वा से आनंद दुबे, अमर साहू, विशाल कुमार, अनंत दुबे, महेंद्र प्रसाद गुप्ता, रामेश्वर साहू, हरीश ठाकुर, अमन अहमद, नीलम देवी, अशोक कुमार, नंदकिशोर राम, प्रो.अमर कुमार, अमित कुमार मंडल, पीतांबर पैईक, रवि प्रसाद, चंदन प्रसाद, बबलू साहू दिलीप मिश्र, हेमंत कोइरी सहित सैकड़ों प्रतिनिधि शामिल थे।

# नक्सलियों के बंद का आंशिक असर, नहीं चलीं लंबी दूरी की कुछ बसें

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** इनामी नक्सली कृष्णा हांसदा और अन्य की गिरफ्तारी और कथित तौर पर शारीरिक यातना देने के विरोध में नक्सलियों के झारखंड बंद का जिले में आंशिक असर है। बाजार खुले हैं। वहीं निजी वाहनों की आवाजाही हो रही है, वहीं लंबी दूरी की कुछ बसें प्रभावित हैं।

बता दें कि नक्सलियों की 24 घंटे की बंदी शनिवार आधी रात से शुरू हुई है। रविवार शाम तक कहीं से अप्रिय वारदात की सूचना नहीं मिली थी। पीरटांड़, डुमरी, तिसरी आदि प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस गश्त कर रही है। नक्सलियों की गतिविधियों पर नजर रखते हुए पुलिस हाइवे आदि क्षेत्रों में सघन पेट्रोलिंग भी कर रही है। वहीं बंद के कारण स्थानीय बस पड़ाव से रांची, हजारीबाग, जमुई आदि लंबी दूरी की बसें नहीं खुलीं। तिसरी प्रखंड में नक्सली बंद का कोई असर नहीं है। सामान्य रूप से बस और छोटी-बड़ी गाड़ियां चल रही हैं। बाजार खुला हुआ है। जगह-जगह पुलिस तैनात है। डुमरी और निमियाघाट पुलिस भी अलर्ट है। एसपी अमित रेणु ने सभी थानों और पुलिस पदाधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया है। एनएच 19 पर माल वाहक वाहनों का आवागमन हो रहा है। हर दिन की भांति बाजार और दुकानें खुली हैं। रेलवे स्टेशन और रेलवे ट्रैक पर चौकसी बरती जा रही है। बंद के मद्देनजर पुलिस और सीआरपीएफ के जवान उग्रवाद प्रभावित इलाकों में सर्च अभियान चला रहे हैं। देवरी, गावां, बेंगाबाद, पीरटांड़ प्रखंड में नक्सली बंद का मिलाजुला असर है।

www.epaper.azadsipahi.in

23 जनवरी, 2023
माघ, शुक्ल पक्ष, द्वितीया
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 96

उसरी चट्टी कांड
21 साल बाद माफिया मुख्तार अंसारी पर हत्या का मुकदमा दर्ज









### कोयलांचल एक बार फिर हुआ रक्तरंजित

# कोयला कारोबारी की गोली मार कर हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद/कतरास।** कोयलांचल की काली धरती रविवार को एक बार फिर रक्तरंजित हो गयी। कतरास थाना अंतर्गत छताबाद कैलूडीह में कतरास-भटमुरना मुख्य मार्ग पर बाइक सवार अपराधियों ने कैलूडीह निवासी कोयला व्यवसायी मनोज यादव को दिनदहाड़े गोली मार दी। इसके बाद अपराधी आराम से भाग निकले। वहीं, घटना के बाद परिजन और स्थानीय लोग मिल कर गंभीर रूप से घायल मनोज को निचितपुर अस्पताल ले गये, जहां से बेहतर इलाज के लिए उन्हें धनबाद रेफर कर दिया। वहां रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी।

उधर, घटना की सूचना जंगल में आग की तरह पूरे क्षेत्र में फैल गयी और सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग घटनास्थल पर जुट गये। खबर पाकर कतरास पुलिस मौके पर पहुंच जांच में जुट गयी है। परिजनों द्वारा शव वापस लेकर पहुंचते ही पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भेज दिया।

**मनोज कुछ माह पूर्व खुद कर रहा था कोयले के अवैध कारोबार का संचालन :** घटना के बाद लोग इस हत्याकांड को कोयला के अवैध धंधे पर वर्चस्व से जोड़ कर देख रहे हैं। लोगों का कहना है कि मनोज पिछले कई वर्षों से कोयले के अवैध कारोबार से जुड़ा हुआ था और वह किसी बड़े तस्कर के लिए काम किया करता था, पर कुछ महीने पहले अलग होकर उसने खुद का अवैध कारोबार चालू किया था। इसके बाद से वह लोगों की नजर में चढ़ा हुआ था। नाम नहीं छापने की शर्त पर स्थानीय एक व्यक्ति ने बताया कि मनोज अपने आवासीय क्षेत्र कैलूडीह में ही अवैध माइंस का संचालन कर रहा था और कुछ दिनों में ही कोयला तस्करी के लिए काफी चर्चित हो गया था।



## पत्र जारी कर कुख्यात प्रिंस के गुर्गे ने ली घटना की जिम्मेदारी

मनोज को शूटरों द्वारा गोली मारे जाने के थोड़ी देर बाद ही प्रिंस खान के शूटर मेजर के नाम से घटना की जिम्मेदारी लेते हुए एक पत्र सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। किसी बच्चे की हैंडराइटिंग में लिखे पत्र के वाक्य इस प्रकार हैं। हम छोटे सरकार के शूटर मेजर मनोज यादव के साथ जो घटना हुई है, इसकी जिम्मेदारी लेता हूं। छोटे सरकार लिस्ट बनाये हैं। जिस जिस से भी पैसा मांगे हैं, दे दो, वरना यही अंजाम होगा। केनोडिया इसके बाद तुम्हारा ही नंबर है। व्हाट्सअप ऑन करके छोटे सरकार से बात कर लो। पत्र में शायरी भरे लफ़्जे में लिखा गया है कि अब धनबाद में वही बड़ा होगा, जो छोटे सरकार के साथ खड़ा होगा, वरना किसी चौराहे पर पड़ा होगा, अब धमकी का वक़्त खत्म, अब एक्शन शुरू। हम असली मेजर हैं।

**मृतक के साले को जान से मारने की धमकी, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल :** घटना के कुछ देर बाद मनोज यादव के साले को फोन कर धमकी मिली। धमकी देने वाले ने उसे कहा कि तुम मनोज के साले हो न, तुम्हे 36 गोली मारेंगे। वहीं घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के दो पुत्र और तीन पुत्री हैं।

**परिजनों का आरोप : पास के ही दुकान संचालक ने फोन कर मनोज को बुलाया था :** मनोज को गोली लगने के बाद परिजनों ने पास के ही दुकान संचालक जहांआरा के घर में घुस कर मारपीट शुरू कर दी। परिजनों का आरोप था कि जहांआरा की बेटी चाहत ने ही मनोज को फोन कर घर से बुलाया था। चाहत के अनुसार उसने मनोज को 11:30 में सामान देने के लिए घर से बुलाया था। इसके बाद मनोज उसकी दुकान में सिगरेट पीकर गुटखा खा रहा था, तभी दो बाइक पर सवार होकर चेहरे में गमछा बांधे चार अपराधी पहुंचे उनमें से एक बाइक थोड़ी देर वहीं रुकी रही, जबकि दूसरी बाइक पर सवार दो लोग मनोज के नजदीक सटे और गोलियां चला दी। कतरास पुलिस ने जहांआरा और उसकी सास सारो, बेटी चाहत परवीन, जीनत परवीन, सिद्दीक आलम को पूछताछ के लिए थाने लायी है। हत्या को लव एंगल से भी जोड़ कर देखा जा रहा है।

### मांडर में कांग्रेस के युवा नेता सन्नी टोप्पो ने हजारों समर्थकों के साथ ली भाजपा की सदस्यता

# इस सरकार को एक मिनट भी सत्ता में बने रहने का नैतिक हक नहीं है : दीपक प्रकाश

### हेमंत सरकार से लोग पूरी तरह नाउम्मीद, आम लोगों की निगाहें भाजपा की तरफ : बाबूलाल

- काफी संख्या में जुटे थे सन्नी के समर्थक

आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडर/चान्हो।** रांची के मांडर स्थित सोसई आश्रम में रविवार को आयोजित मिलन समारोह में कांग्रेस के युवा नेता सन्नी टोप्पो ने अपने हजारों समर्थकों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीति से प्रेरित होकर भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। इस मिलन समारोह में प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश और भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी मुख्य रूप से उपस्थित थे। भाजपा नेताओं ने सन्नी टोप्पो का भाजपा परिवार में स्वागत करते हुए इनके आने से पार्टी को मजबूती मिलने की बात कही।

दीपक प्रकाश ने कहा कि इस कार्यक्रम में उपस्थित भीड़ ने साबित कर दिया कि झारखंड में परिवर्तन की लहर चल रही है। इस सरकार को सत्ता में एक मिनट भी रहने का हक नहीं है। पांच लाख युवाओं को नौकरी, नौकरी नहीं तो बेरोजगारी भत्ता सहित मुंगेरीलाल के कई हसीन सपने दिखा कर यह सरकार सत्ता में आयी। बेरोजगारी भत्ता नहीं तो राजनीति से हेमंत सोरेन ने संन्यास लेने की बात कही थी। राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए दीपक प्रकाश ने कहा कि भारत की यह पहली राज्य सरकार है, जहां नियोजन नीति नहीं है। प्रदेश जंगलराज की तरफ बढ़ रहा है। कानून व्यवस्था ठप है। महिलाओं के साथ तीन वर्ष में 4800 से अधिक बलात्कार की घटना घटी है। जिन बलात्कारियों को फांसी होनी चाहिए, वैसे अपराधियों को संरक्षण मिल रहा है। अवैध खनन से पूरा प्रदेश त्रस्त है। इसमें शामिल लोग जेल में बंद हैं और उनके रिश्ते भी जगजाहिर हैं। बिहार का रहने वाला और झारखंड को लूटने वाला कौन है पंकज मिश्रा? पंकज मिश्रा से सीएम के क्या रिश्ते हैं, यह उन्हें स्पष्ट करना चाहिए। राज्य का बालू, कोयला, लोहा तो लूट ही लिया गया। मांडर विधानसभा में आदिवासियों की जमीन भी उनके परिवार वालों ने लूटने का काम किया है। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर, सांसद सुदर्शन भगत, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी राहुल अवस्थी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह, ग्रामीण जिला प्रभारी विनोद सिंह, ग्रामीण जिला के अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, महामंत्री प्रीतम साहू, करमा उरांव, विनय सिंह सहित प्रदेश एवं जिला के प्रमुख नेता के अलावा हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।



## हेमंत सोरेन की सरकार को जनता उखाड़ फेंकेगी : मरांडी

भाजपा विधायक दल के नेता और झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री रहे बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री की नीतियों से प्रेरित होकर युवा नेता सन्नी टोप्पो ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। ये युवा और ऊर्जावान नेता हैं। निश्चित रूप से उनके आने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। श्री मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने झारखंड को बर्बाद करके छोड़ दिया है। हेमंत सरकार अपनी और अपने लोगों की तिजोरी भरने में व्यस्त है। राज्य अराजकता की राह पर है। अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। खनिज संपदाओं की लूट-खसोट में पूरी सरकार प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से जुटी है। आम जनता त्राहिमाम कर रही है। हेमंत सरकार से लोग नाउम्मीद हो चुके हैं। लोग भाजपा की तरफ आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं। यह जनता को गुमराह करने वाली सरकार है। इस सरकार को जनता उखाड़ फेंकेगी।

## कांग्रेस में नहीं मिल रहा था मान-सम्मान : सन्नी टोप्पो

मौके पर सन्नी टोप्पो ने कहा कि अब कांग्रेस पहले वाली कांग्रेस नहीं रह गयी। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर पूरे संगठन को तोड़ने में लगे हैं। बंधु तिर्की अपना राज कांग्रेस पार्टी पर चलाना चाहते हैं। कार्यकर्ताओं का मनोबल टूट गया है। उन्होंने कहा कि मांडर विधानसभा क्षेत्र में अब वोट की राजनीति नहीं चलेगी। कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की का रवैया उनके प्रति अच्छा नहीं है। उन्होंने कहा कि मांडर की जनता जागरूक हो चुकी है। वह अब किसी के बहकावे में आने वाली नहीं है। जनता को विकास चाहिए, जो नरेंद्र मोदी सरकार और उनके नेतृत्व में पूरा हो सकता है। 2024 में नरेंद्र मोदी को पुन: पीएम बनाना है और लूट-खसोट में लिप्त वर्तमान झारखंड सरकार को भी उखाड़ फेंकने का काम यहां की जनता करेगी।

# महिला अपने दो बच्चों के साथ फंदे से लटक गयी

### दस वर्षीय बच्चे ने मां-भाई के शवों के साथ गुजारी रात, सुबह दी पड़ोसियों को जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**पलामू।** पलामू में एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आयी है। एक महिला अपने दो बच्चों के साथ फंदे से लटक गयी, जिसमें महिला और आठ साल के एक बच्चे की मौत हो गयी। वहीं, 10 साल का बड़ा लड़का किसी तरह फंदा खोल कर अपनी जान बचा पाया। घटना बीती रात मनातू थाना क्षेत्र के रंगिया गांव की है। घटना के बारे में सुबह तब पता चला, जब बच्चे ने आस-पड़ोस में इसकी सूचना दी। ग्रामीणों ने पुलिस को फोन किया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


गांव के विकास दास की पत्नी शांति देवी (38) ने बीती रात घर के खपड़ैल में सामान रखने के लिए लगाये गये बांस में साड़ी का तीन फंदा बनाया और बच्चों से कहा, आओ झूला झूलते हैं। महिला ने पहले एक-एक कर दोनों बच्चों को फंदे से लटका दिया, उसके बाद खुद भी फंदा गले में डाल कर लटक गयी। इस दौरान 10 वर्षीय छोटू ने किसी तरह फंदा खोल कर अपनी जान बचा ली। वहीं, मां और आठ वर्षीय कुणाल की मौत हो गयी।

**सुबह हुई, तब छोटू ने पड़ोसियों को दी जानकारी :** छोटू ने खुद फंदे से बाहर निकलने के बाद मां और भाई के फंदे को काट कर उन्हें नीचे उतारा, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। दोनों की मौत हो गयी थी। उसके बाद रात भर छोटू मां और भाई के शव के साथ कमरे में ही रहा। सुबह होने पर उसने घर से थोड़ी दूरी पर रहने वाले एक रिश्तेदार को सूचना दी। इसके बाद उसके घर पर लोगों की भीड़ लग गयी। उसी में से किसी ने पुलिस को सूचना दी।

**पुलिस ने पति को फोन कर बुलाया :** मनातू थाना प्रभारी कमलेश कुमार ने बताया कि रंगिया गांव में एक महिला और उसके बेटे की मौत का मामला सामने आया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि पति की दूसरी शादी के बाद से महिला काफी तनाव में थी। पति से तू तू-मैं मैं होती रहती थी। पति को फोन कर घटना की सूचना दी गयी है। उसे यहां बुलाया गया है। नियम संगत मामला दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी।

## पति की दूसरी शादी से तनाव में थी शांति

बताया जा रहा है कि महिला के पति विकास दास ने करीब एक साल पहले दूसरी शादी कर ली थी और दूसरी पत्नी के साथ कहीं बाहर रहता है। शांति व उसके बच्चों पर ध्यान नहीं दे रहा था। ऐसे में शांति के लिए दो बच्चों की परवरिश पहाड़ जैसी हो गयी थी। पति की दूसरी शादी के बाद से वह काफी तनाव में रह रही थी। विकास कुछ दिन के लिए दूसरी पत्नी को भी गांव लाया था। यहां दोनों महिलाओं में काफी नोकझोंक होती रहती थी। उसके बाद वह दूसरी पत्नी के साथ बाहर चला गया। फोन पर शांति और विकास में अक्सर कहासुनी होती थी।




### सुप्रीम कोर्ट के फैसलों की कॉपी हिंदी समेत देश की अन्य भाषाओं में

# सिस्टम की खामियां ढंकें नहीं, सामने लायें : चीफ जस्टिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** चीफ जस्टिस ने कहा था कि जल्द ही सुप्रीम कोर्ट के फैसलों की कॉपी हिंदी समेत देश की अन्य भाषाओं में मिलने लगेंगी। मुंबई में काउंसिल ऑफ महाराष्ट्र एंड गोवा के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे चीफ जस्टिस ने कोर्ट के फैसलों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए दूसरी भाषाओं में ट्रांसलेट करने के संकेत दिये थे। उन्होंने कहा कि इससे गांवों में रहने वाले लोगों को उनकी भाषा में फैसलों की जानकारी आसानी से मिल सकेगी। उन्होंने पहले कहा था- कोर्ट पेपरलेस हो, यह मेरा मिशन है। चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि हमें अपने सिस्टम की खामियों को ढंकने की जरूरत नहीं है। हमें इसे सामने लाकर इसकी मरम्मत करने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने कोर्ट से जुड़ी सूचनाएं मिलने में आने वाली परेशानियां दूर करने के लिए तकनीक के इस्तेमाल पर जोर दिया। चीफ जस्टिस ने कोर्ट की कार्यवाही की लाइव-स्ट्रीमिंग पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि कानून में रुचि रखने वाले टीचर्स और स्टूडेंट्स लाइव-स्ट्रीमिंग के जरिए कोई भी केस देख सकते हैं, उसे समझ सकते हैं और उस पर चर्चा कर सकते हैं। जब आप लाइव किसी मुद्दे पर चर्चा करते हैं, तो पता चलता है कि समाज में कितना अन्याय हो रहा है।



**अदालती सिस्टम लोगों के लिए, यह उनसे ऊपर नहीं :** चीफ जस्टिस ने कहा कि देश का अदालती सिस्टम लोगों के लिए बनाया गया है और सिस्टम व्यक्ति के ऊपर नहीं हो सकता है।

**न्यूज-व्यूज चैनल की शुरुआत की :** जस्टिस चंद्रचूड ने काउंसिल ऑफ महाराष्ट्र एंड गोवा के न्यूज-व्यूज चैनल की भी शुरुआत की। न्यूज-व्यूज देश का पहला बार काउंसिल न्यूज चैनल है। उन्होंने युवा वकीलों के लिए काउंसिल ऑफ महाराष्ट्र एंड गोवा की तरफ से तैयार सिविल और क्रिमिनल प्रैक्टिस हैंडबुक का भी विमोचन किया। 50 हजार युवा वकीलों को इस हैंडबुक की कॉपी फ्री में उपलब्ध करायी जायेगी।

## मोदी ने तारीफ की



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीफ जस्टिस डीवाइ चंद्रचूड़ की सराहना की है। पीएम मोदी ने कहा कि जस्टिस डीवाइ चंद्रचूड़ का बहुत अच्छा विचार है, जिससे खासतौर पर युवाओं समेत कई लोगों को मदद मिलेगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल

188100 Subscribers

VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+

Watch Time (HR) 11 Lakh+

YouTube Channel

Subscribe NOW

1st Channel


## कार्यक्रम : तमाड़ राजवाटी परिसर में तमाड़ विद्रोह गौरव मेला का आयोजन

# तमाड़ विद्रोह के नायकों की गाथा सामने लाने का संकल्पः महेंद्रनाथ शाहदेव

### ■ तमाड़ की मिट्टी के कण-कण में देश के प्रति त्याग और तपस्या का प्रमाण मिलता हैः हरिनारायण सिंह

### ■ तमाड़ की धरती शहीदों की धरती है, इसे सलाम है : मधु मंसूरी हंसमुख

स्वरूप भट्टाचार्य

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** रविवार को तमाड़ राजवाटी परिसर में तमाड़ विद्रोह गौरव मेला का आयोजन किया गया। उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड रत्न एवं पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित मधु मंसूरी हंसमुख और मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह शामिल हुए। विषय प्रवेश कराते हुए तमाड़ राजा कुमार महेंद्रनाथ शाहदेव ने कहा कि तमाड़ विद्रोह के नायकों के साथ न्याय नहीं हुआ है। जिस सम्मान और आदर के वे हकदार थे, वह उन्हें नहीं मिला। उन्होंने कहा कि उन्हें आदर और सम्मान दिलाने के लिए वह अपने कर्तव्य का निर्वहन करते रहेंगे।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह ने कहा कि अंग्रेजों के खिलाफ तमाड़ विद्रोह 1782 ई में शुरू हुआ था। यह लड़ाई शोषकों के खिलाफ सबसे बड़ी लड़ाई थी, जिसके नेतृत्व कर्ता तमाड़ राजा ठाकुर भोला नाथ सिंह, प्रमुख सहयोगी ठाकुर शिवनाथ सिंह सिल्ली, ठाकुर विश्वनाथ सिंह बिशुनपुर, ठाकुर हीरा नाथ सिंह और रामसाय मुंडा की अगुवाई में तमाड़ विद्रोह 1782 से 1821 ई तक 39 वर्षों तक चलता रहा, लेकिन इतिहास के पन्नों में ही यह लड़ाई दफन हो गयी। आज तमाड़ के लोग इन वीर शहीदों को अपनी




श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। यह कितनी विडंबना है कि इतनी बड़ी लड़ाई के बावजूद तमाड़ गढ़ को आज तक स्वतंत्रता सेनानी का हक नहीं मिला। एक साजिश के तहत तमाड़ गढ़ के पन्ने को जमींदोज कर दिया गया। तमाड़ की माटी हर समय वीरों और शहीदों के खून से लाल हुई है। रड़गांव जो पहले रण गांव के नाम से प्रसिद्ध था। वहां अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी गयी थी और रंगामाटी ( लालमाटी) में हजारों लोग शहीद हुए थे। तमाड़ विद्रोह ने जब अंग्रेज हुकूमत को हिला दिया, तब जाकर राजा गढ़ के नेतृत्व में विजयगिरी ( तमाड़) नामक ऊंची जगह पर झंडा गाड़ कर जीत का संकल्प लिया गया। इसलिए तमाड़ की माटी वीर शहीदों, सपूतों की माटी है। इसलिए अभी भी यहां के लोगों के रग-रग में जोश और जुनून का संचार होता है। यहां के लोग








कुलदेवी, इष्ट देवता, कुलदेवता की पूजा करते हैं। वे शहीदों की भी पूजा करें। हमारे पूर्वजों के कारण अस्तित्व बचा है। आज हमें संकल्प लेना है शहीदों को सम्मान दिलाने का। इसी को लेकर तमाड़ विद्रोह के नाम से एक कमेटी बना कर फिर से एकजुट होने का आवाह्न किया गया।

इसी कड़ी में मुख्य अतिथि पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख ने क्रांतिकारी गीत गाकर लोगों में जोश भरा। उन्होंने कहा कि तमाड़ राजा के नेतृत्व में अंग्रेजों के खिलाफ जो लड़ाई लड़ी गयी थी, उस लड़ाई के बाद ही देश आजाद होने के लिए तत्पर होता गया। उन्होंने कहा कि लोकगीतों में भी तमाड़ विद्रोह का जिक्र है, जो सत्य पर आधारित है। उन्होंने कहा कि राजा के काल में इतनी चोरी, डकैती नहीं होती थी। पहले सब कुछ ठीक था। तमाड़ धरती शहीदों की धरती है। इसे मैं सलाम करता हूं। इस अवसर पर तमाड़ राजा कुमार महेंद्र नाथ शाहदेव ने तमाड़ विद्रोह पर पूरा प्रकाश डाला और भविष्य में इस तरह के कार्यक्रम को आयोजित करने की बात कही।

इस अवसर पर तमाड़ राजा सत्येंद्र शाहदेव, कैलाश सेठ, अजीत सेठ, गोलक दास अधिकारी, उमेश नायक, विमल पातर, दिलीप सेठ सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों का स्वागत परंपरा के अनुसार किया गया। इसमें काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के दूसरे चरण में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर वहां भव्य मेले का भी आयोजन किया गया था, जिसमें आसपास के ग्रामीण उमड़ पड़े थे।

## जातिगत आधार पर जनगणना बहुत जरूरी : बंधु



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि झारखंड में भी बिहार की तरह ही जातिगत आधार पर शीघ्र ही जनगणना शुरू होनी चाहिए, क्योंकि यह समय की मांग है। श्री तिर्की ने कहा कि जातिगत आधार पर जनगणना नहीं होने के कारण झारखंड में जनजातीय समुदाय की वैसी बड़ी आबादी है जिसे न तो सरकार के आरक्षण नियमों का फायदा मिल पा रहा है न ही अनेक लाभकारी योजनाओं का। उन्होंने कहा कि यदि जातिगत आधार पर जनगणना शुरू नहीं होगी तब समाज की वास्तविक जरूरतों के अनुरूप आरक्षण नियमों का वास्तविक अर्थों में जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन करना मुश्किल है। श्री तिर्की ने कहा कि बिहार में जातिगत आधार पर जनगणना के विरुद्ध सर्वोच्च न्यायालय में कुछ लोगों द्वारा दायर याचिका के संदर्भ में माननीय न्यायाधीशों द्वारा कही गयी बातें इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि आज के संदर्भ में जातिगत जनगणना समय की मांग है और यह सामाजिक स्तर की वैसी जरूरत है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### डिफेंस एकेडमी के छात्रों का एनडीए में चयन

रांची (आजाद सिपाही)। डिफेंस अकेडमी, कडरू, रांची के 4 छात्रों को चयन एनडीए में तथा 3 छात्रों का चयन सीडीएस परीक्षा में हुआ है। चयन छात्रों में मुकुल, सागर, प्रबल, नरेंद्र, अनिल, राकेश तथा अक्षर प्रमुख हैं। सफल छात्रों ने एनडीए तथा सीडीएस की लिखित परीक्षा के साथ-साथ एसएसबी साक्षात्कार की भी तैयारी की थी। डिफेंस अकेडमी, कडरू, रांची के निदेशक विनोद कुमार, वायु सेना सेवानिवृत्त ने बधाई दी। रक्षा सेवा में करियर संबंधित निःशुल्क जानकारी 9934155587 पर भी ली जा सकती है।

### डीएवी हेहल के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन



रांची (आजाद सिपाही)। चिन्मय मिशन, रांची के द्वारा आयोजित नगर स्तरीय गीता गायन प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, रांची के आर्यन कश्यप कक्षा यूकेजी, आदित्य पुंज, कक्षा-यू के जी, वरेण्यं आर्य कक्षा-पहली, योग्यता मिश्रा कक्षा-दूसरी, सृष्टि मिश्रा कक्षा-छठवीं, राजश्री पांडेय-कक्षा सातवीं, हर्षित कक्षा-आठवीं एवं ऋषिका चौधरी कक्षा दसवीं ने अपने-अपने वर्ग में बेहतर प्रदर्शन कर अपने विद्यालय एवं परिवार का नाम रौशन किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के वाइस चेयरमैन प्रेम प्रकाश आर्य एवं प्राचार्य एमके सिन्हा ने बधाई दी। प्रेम प्रकाश आर्य ने कहा कि गीता से बच्चे जीवन जीने की कला सीखते हैं तथा उनमें संस्कार विकसित होते हैं। मैं सभी विजयी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हूं।

### सलोनी के तीस वर्ष पूरे होने पर डीलर मीट का आयोजन




रांची (आजाद सिपाही)। सरसो तेल बेचने वाली प्रतिष्ठित कंपनी सलोनी ने रविवार को रांची के बीएन आर चाणक्य में डीलर मीट का आयोजन किया। सलोनी सरसो तेल कंपनी के तीस वर्ष पूरे होने पर यह मीट रखा गया। इसमें राज्य के रांची, रामगढ़, हजारीबाग, गढ़वा, पलामू आदि जिलों से करीब 300 कंपनी के अधिकृत विक्रेता शामिल हुए। इस मौके पर सलोनी के निदेशक दिनेश राठौर, महेश राठौर और आदित्य राठौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कंपनी के निदेशकों व अन्य पदाधिकारियों ने डीलरों की बातों को सुना। मालूम हो कि इस कंपनी की शुरूआत रांची से 1990 ई को हुई। इसके संस्थापक स्व राम बाबू राठौर और स्व शिव कुमार राठौर थे। इस कंपनी का पहला डिपो रांची में 1996 ई को खुला। झारखंड के हर एक जिले में इस कंपनी का डिपो है। इस मौके पर एएसएम संजय शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

### संत गाडगे संस्थान का वनभोज सह मिलन समारोह

रांची (आजाद सिपाही)। संत गाडगे संस्थान, रांची के तत्वावधान में रविवार को वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन जगन्नाथपुर मंदिर स्थित धुर्वा के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम में झारखंड के कई जिलों से संत गाडगे परिवार के लोग शामिल हुए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष मदन लाल दास ने किया। कार्यक्रम में कार्यकारी अध्यक्ष केदार प्रसाद तथा सचिव रतन राम की भी मौजूदगी रही। संत गाडगे पारिवारिक मिलन सह वनभोज में बच्चों, और महिलाओं के बीच खेल-खुद व नृत्य संगीत का आयोजन किया गया। इसमें सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण गणमान्य सदस्यों द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के कार्यकारिणी पदाधिकारी, सदस्य तथा अतिथियों का योगदान रहा। इसमें राजेंद्र रजक, टुन्ना रजक, रामप्रवेश रजक, शंकर रजक, डा. अरविंद कुमार, शिवजी राम, कमलेश रजक, सुनील रजक मोती रजक, मुसाफिर रजक, संतोष रजक तथा संस्था के सदस्य उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाने अपना योगदान दिया।

### मुक्ति संस्था ने किया सामूहिक दाह संस्कार



रांची (आजाद सिपाही)। मुक्ति संस्था ने रविवार को जुमार नदी के तट पर 43 लावारिस शवों का सामूहिक रूप से अंतिम संस्कार किया। जुमार नदी के तट पर सामूहिक चिता सजाकर विधि-विधान से दाह संस्कार किया गया। संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने मुखाग्नि दी। उन्होंने कहा कि मुक्ति संस्था ने अबतक कुल 1492 लावारिश शवों का अंतिम संस्कार किया है। इस मौके पर रवि अग्रवाल, आशीष भाटिया, राहुल चौधरी, आर के गांधी, गौरी शंकर शर्मा, शिवशंकर शर्मा, सुमित अग्रवाल, हरीश नागपाल, केवल किशोर, संदीप पपनेजा, पंकज खिरवाल, संदीप कुमार, सुनील अग्रवाल, आदित्य राजगढ़िया, राजेश विजयवर्गीय, राहुल चौधरी, अमित अग्रवाल, नीरज खेतान, राहुल जायसवाल, नवीन गाड़ोदिया, नरेश प्रसाद और मनोज पाठक सहित अन्य उपस्थित थे।

# गोल प्रतिभा खोज की मुख्य परीक्षा में शामिल हुए 8000 से अधिक छात्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गोल इंस्टीट्यूट द्वारा बिहार, झारखंड, ओड़िशा, वेस्ट बंगाल और छत्तीसगढ़ के छठी से लेकर 12वीं तक पढ़ाई कर रहे छात्रों के टैलेंट को जांच कर उसे निखारने का काम कर रहे गोल प्रतिभा खोज परीक्षा का मुख्य एग्जाम रविवार को जोन हेडक्वार्टर में लिया गया।



गोल प्रतिभा खोज परीक्षा के महत्व को बताते हुए गोल इंस्टीट्यूट के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर विपिन सिंह बताते हैं कि पिछले 12 वर्षों से आयोजित की जा रही इस परीक्षा के माध्यम से अब तक सैकड़ों छात्रों के प्रतिभा को प्रोत्साहन एवं मार्गदर्शन के माध्यम से निखारते हुए मेडिकल, इंजीनियरिंग, सिविल सर्विसेज एवं कई अन्य प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करने में सहयोग दिया गया है। जिसके कारण छात्र प्रत्येक वर्ष टॉप मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज एवं सिविल सर्विसेज में सफलता के परचम लहराये हैं। असिस्टेंट डायरेक्टर रंजय सिंह ने कहा कि मुख्य परीक्षा में 8600 छात्रों को चयनित किया गया। जिसे अलग अलग जोन हेडक्वार्टर में लिया गया। मुख्य परीक्षा में चयनित हुए छात्रों को सेमिनार के माध्यम से मेडल, सर्टीफिकेट के साथ-साथ अच्छे रैंक लाने पर लैपटॉप, टैब एवं अन्य पुरस्कार दिये जायेंगे साथ ही गोल के द्वारा आयोजित सेमिनार में भविष्य में होने वाली प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफलता के लिए महत्वपूर्ण टिप्स एवं दिशानिर्देश दिए जायेंगे। वहीं रांची जोन से काली प्रसाद सिंह ने कहा कि यह परीक्षा छात्रों के बेहतर भविष्य के लिए है, क्योंकि इस परीक्षा से छात्रों का हुनर खुलकर बाहर आयेगा साथ ही साथ उनके सपनों को भी पंख मिलेगा। मुख्य परीक्षा का रिजल्ट और सेमिनार की जानकारी जल्द ही मैसेज के द्वारा तथा www.gtse.in वेबसाइट पर दे दी जायेगी।

# विधायक कोष से होगा चडरी तालाब का सौंदर्यीकरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चडरी सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष बबलू मुंडा की अगुवाई में रविवार को चडरी तालाब स्थित दशकर्म स्थल का चबूतरा, सेड एवं चडरी तालाब में गेट का निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास रांची के विधायक सीपी सिंह ने किया। श्री सिंह ने कहा कि चडरी तालाब में हर दिन धार्मिक अनुष्ठान होता है। दशकर्म स्थल वर्षों से नहीं था। चडरी तालाब में दशकर्म स्थल नहीं होने से लोगों को परेशानी होती थी। ये सभी को देखते हुए चडरी तालाब में 22 लाख की

**22 लाख की लागत से बनेगा चडरी तालाब में दशकर्म स्थल सेड, एवं चडरी तालाब में गेट का निर्माण एवं सौंदर्यीकरण**

लागत से दशकर्म स्थल का चबूतरा, सेड एवं चडरी तालाब में गेट का निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास किया गया है। यह काम आने वाली छठ महापर्व से पहले किया जायेगा। बबलू मुंडा ने कहा कि चडरी तालाब में यह काम होने से चडरी ग्राम के साथ साथ थड़पकना, लोहरा कोचा, भुतहा तालाब, सुभाष चौक, अपर बाजार, आदि के लोगों को सुविधा होगी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से चडरी सरना समिति के प्रधान महासचिव सुरेंद्र लिंडा, चडरी पूजा समिति के संरक्षक जितेंद्र सिंह, मुख्य सलाहकार कुमोद कुमार वर्मा, सबलू मुंडा, राजेश मुंडा, गुड्डू पहान, चिकू लिंडा, सबलू खान, केंद्रीय सरना समिति के महासचिव कृष्णकांत टोप्पो, उदय मुंडा, विकी मुंडा, आकाश मुंडा, आशीष लिंडा, बादल नायक, बंटी मुंडा, बादल लिंडा, रामा मुंडा, पनीर छोटू मुंडा, अनूप हेमरोम, अशोक मुंडा, जगेश्वर राम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## श्रीश्री शिव बारात आयोजन समिति का हुआ विस्तार

# रातू रोड से महाशिवरात्रि पर निकलेगी शिव बारात

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्रीश्री शिव बारात आयोजन समिति की ओर से महाशिवरात्रि पर रातू रोड से भव्य शिव बारात निकाली जायेगी। शिव बारात के आयोजन और तैयारी को लेकर रविवार को अध्यक्ष रमेश सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। इससे पूर्व संस्थापक जगदीश बजाज को श्रद्धांजलि दी गयी। बैठक में कमेटी का विस्तार किया गया। नये सत्र के लिए विस्तारित कमेटी में संरक्षक मंडल में सूरजभान सिंह, सुनीता देवी, हरविंदर सिंह बेदी, डॉ अजय छाबड़ा, बिंदू भूषण दुबे, संजीव चौधरी, विक्की यादव, विनय कुमार सिंह, मिंटू चौबे, राहुल अवस्थी, लाल चिंतामणि शाहदेव, अशोक यादव, महेंद्र यादव को शामिल किया गया। कार्यकारी अध्यक्ष गौरव बजाज, वरीय उपाध्यक्ष नवीन




पपनेजा, उपाध्यक्ष विजय वर्मा, सत्येंद्र तिवारी, अशोक बजाज, हीरा लाल पपनेजा, हरजीत सिंह, बारात संयोजक सुजीत सिंह, सचिव शैलेंद्र कुमार शैलू, सह सचिव राकेश अरोड़ा, नीरज जायसवाल, कोषाध्यक्ष रवि अरोड़ा, सह कोषाध्यक्ष संजय अरोड़ा, राहुल झांवर, बारात प्रभारी सुमित बजाज, सह बारात प्रभारी अनिल गुप्ता, बच्चन झा, गौरव गिरधर, ललित शर्मा, गिरधारी लाल वर्मा, संगठन मंत्री शंकर किंगर, संजय अग्रवाल, नवीन वर्णवाल, सह संगठन मंत्री वैभव विक्रम, साकेत कुमार, तन्नू, मोहित, मीडिया प्रभारी नमन भरतिया, विवेक राज चुने गये। इसके अलावा कार्यकारिणी में गुड्डू उपाध्याय, बल्ली, आर्यन और कौशल चौधरी को शामिल किया गया।

# ग्रामीण विकास की योजनाओं को पूरा करें : शैलेश कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्र सरकार के ग्रामीण विकास सचिव शैलेश कुमार सिंह ने रविवार को ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग और महिला बाल विकास विभाग के सचिवों के साथ बैठक की। इससे पूर्व उन्होंने खूंटी जिले का भी दौरा किया और योजनाओं की स्थिति की जानकारी ली। सचिव ने वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन इत्यादि में समय पर लाभुकों को पेंशन का भुगतान हो इसे सुनिश्चित करने को कहा। शैलेश कुमार ने झारखंड के अधिकारियों को ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं में तेजी लाने का निर्देश दिया है। सचिव ने लक्ष्य के अनुरूप काम करने को कहा है। उन्होंने पीएमजीएसवाइ योजना के तहत राज्य में बन रही ग्रामीण सड़कों की प्रगति पर भी जानकारी ली। जिन योजनाओं की केंद्र से

**केंद्र सरकार के ग्रामीण विकास सचिव ने राज्य में चल रही केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा की**

स्वीकृति मिल गयी है उसका टेंडर इत्यादि कर काम प्रारंभ करने को कहा है। पीएम आवास योजना में लंबित योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश उन्होंने दिया। साथ ही मनरेगा से लक्ष्य के अनुरूप मानव दिवस सृजन करके काम करने को कहा। पीएम आवास योजना ग्रामीण के लिए नया लक्ष्य देने की मांग की गयी। इसके अलावा रूर्बन मिशन की योजनाओं के लिए भी डीपीआर आदि की स्वीकृति जल्द दिलाने का आग्रह किया गया। समीक्षा बैठक में ग्रामीण विकास सचिव प्रशांत कुमार, ग्रामीण कार्य सचिव अजय कुमार सिंह, महिला बाल विकास सचिव कृपानंद झा, मनरेगा आयुक्त सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# अब राज्य के निजी विश्वविद्यालयों की होगी जांच

## विधानसभा ने बनायी पांच सदस्यीय कमिटी, स्टीफन मरांडी करेंगे अगुवाई, जल्द होगी पहली बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा के शीतकालीन सत्र में निजी विश्वविद्यालयों के नियम विरुद्ध संचालन पर हुई बहस के बाद उनकी जांच की बात की गयी थी। अब राज्य के निजी विश्वविद्यालयों की जांच की जायेगी। झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने विधानसभा की ओर से पांच सदस्यीय कमेटी गठित कर दी है। पांच सदस्यीय यह कमेटी सभी निजी विश्वद्यालयों की जांच करेगी। कमेटी के जिम्मे होगा कि वह देखे कि निजी विश्वविद्यालय यूजीसी और राज्य सरकार की ओर से तय किये गये नियम के मुताबिक संचालित हो रहे हैं या नहीं। कमेटी को जांच की रिपोर्ट भी विधानसभा को सौंपनी होगी।

**इन्हें मिली है निजी विवि की जांच की जिम्मेदारी :** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने इस काम के लिए पांच सदस्यीय कमेटी बनायी है। इस कमिटी की कमान झामुमो विधायक स्टीफन मरांडी को दी गयी है। इस कमेटी में विनोद सिंह, केदार हाजरा, लंबोदर महतो और रामचंद्र सिंह कमेटी के अन्य सदस्य बनाये गये हैं। इसी कमेटी को जांच के बाद अपनी रिपोर्ट विधानसभा को सौंपनी है।

### जांच कमेटी की जल्द होगी बैठक

**विधानसभा की ओर से निजी विश्वविद्यालयों की जांच के लिए बनायी गयी कमेटी के सदस्य और गोमिया विधायक लंबोदर महतो ने बताया कि कमेटी बनी है। जल्द ही इस कमेटी की पहली बैठक होगी, जिसमें जांच कैसे और कब से जांच शुरू करनी है, यह तय किया जायेगा। बहुत संभव है कि इसी हफ्ते कमेटी की बैठक हो।**

**सीएम ने स्पीकर से जांच कमेटी बनाने का किया था आग्रह :** विधानसभा के शीतकालीन सत्र में कई विधायकों ने निजी विश्वविद्यालयों की मनमानी और नियमों की अनदेखी पर विरोध जताया था। विधायकों के निजी विश्वविद्यालयों के विरोध के दौरान ही जैन विश्वविद्यालय के विधेयक को वापस कर दिया गया था। सदन में निजी विश्वविद्यालयों को लेकर विधायकों के विरोध को सीएम हेमंत सोरेन ने इसे गंभीर मामला माना था। सीएम ने ही स्पीकर से राज्य में संचालित सभी निजी विश्वविद्यालयों की स्थिति की जांच के लिए कमेटी बनाने का आग्रह किया था।

**विधायक अनंत ओझा और लंबोदर महतो ने उठाया था मामला :** शीतकालीन सत्र के दौरान मुख्य रूप से विधायक अनंत ओझा और विधायक लंबोदर महतो ने निजी विवि के मुद्दे को उठाया था। विधायक अनंत ओझा ने कहा था कि कई निजी विश्वविद्यालय राज्य के संसाधन का इस्तेमाल कर रहे हैं। वहीं विधायक लंबोदर महतो ने कहा था कि कई विश्वविद्यालय हैं, जो किराये के मकान में चल रहे हैं। यूजीसी की गाइडलाइन का पालन नहीं हो रहा है।

**राज्य के प्रमुख निजी विश्वविद्यालय**

- आइसेक्ट यूनिवर्सिटी
- एमिटी यूनिवर्सिटी
- अर्का जैन यूनिवर्सिटी
- कैपिटल यूनिवर्सिटी
- झारखंड राय यूनिवर्सिटी
- नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी
- प्रज्ञान यूनिवर्सिटी
- राधा गोविंद यूनिवर्सिटी
- रामकृष्ण धर्मार्थ फाउंडेशन यूनिवर्सिटी
- साईंनाथ यूनिवर्सिटी
- सरला बिरला यूनिवर्सिटी
- श्रीनाथ यूनिवर्सिटी
- इक्फाइ यूनिवर्सिटी
- वाइबीएन यूनिवर्सिटी

### तीन पुस्तकों पर संवाद और अनुभव कार्यक्रम आयोजित

# पुस्तकों में संकल्प से असंभव को संभव करने की प्रेरणा : हरिवंश



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह की लिखी तीन पुस्तकों पर रविवार को एक संवाद और अनुभव कार्यक्रम आयोजित हुआ। इन पुस्तकों के नाम कलश, पथ के प्रकाश पुंज और सृष्टि का मुकुट : कैलाश मानसरोवर हैं। रांची प्रेस क्लब की ओर से रविवार को आयोजित संवाद कार्यक्रम में हरिवंश ने पुस्तक लिखने के पीछे की मंशा और अपने अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा कि उनकी लिखीं उपरोक्त तीनों पुस्तकों को पढ़ कर पाठक जान सकते हैं कि कैसे शिखर पर पहुंचे लोग अध्यात्म की ओर चले जाते हैं। कैसे किसी व्यक्ति का संकल्प असंभव को संभव कर सकता है।

अपनी पहली पुस्तक कलश की बात करते हुए हरिवंश ने कहा कि इसमें कुल 32 आलेख हैं। अखबार में काम करते हुए जिन लोगों से उनकी मुलाकात और संवाद होती रही और जिन्हें वे मानते रहे, उसके बारे में उनका निजी अनुभव है। इस काम को करने के लिए उन्हें जिन लोगों से प्रेरणा मिली, उनकी कार्यशैली का भी इस पुस्तक में जिक्र है।

हरिवंश ने बताया कि दूसरी पुस्तक पथ के प्रकाश पुंज में कुल 27 लेख हैं। इसमें उन लोगों की जीवन यात्रा और कार्य क्षेत्र में किये विलक्षण कामों को लिखा गया है, जिनसे वे सीधे तौर पर प्रभावित हुए। ऐसे लोगों द्वारा शिक्षा, सामाजिक, राजनीतिक, उद्योग, पत्रकारिता आदि में किये गये कार्य शामिल हैं। उन्होंने कहा, जब लोग द्वंद्व, चिंता, भय और संशय की स्थिति में रहते हैं, तो ऐसे लोगों से काफी प्रेरणा मिलती है।

हरिवंश ने बताया कि उनकी तीसरी पुस्तक सृष्टि का मुकुट : कैलाश मानसरोवर में कुल 16 अध्याय हैं। पुस्तक में रांची में स्थित चिन्मय आश्रम में रहने वाले स्वामी माधवानंद से मुलाकात और उनके अनुभवों की चर्चा है। उन्होंने बताया कि 2011 में उन्होंने कैलाश मानसरोवर यात्रा की थी। मानसरोवर यात्रा में जिन कठिनाइयों का उन्होंने अनुभव किया, उसका वर्णन है। पुस्तक में कैलाश मानसरोवर की स्थिति, इसकी परिक्रमा करने में आने वाली कठिनाई, सृष्टि की वह अनसुलझी बातों काा जिक्र है।

### टोटेमिक कुरमी/कुड़मी विकास मोर्चा केंद्रीय कमेटी की बैठक

# कुड़मी को एसटी में शामिल नहीं किया गया, तो भाजपा प्रदेश कार्यालय ध्वस्त किया जायेगा : शीतल ओहदार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** टोटेमिक कुरमी / कुड़मी विकास मोर्चा केंद्रीय कमेटी की बैठक रविवार को पुराना विधानसभा सभागार में हुई। मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार ने कहा कि संपूर्ण झारखंड का एक सशक्त संगठन टोटेमिक कुरमी / कुड़मी विकास मोर्चा है। लगातार आंदोलन का ही परिणाम है कि केंद्र सरकार ने संज्ञान लिया है। समाज के संवैधानिक अधिकार की लड़ाई चरम पर है, किंतु इस लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाना सबसे बड़ी चुनौती है। कुड़मी को अधिकार से वंचित करने के लिए, चौतरफा साजिश हो रही है। सदियों से साथ रहने वाले भी हमारे विरोध में रैली की घोषणा कर चुके है। इससे संभावना बढ़ रही है कि झारखंड में गृहयुद्ध की स्थिति बन जाए। हमें इसके लिए भी तैयार रहना होगा। मोर्चा के संरक्षक डॉ अमर कुमार चौधरी ने कहा कि कुड़मी 1931 ई. तक आदिम जनजाति था। सभी आदिम जनजाति को 1950 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने अनुसूचित जनजाति की सूची में रखा फिर बिना नोटिफिकेशन के किस आधार पर हमें छोड़ा गया। 2004 में मुख्यमंत्री रहते अर्जुन मुंडा केंद्र सरकार से कुरमी को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने की अनुशंसा कर चुके है, वह अभी केंद्र में जनजातीय मंत्री है अब आनेवाले बजट सत्र में बिल लाना चाहिए, अन्यथा भाजपा को 2024 में भारी नुकसान हो सकता है।

### आंदोलन की वार्षिक रूपरेखा हुई तैयार

बैठक में में सर्वसम्मति से आंदोलन की वार्षिक रूपरेखा तैयार की गयी। इसमें आगामी 21 मार्च को जमशेदपुर में शहीद रघुनाथ महलों की जयंती भुआ सेना के रूप में मनाकर ऐतिहासिक बनाया जायेगा। अप्रैल माह में लाखों की तादाद में पहुंच कर भाजपा कार्यालय ध्वस्त किया जायेगा। स्लोगन जारी किया गया कि 'कुड़मी एसटी नहीं तो झारखंड में भाजपा नहीं =मोदी से बैर नहीं मुड़ा की खैर नहीं। पूर्व में पोषित 20 सितंबर रेलदेका' आंदोलन को ऐतिहासिक बनाया जाए। 11 फरवरी को ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में विशाल कुरमी अधिकार महारैली होगी। जिसमें मोरहाबादी मैदान के साथ-साथ पूरे रांची को जाम किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से रामपोदो महतो, सुषमा देवी, सखीचंद महतो, मानेश्वर महतो, महेंद्र महतो, मोहन महतो, रचिया महतो, अनिल महती, कपिलदेव महती, रघुनाथ महतो, ब्लू महतो, अशोक महतो, राजू महतो, राजेश महतो, अमृता देवी, निरंजन महतो, रामदयाल महतो, वीरेन्द्र महतो, प्रदीप महतो चंदन महतो, जय महतो मौजूद थे।

### श्री महावीर मंडल कार्यसमिति की बैठक

# रामनवमी महोत्सव को धूमधाम से मनाने और भव्य शोभायात्रा निकालने का निर्णय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्री महावीर मंडल रांची की वार्षिक कार्यसमिति बैठक रविवार को ब्राह्मण धर्मशाला में अध्यक्ष अशोक पुरोहित की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक की शुरुआत श्रीराम वंदना से की गयी। बैठक में मुख्य रूप से श्री महावीर मंडल रांची के पूर्व अध्यक्ष हीरालाल साहू, राजीव रंजन मिश्रा, रामधन बर्मन, उपेंद्र रजक, नंद लाल शर्मा एवं राज किशोर मौजूद थे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष 2023-24 में श्री रामनवमी महोत्सव को धूमधाम से मनाया जायेगा एवं श्री राम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य एवं विशाल शोभायात्रा निकाली जायेगी। बैठक का संचालन श्री कैलाश केसरी एवं धन्यवाद ज्ञापन गोपाल पारीक ने किया। बैठक में वर्ष 2022-23 में मंडल द्वारा किये गये कार्यों की समीक्षा की गयी एवं आय-व्यय का ब्योरा सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में महावीर मंडल रांची के पूर्व अध्यक्ष स्व मनोज खन्ना, महावीर मंडल चुटिया के पूर्व अध्यक्ष स्व बाबूलाल ठाकुर एवं महावीर मंडल बरियातू के पूर्व अध्यक्ष स्व राकेश कुमार महेंद्रू के आकस्मिक निधन पर मंडल द्वारा दो मिनट का मौन रखा गया। वहीं श्री श्री दुर्गा पूजा समिति सिदरोल को भव्य पूजा आयोजन करने के लिए समिति के द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर श्री महावीर मंडल चुटिया के अध्यक्ष सुनील रंजन सहाय, श्री महावीर मंडल पुनदाग के अध्यक्ष बृंद कुमार साहू, श्री महावीर मंडल बरियातू के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र सिन्हा, श्री महावीर मंडल बार्डगाई के अध्यक्ष डॉ जीवाधन प्रसाद, श्री महावीर मंडल लोवाडीह के अध्यक्ष पप्पू सिंह, श्री महावीर मंडल कांके रोड के अध्यक्ष बलराम प्रसाद, श्री महावीर मंडल रातू रोड के अध्यक्ष अमित सोनी, श्री महावीर मंडल हिंदपीढ़ी के अध्यक्ष राहुल सिन्हा चंकी, श्री महावीर मंडल लालपुर के अध्यक्ष बजरंग वर्मा, श्री महावीर मंडल कोकर के अध्यक्ष दीपू पासवान, श्री महावीर मंडल नामकुम के अध्यक्ष मुन्ना बड़ाईक एवं श्री महावीर मंडल अरगोड़ा के अभिषेक चौधरी ने अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर शशांक शर्मा, पीयूष आनंद, राकेश सिंह, अमरदीप साहू, धनराज साहू, आशीष बर्णवाल, बिरजू महतो सहित अन्य सदस्य मौजूद थे ।

# सुजीत को मिला मलेशिया-भारत गौरव और मलेशिया काव्य सम्मान

**झारखंड खोरठा साहित्य संस्कृति परिषद के सचिव हैं सुजीत कुमार**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर पहुंचे झारखंड खोरठा साहित्य संस्कृति परिषद के सचिव सुजीत कुमार को मलेशिया भारत-गौरव सम्मान और मलेशिया काव्य सम्मान से सम्मानित किया गया है। उन्हें सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिह्न भेंट किया गया और शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंडियन कल्चरल सेंटर हाई कमीशन ऑफ इंडिया कुआलालंपुर, मलेशिया और साहित्य संचय शोध संवाद फाउंडेशन नयी दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस दो दिवसीय समारोह में उनको राष्ट्रीय साहित्य संचय शोध संवाद फाउंडेशन की राष्ट्रीय सचिव सुमन रानी, केंद्रीय हिंदी संस्थान शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर उमा शंकर दीक्षित, साहित्य संचय शोध संवाद फाउंडेशन के अध्यक्ष मनोज कुमार, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पाली फरीदाबाद के बलवंत सिंह और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि एवं मेंटार मारवाड़ी युवा मंच कुआलालंपुर, मलेशिया के अंजू पुरोहित ने सम्मानित किया।

समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मलाया विश्वविद्यालय के डीन कला एवं सामाजिक विज्ञान विभाग प्रोफेसर डेनी वांग तेज कान और अतिथि के रूप में सामाजिक विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मणिमरण सुब्रमण्यम शामिल हुए। इसके पूर्व इस समारोह में सुजीत कुमार ने भारत मलेशिया के आर्थिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक संबंधों पर अपने विचार रखे। साथ ही उन्होंने काव्य पाठ भी किया। समारोह के प्रारंभ में अंतरराष्ट्रीय साहित्य संगोष्ठी में उन्होंने आदिधर्म से अन्य भारतीय धर्म का उदय विषय पर शोध पत्र भी प्रस्तुत किया। इस संगोष्ठी में कई देशों और राज्यों के साहित्यकार शामिल हुए। झारखंड से इसमें सुजीत कुमार शामिल हुए।

# प्रदेश अध्यक्ष और सचिव के नेतृत्व में शिक्षकों ने दिया धरना

**आजाद सिपाहीसंवाददाता**

**रांची।** झारखंड स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा के तत्वावधान में राजभवन के सामने सांकेतिक धरना दिया गया। झारखंड स्टेट प्राइमरी टीचर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार मिश्र एवं महासचिव मंगलेश्वर राम ने बताया कि शिक्षकों के पुरानी मांग छठे वेतन आयोग के अनुशंसा के अनुरूप उत्क्रमित वेतनमान फिटमेंट टेबल के आधार पर 2006 के पूर्व शिक्षकों का वेतन निर्धारण नहीं किया गया है, जिससे शिक्षकों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षकों को बिहार सरकार के तर्ज पर झारखंड के शिक्षकों को भी एमएसीपीका लाभ दिया जाये। शिक्षकों को गृह जिला अथवा अंतर जिला स्थानांतरण में जटिलता के कारण शिक्षक विषम एवं प्रतिकूल परिस्थितियों में कार्य करने को विवश है। खासतौर पर संथाल परगना के बांग्ला भाषी क्षेत्र के शिक्षकों को पदस्थापन गये भाषाई क्षेत्रों में करने से भाषा एवं परिवेश की समस्या उत्पन्न हो गयी है और शिक्षा में गुणवत्ता प्रभावित हो रहा है। शिक्षकों को अपने भाषा वाले इलाका अंतर जिला ट्रांसफर पारस्परिक स्थानांतरण सरल करते हुए पूर्व की तरह स्थानांतरण की प्रक्रिया प्रारंभ की जाये। उर्दू शिक्षकों को जो योजना मद में है उसे गैर योजना में शामिल किया जाये।



शिक्षकों को सभी ग्रेडों में प्रोन्नति एवं प्रधानाध्यापक के रिक्त पद पर प्रोन्नति देकर प्रधानाध्यापक के पद पर पदस्थापन निमित्त स्थानांतरण हेतु जोन का निर्धारण एवं स्थानांतरण पोर्टल 2012 के पूर्व नियुक्त सभी प्रारंभिक शिक्षक वर्ग 1 से 8 तक पढ़ाते हैं उनकी नियुक्ति हुई है, का कॉलम नहीं रहने से शिक्षकों में भ्रम की स्थिति है, जो निर्धारण में 1-8 के शिक्षकों के लिए अलग कालम का निर्धारण किया जाये। इसके अलावा शिक्षकों की उम्र सीमा 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष किया जाये। नयी शिक्षक नियुक्ति नियमावली 2021 में सहायक आचार्य का ग्रेड पे 2400 ट्रांसफर आने से अच्छे और मेधावी शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया से दूर रहने की पूर्ण संभावना है। पुरानी व्यवस्था को ही तहत 4200-4600 ग्रेड पे पर नियुक्त किया जाये। राजकीय प्राथमिक विद्यालय उत्क्रमित मध्य विद्यालय उत्क्रमित उच्च विद्यालय उत्क्रमित उच्च विद्यालय में पूर्णकालिक प्रधानाध्यापक का पद नहीं रहने से शिक्षा पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है वहां प्रधानाध्यापक का पद सृजित किया जाये एवं उत्क्रमित विद्यालय में शिक्षकों की नियुक्ति की जाये। शिक्षकों को मुक्त किया जाये। राज्य के कर्मचारियों को प्राथमिकता परीक्षाओं में शामिल होने का मौका दिया जाये। इन मांगों को लेकर एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया गया।

इस कार्यक्रम में झारखंड स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन के राज्य संयोजक राजेश कुमार मिश्र, संगठन सचिव मुकेश कुमार, संयुक्त सचिव मदन कुमार,कोषाध्यक्ष सुभाष कुमार, उप महासचिव जीवन नाथ तिवारी, उषा बैक, जेरोम चेरमाको, उपेंद्र प्रसाद, देवकांत मंडल, बसंत ठाकुर, अवधेश कुमार, राम जयंती देवी, संजय दास, महेंद्र कुमार, प्रमोद पांडे, नीरज कुमार, परमानंद महतो, सुमन ब्लू, गुलाब खलको, सुलेमान, अशोक राम, रंथु उरांव, अगस्टिन मुर्मू, वीरेंद्र ठाकुर, संजीत कुमार, शंकर सोरेन, देवंती कुजूर, दीपक ने इस कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी चट्टानी एकता का परिचय दिया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### चित्रांश बिजनेस एसोसिएट्स ट्रस्ट की वेबसाइट लॉन्च



**रांची (आजाद सिपाही)।** चित्रांश बिजनेस एसोसिएट्स ट्रस्ट ने शनिवार को दलादली चौक स्थित फोकस रिसोर्ट में नव वर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर ट्रस्ट का वेबसाइट और ऐप लांच किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चित्रगुप्त महाराज की स्तुति-वंदना से की गयी। मौके पर चित्रांश बिजनेस एसोसिएट्स ट्रस्ट के फाउंडर मेंबर देव शरण सिन्हा ने ट्रस्ट के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में ट्रस्ट के सदस्यों ने एक-दूसरे से मिलकर न्यू ईयर सेलिब्रेट किया। इस अवसर पर कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गयी। कलाकारों ने नृत्य संगीत से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह को सफल बनाने में राज वर्मा, मनीष वर्मा, पंकज पीयूष, राहुल कश्यप, रंजन सिन्हा, अमरेंद्र श्रीवास्तव, रवि एवं रवि कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मौके पर सतीश श्रीवास्तव, विवेक अखौरी, अमरेंद्र सिन्हा व अरुण सिन्हा को चित्रांश बिजनेस एसोसिएट्स ट्रस्ट की सलाहकार समिति में शामिल करने की घोषणा की गयी। कार्यक्रम के संयोजक देवकमल अस्पताल के व्यवस्थापक डॉ अनंत सिन्हा ने आयोजकों एवं ट्रस्ट के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस समारोह पर श्रीराम कथा आयोजन समिति के संयोजक प्रेमचंद श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया।

### गोलीबारी की घटना को लेकर समाज में आक्रोश : हरिनाथ साहू



**रांची (आजाद सिपाही)।** कांके मोटरसाइकिल सवार अपराधियों के द्वारा युवा समाजसेवी राजू साहू को उनके रिंग रोड, होचर पुल स्थित ऑफिस के सामने जान मारने की नियत से गोली मारकर जख्मी कर दिया गया था। जिसका इलाज रांची महावीर मेडिका हॉस्पिटल में चल रहा है।घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन कांके प्रखंड के तत्वधान में उक्त घटना को लेकर भामाशाह नगर रिंग रोड पर एक आपातकालिक बैठक कर घटना का घोर निंदा करते हुए प्रशासन से मांग की कि यदि तीन दिनों के अंदर अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं होती है,तो राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन गिरती कानून व्यवस्था के खिलाफ उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

### मरांग बुरु की रक्षा आदिवासी अस्तित्व, पहचान की रक्षा : सालखन

**रांची (आजाद सिपाही)।** पूर्व सांसद और आदिवासी सेंगेल अभियान के प्रमुख सालखन मुर्मू की ओर से शुरू की गयी मरांग बुरु बचाओ भारत यात्रा दुमका पहुंच गयी है। रविवार को दुमका में सालखन मुर्मू ने कहा कि मरांग बुरु की रक्षा आदिवासी अस्तित्व, पहचान और हिस्सेदारी की रक्षा है। उन्होंने कहा कि झारखंड के गिरिडीह जिला में स्थित पारसनाथ पहाड़ आदिवासियों का ईश्वर है। मरांग बुरु ह।इसे जैन धर्मावलंबियों ने हड़प लिया है। सालखन मुर्मू ने इस मुद्दे पर झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार को भी कठघरे में खड़ा किया है। कहा है कि जैन धर्म के लोगों ने हमारे ईश्वर को हड़प लिया है और झारखंड की सरकार ने इसे जैनियों को सौंप दिया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने 5 जनवरी को भारत सरकार को एक चिट्ठी लिख कर जैन धर्म को मानने वाले लोगों को पारसनाथ पहाड़ को सौंप दिया है। इस सरकार ने आदिवासियों के पक्ष को पूरी तरह से दरकिनार कर दिया।

### सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ की केंद्रीय और प्रांतीय पदाधिकारियों की बैठक

**रांची (आजाद सिपाही)।** सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ के केंद्रीय और प्रांतीय पदाधिकारियों की रविवार को जूम बैठक हुई। इसमें प्रस्तावित ब्राह्मण महासंघ के राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारी को लेकर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक उपाध्याय ने की। बैठक का संचालन संरक्षक मंडल के वरिष्ठ सदस्य डॉ. विजय प्रकाश शर्मा ने किया। बैठक में तीन सदस्यीय आयोजन समिति का गठन किया गया। सीके मिश्र को आयोजन समिति का संयोजक, स्वामी दिव्य ज्ञान और आचार्य कृष्णा को सहसंयोजक मनोनीत किया गया। बैठक में राष्ट्रीय अधिवेशन को लेकर कई वरिष्ठ सदस्यों ने अपने विचार और सुझाव रखा। संजीव मिश्र, प्रमोद कुमार मिश्र, ज्ञानवर्द्धन मिश्र, लक्ष्मी नारायण पांडेय, महेश पाठक, अशोक मिश्र, ब्रज बिहारी पाठक, जवाहरलाल शर्मा, प्रकाश शर्मा,आर के शर्मा ,प्रदीप पाठक, संजय मिश्र सहित अन्य ने कई सुझाव रखे। फरवरी के दूसरे सप्ताह में रांची में तैयारी समिति की अगली बैठक प्रमोद कुमार मिश्र के आवास पर होगी। अधिवेशन में प्रस्तुत होने वाले राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक प्रस्ताव के लिए दो सदस्यीय समिति भी बनायी गयी है। इसमें ज्ञान वर्धन मिश्र और प्रकाश मिश्र को शामिल किया गया है। अधिवेशन रांची में एक और दो अप्रैल 2023 को प्रस्तावित है।

### श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र का जन्मोत्सव मनाया गया

**रांची (आजाद सिपाही)।** युग पुरुषोत्तम परम प्रेममय श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी की 135 वां पावन जन्मोत्सव समारोह कांके बोरिया रोड दुर्गा मंदिर के पास बहुत ही श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया गया। इससे पहले परम दयाल का सुसज्जित चित्र के साथ नगर परिक्रमा की गयी। नगर परिक्रमा में ठाकुर जी की वाणी का उद्घोष करते हुए संगीत और भजन के साथ परिक्रमा की गयी। तत्पश्चात बाल सत्संग का आयोजन हुआ। बाल भक्त अपनी अनुभूतियों से वातावरण को भक्तिमय करते हुए भक्तजनों को आनंद में अनुभूति किये। इसके बाद धर्म सभा का आयोजन किया गया। जिसमें ठाकुर जी की वाणी की चर्चा करते हुए कहा कि ईश्वर को सद्गुरु के माध्यम से जाना जाता है और सद्गुरु इस बार परम प्रेम में श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी ने ईश्वर प्राप्ति के लिए मार्ग दिया है। सत्संग देवघर से आए हुए अतिथि काली कांत कर्ण ने अपने संबोधन में कहा कि बचना और बढ़ना ही धर्म है। धर्म एक है संप्रदाय अनेक हे। संप्रदाय धर्म तक पहुंचने का पथ है। ठाकुर जी के दिए हुए विधान का पालन करें हम हम अपने जीवन के उद्देश्यों को प्राप्त कर सकते हैं। डॉ कृति गुरु मंडल ने कहा कि हमें सर्वप्रथम अपनी दुर्बलता ओं के विरुद्ध लड़ाई लड़ना होगा। सत्संग सभा में विशिष्ट रूप से उपस्थित सह प्रति ऋतिक विरावर राउत, डॉ रवि शंकर पान, शैलेश कुमार सिन्हा, हिरेंद चंद्र तुलाल, बीके सिन्हा, अमल दे, रंजीत गुप्ता सहित कई अन्य भक्तजन उपस्थित थे।

# अदालत और सरकार के बीच खींचातानी

हमारे सर्वोच्च न्यायालय और केंद्र सरकार के बीच जजों की नियुक्ति पर जो खींचातानी चल रही थी, वह खुले-आम बाजार में आ गयी है। सर्वोच्च न्यायालय के चयन-मंडल ने सरकार को जो नाम भेजे थे, उनमें से कुछ पर सरकार ने कई आपत्तियां की थीं। इन आपत्तियों को प्रायः गोपनीय माना जाता है, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने उन्हें जग-जाहिर कर दिया है। इस कदम से यह भी पता चलता है कि भारत में किसी भी उच्च पद पर नियुक्त होने वाले जजों की नियुक्ति में कितनी सावधानी से काम लिया जाता है। इस बार यह सावधानी जरा जरूरत से ज्यादा दिखायी पड़ी है, क्योंकि एक जज को इसलिए नियुक्त नहीं किया जा रहा है कि वह समलैंगिक है और दूसरे जज को इसलिए कि उसने ट्वीट पर कई बार सरकारी नीतियों का दो-टूक विरोध किया है। जहां तक दूसरे जज का सवाल है, सरकार की आपत्ति से सहमत होना जरा मुश्किल है। क्या सोमशेखर सुंदरेशन ने वे सरकार विरोधी ट्वीट जज रहते हुए किए थे? नहीं, बिल्कुल नहीं। वे जज थे ही नहीं। तब वे वकील थे और अब भी वकील हैं। यदि एक वकील किसी भी मुद्दे पर खुल कर अपनी राय जाहिर नहीं करेगा तो कौन करेगा? भारतीय नागरिक के नाते उसे भी अभिव्यक्ति की पूरी आजादी है।

**सर्वोच्च न्यायालय के चयन-मंडल ने सरकार को जो नाम भेजे थे, उनमें से कुछ पर सरकार ने कई आपत्तियां की थीं। इन आपत्तियों को प्रायः गोपनीय माना जाता है, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने उन्हें जग-जाहिर कर दिया है।**

हां, अब जज के नाते उन्हें अपनी अभिव्यक्ति पर संयम रखना होगा। सरकार का डर स्वाभाविक है, लेकिन उनकी नियुक्ति के पहले उन्हें चेतावनी दी जा सकती है। उनकी नियुक्ति के विरोध से सरकार अपनी ही छवि खराब कर रही है। क्या इसका संदेश यह नहीं निकल रहा है कि सरकार सभी पदों पर 'जी हुजूरों' को चाहती है? दूसरे जज पर यह आपत्ति है कि वह समलैंगिक है और उसका सहवासी एक स्विस नागरिक है। समलैंगिकता न्याय-प्रक्रिया में बाधक कैसे है, यह कोई बताये? दुनिया के कई राजा-महाराजा और प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति समलैंगिक रहे हैं। जहां तक उस जज के सहवासी का विदेशी होना है, कौन नहीं जानता कि भारत के एक प्रधानमंत्री, एक राष्ट्रपति, एक विदेश मंत्री और कई अन्य अत्यंत महत्वपूर्ण लोगों की पत्नियां या पति विदेशी रहे हैं। यह तो मैं अपनी व्यक्तिगत जानकारी के आधार पर कह रहा हूं, लेकिन यदि हम खोजने चलें तो ऐसे सैंकड़ों मामले सामने आ सकते हैं। यह ठीक है कि ऐसा होना कोई आदर्श स्थिति नहीं है, लेकिन आज की दुनिया इतनी छोटी हो चुकी है कि इस तरह के मामले बढ़ते ही चले जायेंगे। भारतीय मूल के लोग आजकल दुनिया के लगभग दर्जन भर देशों में उनके सर्वोच्च पदों पर प्रतिष्ठित हैं या नहीं? बेहतर तो यही होगा कि चयन-मंडल (कालेजियम) का स्वरूप ही बदला जाये और अगर यह फिलहाल नहीं बदलता है, तो सरकार और सर्वोच्च न्यायालय में चल रही खींचातानी तुरंत रुके।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**लैंसेट द्वारा प्रकाशित भारत में मानसिक स्वास्थ्य स्थिति रिपोर्ट के अनुसार, भारत में कुल बीमारियों में मानसिक विकारों की हिस्सेदारी विकलांगता समायोजित जीवन वर्ष के आधार पर वर्ष 1990 में 2.5 प्रतिशत थी तथा वर्ष 2017 में यह बढ़ कर 4.7 प्रतिशत हो गयी। जिस समाज में हम रहते हैं, वहां सार्वजनिक और निजी दोनों स्तरों पर मानसिक बीमारी हमेशा से एक उपेक्षित मुद्दा रही है।**

# मानसिक तनाव का कार्यक्षेत्र में बेहतर तरीके से प्रबंधन आवश्यक



**सुखदेव वशिष्ठ**



स्वास्थ्य शारीरिक, मानसिक तथा सामाजिकता की संपूर्ण स्थिति है। स्वास्थ्य की देखभाल हेतु मानसिक स्वस्थता मनुष्य के सोचने, समझने, महसूस करने और कार्य करने की क्षमता को प्रभावित करने के कारण अत्यंत आवश्यक है। यह कई सामाजिक समस्याओं जैसे- बेरोजगारी, गरीबी और नशाखोरी आदि को जन्म देती है। लैंसेट द्वारा प्रकाशित भारत में मानसिक स्वास्थ्य स्थिति रिपोर्ट के अनुसार, भारत में कुल बीमारियों में मानसिक विकारों की हिस्सेदारी विकलांगता समायोजित जीवन वर्ष के आधार पर वर्ष 1990 में 2.5 प्रतिशत थी तथा वर्ष 2017 में यह बढ़ कर 4.7 प्रतिशत हो गयी। जिस समाज में हम रहते हैं, वहां सार्वजनिक और निजी दोनों स्तरों पर मानसिक बीमारी हमेशा से एक उपेक्षित मुद्दा रही है। इसके विषय में न केवल समाज का रवैया बेरूखा है, बल्कि सरकार की दृष्टि में भी यह एक उपेक्षित विषय ही है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि मानसिक विकार से पीड़ित व्यक्ति को पागल समझा जाता है और उस व्यक्ति को समाज में उपेक्षा भरी नजरों से देखा जाने लगता है। मानसिक विकार से पीड़ित व्यक्ति समाज एवं परिवार के उपेक्षापूर्ण बर्ताव के कारण अकेलेपन का भी शिकार हो जाता है। अकेलेपन के कारण वह अपने विचारों को दूसरे के साथ साझा नहीं कर पाता है, ऐसी स्थिति में वह व्यक्ति या तो स्वयं को हानि पहुंचाता है या अन्य लोगों को। यदि कोई व्यक्ति एक बार किसी मानसिक रोग से ग्रसित हो जाता है, तो जीवन भर उसे इसी तमगे के साथ जीना पड़ता है, चाहे वह उस रोग से मुक्ति भले ही पा ले। आज भी भारत में इस प्रकार के लोगों के लिए समाज की मुख्य धारा से जुड़ना काफी चुनौतीपूर्ण होता है।

**सबसे चिंताजनक बात यह है कि मानसिक विकार से पीड़ित व्यक्ति को पागल समझा जाता है और उस व्यक्ति को समाज में उपेक्षा भरी नजरों से देखा जाने लगता है।**

इसी वर्ष 18 जनवरी को दिल्ली मेट्रो के आगे कूद कर एक 26 वर्षीय युवक ने जान गंवा दी। करनाल मे बीएएमएस के छात्र ने फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। 17 जनवरी को नयी दिल्ली के बेगमपुर इलाके में मेडिकल स्टोर चलाने वाले प्रिंस गर्ग ने गोली मार कर आत्महत्या कर ली। इसी तारीख मे रामामंडी बठिंडा मे गांव गाटवाली के आइलैट्स के पेपर मे दो बार फेल होने वाले युवक ने जान दे दी। इसी तारीख में मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम के पंचमढ़ी में आर्मी एजुकेशनल कोर्स ट्रेनिंग कॉलेज एवं सेंटर मे प्रशिक्षु कैप्टन सरताज का शव उनके कमरे मे पंखे से लटका पाया गया। 16 जनवरी को तिरुपति जिले के श्री हरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में तैनात सीआइएसएफ के सब इंस्पेक्टर विकास ने अपने सिर में गोली मार कर आत्महत्या कर ली। इसी तारीख को बलिया के शंकर पुर गांव में घर वालों द्वारा शराब पीने से रोकने पर 18 वर्षीय किशोर ने आत्महत्या कर ली। 15 जनवरी को कोटा मे प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे 17 वर्षीय युवक ने आत्महत्या कर ली। 12 जनवरी को ठाणे (महाराष्ट्र) में 13 वर्षीय बालिका ने फंदा लगा लिया। 11 जनवरी को हरियाणा के पूर्व मंत्री मांगेराम के पुत्र जगदीश राठी ने संपति विवाद के चलते आत्महत्या कर ली। 10 जनवरी को जालंधर के रामामंडी की डिफेंस कॉलोनी मे मानसिक परेशानी के चलते एक छात्रा ने जान दे दी। इसी तारीख मे इंदिरा गांधी हवाई अड्डे पर सीआइएसएफ के जवान जतिंदर कुमार ने खुद को गोली मार कर जान दे दी।

भारत में वर्ष 2017 तक आत्महत्या को अपराध माना जाता था और भारतीय दंड संहिता के तहत इसके लिए अधिकतम एक वर्ष के कारावास का प्रावधान किया गया था, जबकि कई मनोवैज्ञानिकों ने यह सिद्ध किया है कि अवसाद, तनाव और चिंता आत्महत्या के पीछे कुछ प्रमुख कारण हो सकते हैं।

ज्ञातव्य है कि मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित मुद्दों को संबोधित करने के लिए भारत के पास आवश्यक क्षमताओं की कमी है। आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2018 में भारत की विशाल जनसंख्या के लिए मात्र 5,147 मनोचिकित्सक और 2,035 से भी कम मनोवैज्ञानिक मौजूद थे।

**बजटीय व्यय की कमी :** विश्व स्वास्थ्य संगठन के मेंटल हेल्थ एटलस, 2017 के अनुसार भारत में लगभग 25000 मानसिक स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता कार्य कर रहे हैं। भारत अपने स्वास्थ्य बजट का 1.3 प्रतिशत भाग ही मानसिक स्वास्थ्य पर व्यय करता है।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2015-16 के अनुसार, भारत के अधिकांश राज्यों में मानसिक स्वास्थ्य का कुल बजट 1 प्रतिशत से भी कम है। इनमें से कुछ राज्य तो ऐसे हैं जिनमें मानसिक स्वास्थ्य संबंधी दिशा-निर्देशों में स्पष्टता और संपूर्णता की कमी होने के कारण सही दिशा में धन का उपयोग नहीं किया जा रहा है।

वर्तमान में केवल गुजरात और केरल दो ही राज्य ऐसे हैं, जहां मानसिक स्वास्थ्य के लिए अलग बजट की व्यवस्था की गयी है।

वस्तुतः राज्यों को मानसिक स्वास्थ्य के लिए पृथक बजट की व्यवस्था करने के संबंध में बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, जिनमें मानसिक स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का सटीक कार्यान्वयन, पर्याप्त मात्रा में बजट की उपलब्धता, समय-सीमा, जिम्मेदार एजेंसियों और परिणामों की निगरानी के लिए बेहतर प्रबंधन आदि बहुत से कारक शामिल हैं।

**सरकार द्वारा किये गये प्रयास :** वर्ष 1982 में मानसिक रोग से निपटने के लिये देश में मानसिक देखभाल के आधारभूत ढांचे के विकास को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की शुरुआत की गयी।

कार्यक्रम की कार्यनीति में वर्ष 2003 में दो योजनाओं- राज्य मानसिक अस्पतालों का आधुनिकीकरण और सरकारी मेडिकल कालेजों/जनरल अस्पतालों में मनोचिकित्सा विंग को शामिल किया गया।सरकार इस दिशा में आगे बढ़ते हुए वर्ष 2017 में मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम , 2017 लेकर आयी, ताकि मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया जा सके।

यह अधिनियम 7 अप्रैल, 2017 को पारित किया गया था तथा यह 7 जुलाई, 2018 से लागू हुआ था। अधिनियम ने 1987 में पारित मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम, 1987 का स्थान लिया है।

सरकार ने मानसिक स्वास्थ्य प्रोग्राम को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के गैर-संचारी रोगों के फ्लेक्सी पूल के अंतर्गत शामिल किया है।

एनसीडी के फ्लेक्सी पूल हेतु आवंटित राशि को पिछले दो वर्षों में तकरीबन तीन गुना बढ़ाया गया है। यानी अब राज्यों द्वारा केंद्र प्रायोजित योजनाओं के कोष का उपयोग विशेषज्ञों एवं अन्य सुविधाओं के भुगतान में किया जा सकता है।

स्वास्थ्य देखभाल राज्य सूची का विषय है और इसलिए इसकी चुनौतियों से निपटने के लिए राज्य और केंद्र के मध्य उचित समन्वय की आवश्यकता है।

वैश्विक महामारी कोविड के दौर में देश में मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। ऐसे में आवश्यक है कि इससे निपटने के लिए उपर्युक्त क्षमताओं का विकास किया जाये और संसाधनों में वृद्धि की जाये।

# अप्रतिम राष्ट्रभक्त : नेताजी सुभाष चंद्र बोस



**डॉ तपन कुमार शांडिल्य**



जय हो जग में जले जहां भी, नमन पुनीत अनल को।
जिस नर में भी बसे हमारा, नमन तेज को बल को।।
किसी वृंत्त पर खिले विपिन में, पर नमस्य हैं फूल।
सुधी खोजते नहीं गुणों का, आदिशक्ति का मूल।।

उपर्युक्त नमस्कारात्मक काव्य पंक्तियां राष्ट्रकवि दिनकर ने महाभारत के अप्रतिम दया वीर, युद्धवीर और दानवीर महारथी कर्ण को ध्यान में रख कर लिखी हैं, लेकिन इन सारगर्भित पंक्तियों की व्यंजना कर्ण तक ही सीमित नहीं हैं, अपितु इनकी व्यंजना बहुत विस्तृत, व्यापक एवं सूक्ष्म है। जंगल के किसी भी वृंत पर खिलने वाला फूल आदर एवं सम्मान का अधिकारी है। वे सभी लोग नमनीय एवं वंदनीय हैं, जो तेज, प्रताप एवं गुणों की खान हैं। सुधी जन गुणों के आदि एवं अंत के लिए व्यग्र नहीं होते, अपितु गुनी जनों का समादर करते हैं।

किसी को समय बड़ा बनाता है और कोई समय को बड़ा बना देता है। कुछ लोग समय का सही मूल्यांकन करते हैं और कुछ आने वाले समय का पूवाभास पाये जाते हैं। कुछ लोग परत दर परत तोड़ कर उसमें वर्तमान के लिए ऊर्जा एकत्र करते हैं और कुछ लोग वर्तमान की समस्याओं से घबरा कर अतीत की ओर भाग जाते हैं। नेताजी सुभाष चंद्र बोस अतीतजीवी नहीं, अपितु वर्तमान को संवारने वाले अमर स्वतंत्रता सेनानी और राष्ट्र भक्त थे।

भारतभूमि ने अपने जिन महापुरुषों को जन्म देकर मानवता का कल्याण केतु फहराया है, उनमें नेताजी सुभाष चंद्र बोस का नाम अन्यतम है। मातभूमि के आह्वान पर अपने समस्त सुख साम्राज्य को स्वाहा करने वाले तथा वैभव और विलास पूर्ण जीवन का परित्याग कर कुलिश की नोक पर मचलने वाले नेताजी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महारथियों की प्रथम पंक्ति में परिगण्य है।

सुभाष चंद्र बोस का जन्म ओड़िशा प्रांत के कटक शहर के एक प्रतिष्ठित परिवार में 23 जनवरी 1897 में हुआ था। इनके पिता का नाम राय बहादुर जानकी दास बोस था तथा माता का नाम प्रतिभा देवी था। इनके पिता बंगाल प्रांत के 24 परगना जिले के कोदालिया नामक गांव के निवासी थे। वे अपनी प्रतिभा की बदौलत कटक नगरपालिका के चेयरमैन बने तथा नगर के प्रतिष्ठित वकीलों में उनकी गणना होती थी। अंग्रेजी सरकार ने इनके कार्यों से प्रसन्न होकर इन्हें रायबहादुर की उपाधि प्रदान की। इनकी माता धर्म निष्ठ महिला थीं। ऐसे मां-बाप का पूर्ण प्रभाव सुभाष पर पड़ा। वे भी दीन दुखियों की सेवा निस्पृह भाव से करते थे।

नेताजी बचपन से ही मेधावी छात्र रहे। उन्होंने 1913 में मैट्रिक की परीक्षा रेवेंसा कालेजियट स्कूल से प्रथम श्रेणी में पास की और इंटर में कोलकाता के प्रेसीडेंसी कालेज में नामांकन कराया। उस कॉलेज के प्रो ऊटन विद्यर्थियों पर बड़ा अत्याचार करते थे और सदैव भारतीयों को निंदा जनक शब्द कहा करते थे। स्वाभिमानी सुभाष ने एक दिन उनके इसी व्यवहार के कारण उन्हें एक चांटा जड़ दिया। उस दिन से उन्होंने निंदा जनक बातें कहनी बंद कर दीं, परंतु नेताजी को कॉलेज से निकाल दिया गया। इसके बाद उन्होंने स्काटिश चर्च कॉलेज में नामांकन कराया और वहीं से बीए आनर्स की परीक्षा प्रथम श्रेणी में पास की। 1919 में नेताजी ने आइसीएस की परीक्षा में उत्तीर्णता प्राप्त की। नेताजी प्रथम भारतीय थे, जिन्होंने आइसीएस की परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त की, परंतु उन्होंने अंग्रेजों की नौकरी को नहीं स्वीकारा और अपने को राष्ट्रीय आंदोलन में समर्पित कर दिया।

नेताजी के जीवन पर देशबंधु चितरंजन दास के त्याग और तपस्या का गहरा प्रभाव पड़ा। नेताजी उन्हें गुरु की तरह पूजते रहे और उनके स्वराज दल के कार्यों में पूरी सहायता करते रहे। अपने राष्ट्र प्रेम के कारण थोड़े ही दिनों में नेताजी ब्रिटिश सरकार की शनि दृष्टि के शिकार हुए और उन्हें आतंकवाद को प्रोत्साहित करने के आरोप में 25 अक्टूबर 1924 को माडले जेल में बंद कर दिया गया। फिर तो वे कई बार जेल गये, परंतु अंग्रेजों की स्वाधीनता स्वीकार नहीं की। वे अंग्रेजों से नजर बचा कर विदेश चले गये और भारत को स्वतंत्र कराने के उद्देश्य से 5.7.1943 को आजाद हिंद फौज का गठन किया। इसी सेना ने 1943 से 1945 तक शक्तिशाली अंग्रेजों से युद्ध किया था तथा उन्हें भारत को स्वतंत्रता प्रदान कर देने के विषय में मजबूर किया। गांधीजी से मतभेद होने के कारण वे कांग्रेस से अलग हो गये। वे गरम दल के नेता थे और गांधीजी नरम दल के। नेताजी अंग्रेजों से लोहा लेकर भारत को आजाद करना चाहते थे और इसके लिए उन्हें हिंसा से परहेज न था। कहा जाता है कि जब नेताजी वायुयान द्वारा बैंकॉक से जापान जा रहे थे, तो उनके विमान में आग लग गयी औरउनकी मौत हो गयी। यह समाचार टोकियो रेडियो से 18.8.1945 को प्रसारित हुआ था।

नेताजी अपने राष्ट्र प्रेम के कारण भारतीयता की पहचान बन गये थे। भारतीय युवक उनसे राष्ट्र के लिए मर मिटने की प्रेरणा ग्रहण करते थे। जय हिंद का नारा नेताजी ने दिया था और नेता संज्ञा उनको पाकर सार्थक हो गयी। उनका कहना था 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा।' नेताजी जैसे राष्ट्र भक्तों पर सदैव भारत को नाज और ताज रहेगा। राष्ट्रकवि दिनकर के शब्दों में ऐसे राष्ट्र सपूत को कोटिशः नमन ,वंदन अभिनंदन हैः

नमन उन्हें मेरा शत बार।
वीर, तुम्हारा लिए सहारा,
टिका हुआ है भूतल सारा,
होते तुम न कहीं तो कब का,
उलट गया होता संसार।
नमन उन्हें मेरा शत बार।
चरण धूलि दो शीश लगा लूं,
जीवन का बल तेज जगा लूं,
मै निवास जिस मूक स्वप्न का,
तुम उसके सक्रिय अवतार।,
नमन उन्हें मेरा शत बार।

अभी तो वे भारत की आजादी का सपना लिए संघर्ष ही कर रहे थे कि अचानक परमेश्वर ने उन्हें अपने पास बुला लिया शायद उन्हें भी इन्हीं की जरूरत थीः-

जाकी यहां चाहना है,
वाकी वहां चाहना है।
जाकी यहां चाह ना है,
वाकी वहां चाह ना है।

किसी शायर की ये काव्य -पंक्तियां उन पर बड़ी सटीक बैठती हैंः-

बड़े गौर से सुन रहा था जमाना,
तुम्हीं सो गये दास्तां कहते कहते।

अब वे हमारे नजरों से सदा के जुदा होकर खुदा (ईश्वर) हो गये हैंः

नजरों से ऐसे जुदा हो गये हैं।
लगता है जैसे खुदा हो गये हैं।
जय हिंद,जय नेता जी

**(लेखक : कुलपति, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# आदिवासी हो समाज युवा महासभा का मागे मिलन समारोह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** आदिवासी हो समाज युवा महासभा एवं कोऑपरेटिव कॉलेज इकाई के तत्वावधान में 10वां मागे मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रविवार को 8 पुजारी ने देशाउली पूजा स्थल में ईस्ट देवी देवताओं को इली रासी अर्पित कर सुख समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कोल्हन विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ गंगाधर पांडा के अनुपस्थिति में जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज के प्राचार्य डॉ अमर सिंह ने पारंपरिक वाद्य यंत्र 'दमा-दुमंग' बजाकर एवं सामूहिक मागे नृत्य कर समारोह का उद्घाटन किया।

कोऑपरेटिव कॉलेज के अध्यक्ष मधुसूदन बारी के नेतृत में मंच का संचालन विश्वजीत लागुरी, हरि होनहागा, लाल दिग्गी एवं मनोरंजन हेंब्रम ने किया। मौके पर प्राचार्य डॉ अमर सिंह ने कहा जल जंगल जमीन आदिवासी की पहचान है। मागे पर्व हो समुदाय का पवित्र पूजा व प्राकृति का पर्व है। इसे बचाने की जरूरत है।

विशिष्ट अतिथि भूतपूर्व डीडीसी सीताराम बारी ने कहा आदिवासी समाज मे संस्कृति के साथ शिक्षा में जोर देना होगा। इस अवसर पर बेस्ट पारंपरिक ड्रेस कोड का पुरुस्कार छात्रा कौशल्या कालुन्डिया व छात्र अनिल कुंकल को मिला। समारोह में कोल्हान विश्वविद्यालय के अलावा अन्य राज्यों के विश्वविद्यालयों के अंगीभूत कॉलेजों के छात्र-छात्राएं, शिक्षक, शिक्षाकेत्तर कर्मचारी, छात्र नेता, समाजसेवी, समाज के प्रतिष्ठित लोग, हो' फिल्म इंडस्ट्री के अभिनेता-अभिनेत्री एवं समाज के सैकड़ों लोग पारंपरिक परिधान के साथ उपस्थित रहे। सभी दमा-दुमंग' की थाल पर सामूहिक 'मगे नृत्य' एवं संगीत का भरपूर लुप्त उठाया। समारोह में बेस्ट ड्रेस कोड के विजेता छात्र एवं छात्रा को पारंपरिक पोशाक एवं पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया। कॉलेज के दिऊरी लाल सिंह सिरका ने धन्यवाद ज्ञापन कर समारोह का विधिवत समापन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संरक्षक प्रो संजीव कुमार बिरुली, सुरा बिरूली, डॉ संगीता बिरुवा, सार्जेंट मेजर रांधो देवगम, सब इंस्पेक्टर गुलशन बिरुवा, अधिवक्ता संजय गागराई, अजय होनहागा, दिऊरी मे लाल सिंह सिरका, बल्लभ सिंकु, सचिन सिंकु, सुरजा पुरती, धनेश्वर ईचागुटु, आकाश दिग्गी, सुरा बिरूली, मधुसूदन बारी, हरि होनहागा, प्रशांत बारी, राम गोडसोरा, कुलभूषण बिरूली, कृष्णा चन्द्र पुरती, लाल दिग्गी, राजेश सिंकु, श्याम प्रकाश हेंब्रम विजय काईका, राधेश्याम सिंकु, संगीता सामड, निकिता बिरूली, अधिवक्ता मनोज मेलगांडी, विक्रम किस्कू, शिवा गोप जीतमोहन गोप, आकाश गोप,बयान लागुरी, नीतीश रजक की भूमिका अहम रही।

# गोलमुरी प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने बाडीडीह से 'भारत जोड़ो यात्रा' की शुरुआत की



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** गोलमुरी प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लकी शर्मा के नेतृत्व में बारीडीह बजरंग चौक से भारत जोड़ो यात्रा प्रारंभ किया गया। रविवार को भारत जोड़ो यात्रा बागुन नगर व बागुन हातु होते हुए आगे बढ़ी। मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर, कर्मचारी कांग्रेस के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष शैलेश पांडे, बबलू झा, राजा सिंह राजपूत, प्रमोद मिश्रा, सुल्तान अहमद, अजितेश उज्जैन, बारीडी मंडल अध्यक्ष हरे कृष्णा लोहार, सिधगोड़ा मंडल अध्यक्ष मन्नू झा, गोलमुरी प्रखंड उपाध्यक्ष नरेश सिंह, असंगठित कर्मचारी यूनियन के महानगर अध्यक्ष मनीष चंद्रवंशी, जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह, बारीडीह मंडल उपाध्यक्ष गौतम रविदास, राकेश गुप्ता, संदीप, चंदन यादव, महासचिव रिंकू तिवारी, जिला महासचिव अनिता, परसुडीह प्रखंड अध्यक्ष अखिलेश यादव, बादशाह, पूजा डे, मनीष मार्डी, बर्मामाइंस मंडल अध्यक्ष राहुल पासवान शामिल रहे।

# एकजुटता से मिलेगी राजनीति में भागीदारी : योगेंद्र साव



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन का जिला सम्मेलन सह वनभोज रविवार को डिमना लेक में आयोजन किया गया। मौके पर पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने कहा समाज में एकजूटता जरुरी है। एकजूट रहने से ही राजनीति में भागीदारी सुनिश्चित हो सकेगी। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहु ने कहा सत्ता में हिस्सेदारी के लिए युवाओं को आगे आना होगा। तभी समाज का विकास संभव है। महिला प्रदेश अध्यक्ष प्रियंका साहु, प्रदेश युवा अध्यक्ष शीतल साहु, अर्जुन साव, दीपक कुमार, अनिल साव, रुक्मीणी देवी ने भी समाज की संबोधित किया। अंत में लजीज ब्यंजन का सभी ने लुत्फ उठाया।कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता व धन्यवाद ज्ञापन राजकिशोर प्रसाद ने किया। मौके पर जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता, महामंत्री दिलीप कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष विनय कुमार गुप्ता, शेखर कुमार, शशि महाराज,प्यारे लाल साह,अनीता देवी, सुनील साहू और कृष्णा साव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की बैठक में किया गया संगठन का विस्तार



**कांडी (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा) की एक आवश्यक व महत्वपूर्ण बैठक प्रखंड स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में आहूत की गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परसुराम की तस्वीर की पूजाअर्चना कर किया गया। बैठक की अध्यक्षता रामलला दुबे ने की। जिलाध्यक्ष मनोज तिवारी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन का ढांचा तैयार करना है। आज एक ओर जहां सभी कोई अपने-अपने समुदाय को लेकर एक होते जा रहे हैं वहीं दूसरी ओर हमारा ब्राह्मण समाज इन सब से दूर राजनीति का विषय बनता जा रहा है। संबोधित करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि हम सभी को समाज को जोड़ने से पहले परिवार को जोड़ने की आवश्यकता है। आज के समय की यह स्थिति हो गई है कि यदि परिवार में दो भाई हैं तो दोनों भाइयों में आपसी विवाद इस कदर है कि दोनों एक-दूसरे के विरोधी बन बैठे हैं। अतः सबसे महत्वपूर्ण है कि हम अपने परिवार को जोड़ कर रखें, तभी हमारा समाज जुड़ेगा। संघ का विस्तार करते हुए प्रखंड संयोजक बनाए गए जिसमें डूमरसोता पंचायत से राममणि तिवारी, मझिगावां पंचायत से जितेंद्र चौबे, मिथिलेश चौबे, पतीला से अनूप कुमार पांडेय, राणाडीह से सतेंद्र चौबे, बलियारी से रामलला दुबे। सभी को नियुक्त करते हुए अपने-अपने पंचायत में संघ को मजबूत करने का आग्रह किया गया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद तिवारी, जिला कार्यकारिणी से प्राभारी ब्रजेन्द्र पाठक, जिलाध्यक्ष मनोज तिवारी, रितेश चौबे, विकास तिवारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### विवाहिता को शराब पिलाकर दुष्कर्म करने का हरिहरपुर ओपी में मामला दर्ज

**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र अंतर्गत डूमरसोता पंचायत से एक विवाहित महिला को शराब पिलाकर दुष्कर्म करने का नया मामला प्रकाश में आया है। हरिहरपुर ओपी में दिए गए लिखित आवेदन के अनुसार शनिवार की रात्रि में डूमरसोता पंचायत के ही रविन्द्र मेहता पिता नवल मेहता पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पीड़िता ने बताया कि वह घर में अकेली थी जिसका फायदा उठाकर आरोपी दो बोतल देसी शराब लेकर आया और शराब का सेवन किया व घर में रह रही 35 वर्षीय महिला व उसके दिव्यांग अबोध बालक को जबरन शराब पिलाया तथा जब महिला शराब के नशे में हो गई तो उसका फायदा उठाते हुए आरोपी ने उक्त महिला के साथ दुष्कर्म किया और घर से फरार हो गया। घटना की सूचना के बाद रविवार की सुबह हरिहरपुर ओपी प्रभारी मामले की छानबीन करने पीड़िता के घर गए, पर उक्त महिला ने दुष्कर्म की घटना को गलत बताया था। बाद में पीड़ित महिला ने बताया कि पुलिस के आने से पहले ही आरोपी रविन्द्र मेहता ने घर आकर घर पर डराया-धमकाया था। जिसके भय से वह पुलिस को नहीं बता पायी थी। पीड़िता ने मामला दर्ज कराते हुए बताया कि शनिवार को उसके पति व सौतेला बेटा दोनों ही घर पर नहीं थे, जिसका फायदा उठाते हुए आरोपी ने ऐसे काम को अंजाम दिया। ग्रमीणों के ढाढ़स बंधवाने के बाद महिला ने हरिहरपुर ओपी में देर शाम आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है। इधर हरिहरपुर ओपी प्रभारी कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि महिला के द्वारा दिये गए आवेदन व उसके द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मामला दर्ज कर विभाग को अग्रेतर कार्रवाई हेतु भेज दिया गया है तथा मामले की तहकीकात की जा रही है आरोपी की खोजबीन शुरू कर दी गयी है।

### ऑन स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब के टूर्नामेंट का उद्घाटन



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** ऑन स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने भगवान श्री कृष्ण राधिका की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया। तत्पश्चात पूर्व विधायक अनंत प्रताप द्वारा सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद क्रिकेट मैच शुरू कराया। मौके पर उद्घाटनकर्ता पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि ऑन स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब जंगीपुर के द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन आज से शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को एवं अपने अन्य कार्यों के साथ साथ हम सभी लोगों को खेलों के प्रति रुचि रखनी चाहिए। क्रिकेट के खेल से हमें चुस्ती फुर्ती के साथ-साथ उर्जा भी मिलती है। इस तरह के खेल हमें उत्तम स्वास्थ्य एवं फिटनेस प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि बहुत ही जल्द अपने अनुमंडल क्षेत्र में भी एक क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण कराया जाएगा। जिसके लिए मैं मुख्यमंत्री से लगातार बात कर रहा हूं। उद्घाटन मैच सूर्या क्रिकेट क्लब पाल्हे और चितविश्राम के बीच खेला गया। मौके पर झामुमो के जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडे, समाजसेवी रमेश प्रसाद,झामुमो नेत्री किरण देवी, अवधेश मेहता, धनंजय चंद्रवंशी,मनिजर महतो सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

**प्रेस कांफ्रेंस : बरदरी में 4 करोड़, 67 लाख की लागत से होगा पुल का निर्माण, मिली स्वीकृति**

# गढ़वा के विकास में लगी है मेरी संपूर्ण ऊर्जा : मिथिलेश ठाकुर

**बूढ़ापरास-बान्दु रोड के बरदरी गांव में वर्षों से क्षतिग्रस्त क्षतिग्रस्त पुल से ग्रामीणों को मिलेगी निजात**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के रंका प्रखंड के बूढ़ापरास-बान्दु रोड के बरदरी गांव में वर्षों से क्षतिग्रस्त पड़े पुल का निर्माण किया जाएगा। चार करोड़, 67 लख रुपये की लागत से इस पुल के निर्माण की स्वीकृति झारखंड सरकार ने प्रदान कर दी है। इस पुल के निर्माण से बांदु, चुतरू, कर्री, बरदरी आदि करीब दर्जन भर गांव के लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी।

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि रंका प्रखंड के बूढ़ापरास से बान्दु जाने वाले पथ के बरदरी गांव में वर्षों से क्षतिग्रस्त पुल का निर्माण चार करोड़, 67 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा। राज्य सरकार ने इसकी प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। शीघ्र निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य प्रारंभ किया जाएगा। अब जल्द ही बान्दु, चूतरू के लोगों को इस क्षतिग्रस्त पुल से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि बरदरी गांव का यह पुल अपने निर्माण के कुछ वर्षों के बाद ही ध्वस्त हो गया था। इस संबंध में न तो संवेदक पर कोई कारवाई हुई और न ही इसके पुनर्निर्माण के लिए किसी भी जनप्रतिनिधि ने प्रयास किया। स्थानीय लोगों की लगातार गुहार के बाद भी जनप्रतिनिधि का इस ओर ध्यान नहीं गया। ग्रामीण अपनी जान जोखिम में डालकर यात्रा करते रहे। भारी वाहनों का आवागमन बंद हो गया, पर हमारे विनोदी जनप्रतिनिधि कान में तेल डाल कर सोते रहे। उन्हें अपनी नकारात्मक राजनीति, झूठ, फरेब और समाज को बांट कर अपना उल्लू सीधा करने के सिवा जनता का कार्य करने की फुरसत ही कहां थी। जनता की करारी लताड़ के बाद भी वे अपनी तुच्छ राजनीति से बाज नहीं आ रहे।



फोटो : क्षतिग्रस्त पुल

**'आने वाले समय में यहां के लोग एक नया गढ़वा देखेंगे'**

मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि लोकतंत्र और स्वच्छ राजनीति में आलोचना सर्वदा ग्राह्य है। आलोचना और निंदा किसी भी जनप्रतिनिधि को निरंकुश होने से बचाता है। समाज के सबसे निचले पायदान पर बैठा व्यक्ति भी यदि हमारे कार्यों, हमारी नीतियों की तार्किक आलोचना करता है तो मैं उसे सहर्ष स्वीकार करूंगा। उसे संतुष्ट करने की पूरी कोशिश करूंगा, पर निगेटिव पॉलिटिक्स करने का न तो मेरे पास समय है और न ही वैसी ऊर्जा। मंत्री ने कहा कि वे अपनी सारी ऊर्जा क्षेत्र के विकास में व लोगों के घाव भरने में लगाना चाहते हैं। आने वाले समय में यहां के लोग एक नया गढ़वा देखेंगे। अपने गढ़वा में वह सब होगा जो अब तक एक सपना था। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास जनता के साथ झूठ, फरेब एवं छल के बल पर नहीं बल्कि दृढ़ इच्छा शक्ति एवं दृढ़ संकल्प के बल पर होता है। इसके लिए ईमानदारी पूर्वक प्रयास करना पड़ता है। मंत्री ने कहा कि इतिहास गवाह है कि झूठ की आयु लंबी नहीं होती है। जबकि सच्चाई की ताकत युगों-युगों तक बनी रहती है।

### रामचरितमानस महायज्ञ को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा

**पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश स्थापना कर यज्ञाग्नि का आह्वान किया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** नगर परिषद क्षेत्र के सहिजना में श्री रामचरितमानस नवाह्नपरायण महायज्ञ सह बजरंगबली की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। आचार्य धर्मराज पांडेय के कुशल निर्देशन में निकाली गई कलश यात्रा के साथ ही नौ दिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ हो गया। यज्ञ स्थल देवी धाम सहिजना से प्रारंभ हुई यह कलश यात्रा सहिजना, चिनिया रोड, पिपरा खुर्द करमडीह का भ्रमण करते हुए जुड़वानिया मंदिर के सामने से पवित्र कलश में जल भर कर पुनः यज्ञस्थल पहुंची। जहां यज्ञाचार्य धर्मराज पांडेय के निर्देशन में यज्ञ पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश स्थापना कर यज्ञाग्नि का आह्वान किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कुमारी कन्याएं व सुहागवती महिलाएं सिर पर कलश धारण कर चल रही थीं। इस दौरान जय श्री राम, पवनसुत हनुमान की जय की जयकारे के साथ-साथ भक्ति गीत से आस्था व श्रद्धा की अविरल धारा बहती नजर आ रही थी।

गाजे-बाजे व ढोल-नगाड़े के साथ निकाली गई कलश यात्रा में विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार सिन्हा, वार्ड पार्षद रश्मि सिन्हा, अध्यक्ष बृजमोहन कुमार, रामदेव राम, अंबिका महतो, विजय, अजय महतो, ओमप्रकाश तिवारी, नवीन पाठक, प्रणव कुमार, विकास, दिनेश केशरी, उमेश पांडेय, लाल मोहन महतो, मुकेश कुमार सिन्हा, कृष्णा पाल, सतनारायण सिन्हा, राजू सिन्हा, शशि भूषण चौधरी, अरविंद दुबे, अमित उपाध्याय, दीपू दुबे, मनोज भारत, नीरज दुबे, अरविंद तिवारी सहित हजारों की संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए।

### रंका पैक्स में धान क्रय केंद्र का उद्घाटन

**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल मुख्यालय के अंतर्गत पैक्स में धान क्रय केंद्र का प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम, प्रखंड प्रमुख हेमंत लकड़ा, अंचल पदाधिकारी शंभू राम, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व नारियल फोड़कर उद्घाटन किया। मौके पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, सांसद प्रतिनिधि कमलेश नंदन सिन्हा, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता उपस्थित थे। मौके पर बीडीओ देवानंद राम ने कहा कि किसानों को धान बिक्री करने में आसानी होगी। मौके पर अंचल पदाधिकारी शंभू राम ने कहा कि धान की कटाई के बाद से हो रही बाधाओं से मुक्ति मिलेगी। मौके पर पैक्स के संचालक परशु ठाकुर, पप्पू सिन्हा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### रमना में शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र यज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा



**रमना (आजाद सिपाही)।** रमना-डंडई मुख्य सड़क चुंदी ग्राम के बाबा चुंदेश्वर नाथ पहाड़ी मंदिर के प्रांगण में शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र यज्ञ का महाकलश यात्रा सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ रविवार को गाजे-बाजे के साथ निकाली गयी। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो नेता सह पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। रविवार को विशाल कलश यात्रा मंदिर परिसर से होते हुए चुंदी देवी धाम से फटहा नदी से जल भरकर पुनः मंदिर में कलश स्थापना कर यज्ञ पूजन के साथ पूजा पाठ शुरू कर दी है। अयोध्या से आये हुए संत ने बताया कि सोमवार को पंचांग पूजन, पूजा तथा प्रवेश पूजन की जाएगी। 24 जनवरी दिन मंगलवार को अग्नि स्थापना, 26 जनवरी को शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा एवं 27 जनवरी को पूणार्हुति के साथ महा भंडारा का आयोजन कराया जाएगा। वहीं यज्ञ महासमिति के अध्यक्ष संतोष साह ने कहा कि महायज्ञ के दौरान बाहर से आये हुए संत महात्माओं के द्वारा भगवत राम कथा का प्रवचन प्रतिदिन कराया जाएगा। यज्ञ में उपाध्यक्ष रामप्यारे प्रजापति, सचिव प्रमोद सिंह, उपसचिव विष्णु देव प्रजापति, कोषाध्यक्ष गुलाबचंद साह, उप कोषाध्यक्ष रमेश साह, गोविंद साह, अकलु साह, शंभू यादव, महेंद्र पाल, रामजन्म परहिया, एस कुमार प्रजापति, लालमुनि साह, अशर्फी साह, राकेश विश्वकर्मा, बिरेंद्र पाल, मोहन साह, अनिल राम, राजू प्रजापति, धनंजय साह, कालीचरण साह, नागेंद्र पाल, विष्णुदेव प्रजापति आदि जुटे हैं।

### प्रत्येक रविवार को जिला में चलाया जायेगा एआइएमआइएम पार्टी का सदस्यता अभियान




**एआईएमआईएम पार्टी की बैठक में अध्यक्ष मोजाहिम अंसारी ने सभी सदस्यों को दिये निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** ऑल इंडिया मजलिस इत्तेहादुल मुस्लिमीन गढ़वा जिला अध्यक्ष (यूथ) मोजाहिम अंसारी की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में गढ़वा जिला से आये हुए सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए डॉ. एमएन खान ने कहा कि प्रत्येक रविवार के दिन पार्टी के लोग जिला के विभिन गांव, पंचायत और वार्ड का दौरा करेंगे और पार्टी की सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा गांव-गांव जाकर लोगों को पार्टी के विचारों से अवगत कराने का काम किया जाएगा। ताकि आने वाले समय में पार्टी जमीनी स्तर पर मजबूत हो सके। जिसका फायदा आने वाले चुनाव में मिलेगा।

इस मौके पर कई लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलायी गयी। जिसमें अवध किशोर मेहता, अक्षय राम, अजय कुमार रवि सहित अन्य लोग शामिल हुए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सतेंद्र कुमार रजक, जिला सोशल मीडिया प्रभारी मजहर हुसैन अंसारी, अब्दुल शकूर अंसारी, जिला संरक्षक हाजी नसीरुद्दीन इबरान अंसारी, युवा प्रखंड अध्यक्ष रंका कामेश कुमार रवि, प्रखंड युवा सचिव रंका खुशदिल अंसारी, प्रखंड युवा कोषाध्यक्ष रंका फारूक अंसारी, हैसियत रजा, मुमताज मंजर, खुर्शीद खान रमजान अंसारी, इफ्तेखार खान आदि लोग उपस्थित थे।

### कलश यात्रा के साथ मां जगत जननी की प्राण प्रतिष्ठा एवं शतचंडी पाठ शुरू



**मंझिआंव (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर आठ ग्राम बकोइया में महंत केशव नारायण दास जी के निर्देशन में मां जगत जननी की प्राण प्रतिष्ठा एवं शतचंडी पाठ के प्रयोजन में हिंदू रीति रिवाज एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा का शुभारंभ मां जगत जननी मंदिर परिसर से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मुख्य बाजार होते हुए स्थानीय कोयल नदी संगम तट बैलगाड़ी घाट को प्रस्थान किया, जहां से माता रानी के भक्तों ने जल भरकर पुनः मां जगत जननी परिसर में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश स्थापना की। माता रानी की असीम कृपा से मातृभूमि बकोईया में भव्य निर्मित मंदिर में मां की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा एवं शतचंडी पाठ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें चार दिवसीय कार्यक्रमों में सभी कार्यों को निष्पादन किया जाना है। गौरतलब है कि दिनांक 22 जनवरी 2023 दिन रविवार को जल यात्रा एवं शतचंडी पाठ का प्रारंभ, दिनांक 23 जनवरी 2023 दिन बुधवार को नगर भ्रमण, दिनांक 26 जनवरी 2023 दिन गुरुवार को प्राण प्रतिष्ठा हवन एवं पाठ पूणार्हुति, दिनांक 27 जनवरी 2023 दिन शुक्रवार को भंडारा, महाप्रसाद वितरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। बताते चलें कि सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन के रूप में रामलीला पाठ का मंचन 22 जनवरी 2023 संध्या 7:00 बजे से 28 जनवरी 2023 तक किया जाएगा। कलशयात्रा में भगवान दत्त तिवारी, अमित पाठक सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल थे। वहीं इस कार्य के मुख्य मार्गदर्शक राधा कृष्ण मंदिर के महंत बाबा केशव नारायण दास एवं आचार्य कथावाचक दिलीप त्रिपाठी का सराहनीय योगदान है।

### बीडीओ ने पीएम आवास योजनाओं की जांच कर एक सप्ताह में पूर्ण करने के दिये निर्देश

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** पंडरिया पंचायत अंतर्गत आदिवासी टोला घाघरा में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों का रविवार को बीडीओ जयपाल महतो ने निरीक्षण किया। बीडीओ जयपाल महतो ने बताया कि गढ़वा उपायुक्त के निर्देश पर प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत का पीएम आवास योजना की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि वैसे लाभार्थी जिसके द्वारा आवास निर्माण की राशि निकासी के बाद भी आवास का निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया गया है, वैसे लाभार्थी को चिन्हित करते हुए उन्हें एक सप्ताह के अंदर पीएम आवास का निर्माण शुरू कर डोर लेबल तक पहुंचाने की सख्त हिदायत दी गई है। उन्होंने बताया कि वैसे लाभुक जो पीएम आवास का दो किस्त निकालने के बाद भी आवास की ढलाई नहीं करने तथा जिन लाभुकों द्वारा पैसा निकालने के बाद भी आवास निर्माण शुरू नहीं कराया जाता है, तो उसके विरुद्ध सर्टिफिकेट केस के साथ-साथ उनसे राशि रिकवरी की जायेगी। मौके पर एएसआई आरपी इंदवार, पंचायत सेवक सतीश सिंह, पीएमजेवाई प्रखंड समन्वयक सिराज अहमद, मुखिया अनिल चौबे उपस्थित थे।

**कार्यक्रम : वनांचल डेंटल कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न**

# प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागी किये गये पुरस्कृत

**खेलने-कूदने से शारीरिक मजबूती के साथ मानसिक रूप से भी शसक्त बन सकते हैं : कमांडेंट**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह यूनिवर्सिटी कैम्पस में वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा वार्षिक खेलकूद का आयोजन किया गया। वार्षिक खेलकूद का आयोजन 15 जनवरी से 22 जनवरी तक संचालित किया गया। जिसके समापन समारोह के मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सीआरपीएफ कमांडेंट नृपेंद्र सिंह के हाथों अव्वल आये प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता में विभिन्न तरह के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो, शॉटपुट लोंग जंप, कबड्डी, खो-खो, 100 मीटर ,200 मीटर और 500 मीटर का दौड़ शामिल थे। आयोजित प्रतियोगिताओं में सर्वप्रथम पुरुष तथा महिला का शॉट पुट डिस्कस थ्रो जेवलिन थ्रो का आयोजन किया गया। जिसमें पुरुष वर्ग में जीएनएम रितेश कुमार प्रथम रहे जबकि महिला वर्ग में बीडीएस की छात्रा ज्योति पांडे विजयी घोषित की गई। डिस्क थ्रो में बीएचएमएस की छात्रा उत्कर्ष मिश्रा तथा बीडीएस की छात्रा ज्योति पांडे विजेता घोषित की गई। जेवलिन थ्रो में बीडीएस की छात्रा सत्या तथा बीडीएस की छात्रा ज्योति पांडे विजेता घोषित की गई। वहीं छात्रा ज्योति पांडे लगातार तीनों प्रतिस्पर्धा में विजेता रही। महिला कबड्डी प्रतिस्पर्धा में कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्रा विजेता घोषित की गई। खो-खो प्रतियोगिता में वनांचल कॉलेज ऑफ नर्सिंग की महिला टीम ने बाजी मारी और विजेता घोषित की गई। लॉन्ग जंप में पुरुष वर्ग के बीएचएमएस का छात्र उत्कर्ष कुमार तथा महिला वर्ग में वनांचल कॉलेज ऑफ नर्सिंग की चंचला कुमारी विजेता घोषित की गई। कबड्डी में वनांचल कॉलेज ऑफ नर्सिंग की महिला टीम और देवकी महावीर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च अस्पताल के महिला टीम के बीच प्रतियोगिता हुई। जिसमें नरसिंह की टीम विजेता रही। बीडीएस तथा बीएचएमएस के छात्राओं के बीच क्रिकेट मैच का फाइनल खेला गया। जिसमें बीडीएस की टीम ने बीएचएमएस के टीम को हराकर और फाइनल की विजेता घोषित की गई। वॉलीबॉल में जीएनएम की छात्राओं ने बीडीएसके छात्राओं को फाइनल में हराकर विजेता बनी। फुटबॉल मैच का फाइनल बीएससी नर्सिंग के छात्राओं और बीडीएसके छात्राओं के बीच खेला गया। जिसमें बीएससी नर्सिंग के छात्राओं ने 1- 0 से मैच जीतकर विजेता घोषित की गई। 100 मीटर बालक की दौड़ प्रतिस्पर्धा में वनांचल कॉलेज ऑफ साइंस के देवानंद कुमार को घोषित किया गया। महिला प्रतिस्पर्धा में बीएससी नर्सिंग की छात्रा साक्षी कुमारी को विजेता घोषित की गई। सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि के हाथों कप मेडल तथा सर्टिफिकेट देकर उनके हौसले को बढ़ाया गया तथा खेलकूद के महत्व को बताया गया। प्रतियोगिता के दौरान मुख्य अतिथि सीआरपीएफ कमांडेंट नृपेंद्र सिंह को वनांचल डेंटल कॉलेज के चेयरमैन दिनेश प्रसाद सिंह ने बुके एवं शॉल उड़ाकर सम्मानित किया। मौके पर मुख्य अतिथि सीआरपीएफ कमांडेंट नृपेंद्र सिंह ने कहा कि खेलने कूदने से ही बच्चे शारीरिक स्वास्थ्य मानसिक रूप से मजबूत होते हैं।

वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन में प्रमुख भूमिका खेल निदेशक ओमप्रकाश, डॉ अखिलेश तोमर, डॉ अमित कुमार मिश्रा तथा राकेश कुमार सिंह द्वारा निभायी गयी। जिसके लिए ट्रस्ट की ओर से उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई दी गयी।

### गढ़वा जिला कलवार जयसवाल समाज महिला कमेटी का गठन, विनीता नंद बनी अध्यक्ष

**महिलाओं की सहभागिता से हमारे समाज का विकास होगा : डॉ मुनि प्रसाद गुप्ता**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** जिले के नगर परिषद क्षेत्र टंडवा स्थित शगुन बैंक्वेट हॉल में कलवार जयसवाल समाज की बैठक विनोद जायसवाल की अध्यक्षता में की गई। बैठक में महिला कमेटी का गठन किया गया। इस बैठक में समाज के अध्यक्ष विनोद जयसवाल ने कलवार महिला समाज के अध्यक्ष के रूप में विनीता नंद, महासचिव ऋतु जयसवाल, कोषाध्यक्ष किरण गुप्ता को बनाया गया। साथ ही उपाध्यक्ष के रूप में अंजू जायसवाल, रीमा स्वरूप, ज्योति गुप्ता, पुष्पा गुप्ता, पल्लवी पुंज को मनोनीत किया गया। वहीं संगठन सचिव के रूप में रंजना जायसवाल को मनोनीत किया गया। साथ में संयुक्त सचिव की जिम्मेवारी निशा जायसवाल, उषा गुप्ता, प्रियंका देवी, छवि जायसवाल पाली गुप्ता को दी गयी। संरक्षक के रूप में शालिनी गुप्ता, कंचन जायसवाल, बीना गुप्ता, लता वर्मा, वर्षा जयसवाल, सरस्वती देवी का चयन किया गया।

मौके पर समाज के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे। जिसमें अध्यक्ष विनोद जायसवाल महासचिव नंदलाल प्रसाद कोषाध्यक्ष धनंजय जायसवाल सचिव शशि शेखर गुप्ता गुप्ता डॉक्टर मुरली प्रसाद गुप्ता सुरेश गुप्ता राकेश कुमार जायसवाल दीपक जायसवाल विशाल जायसवाल आनंद ऋषभ जायसवाल वीरेंद्र प्रसाद बृज बिहारी प्रसाद राजीव कुमार पीएन गुप्ता राजेश कुमार रवि कुमार अशोक कुमार अन्य लोग उपस्थित थे। उक्त अवसर पर समाज के अध्यक्ष विनोद जयसवाल ने नव निर्वाचित महिला कमेटी को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। वहीं डॉ मुनि प्रसाद गुप्ता ने कहा कि समाज में महिलाओं की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। इससे हमारे समाज का विकास होगा। आपकी बेटी रोटी का संबंध स्थापित होगा एवं समाज में समरसता बढ़ेगी।

## 9 एकड़ में लगी अफीम की फसलों को पुलिस ने किया नष्ट

**राहे (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के अंबाझरिया पंचायत के विभिन्न गांव और जंगल के बीच लगे 9 एकड़ जमीन में अफीम की खेती को अनगड़ा पुलिस व एसएसबी 26वीं बटालियन ए कंपनी के जवानों ने संयुक्त अभियान चलाकर शनिवार को नष्ट कर दिया। अनगड़ा थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार ने बताया कि सीनियर एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश व गुप्त सूचना के आधार पर अनगड़ा पुलिस व एसएसबी के इंस्पेक्टर रविशंकर के नेतृत्व जवानों ने अफीम के पौधों को नष्ट किया। अफीम के पौधों को किसने लगाया इसकी जांच की जा रही है। लोगों से पूछताछ की जा रही है। अभियान में अनगड़ा थाना प्रभारी के साथ ही एसएसबी हरदीप सिंह, भूपेन्द्र कुमार, दीपक कुमार आदि उपस्थित थे।

## प्रदीप वर्मा फाउंडेशन के सौजन्य से विभिन्न गांवों में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड बारेंदा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में रविवार को प्रदीप वर्मा फाउंडेशन के सौजन्य से भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा की ओ्र से विधवा, दिव्यांग एवं असहाय जरूरतमंदों के बीच ठंड से बचाव के लिए कंबल का वितरण किया गया। मौके पर बारेंदा भाजपा के मंडल अध्यक्ष मनोज महतो, भाजयुमो रांची ग्रामीण जिला मीडिया प्रभारी संजय कुमार महतो, जयपाल महतो, सुबोध महतो, राजकुमार महतो और चरकू महतो आदि मौजूद थे।

## तमाड़ के राजागढ़ में भव्य टुसू मेले का आयोजन



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ राजागढ़ में रविवार को विराट टुसू मेले का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने मेले का भरपूर आनंद उठाया। पूरे पंच परगना इलाके से चौडल टुसू को लेकर नगाड़े के ताल में लोग नाचते गाते तमाड़ नए-नए परिधानों में लोग पहुंचे थे। मेला समिति द्वारा चयनित टुसू को पुरस्कृत किया गया। जिसमें कुजीयाबा शक्ति पुरान चौडल को प्रथम पुरस्कार, रौता शिव लोहरा को द्वितीय पुरस्कार, शिवनाथ पुराण कुजीयाबा को तृतीय और हेमराज महतो बोदडीह को चतुर्थ पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा सांत्वना पुरस्कार कर्म देवी बुद्धेश्वर मुंडा, कोरोवा लोकनाथ मुंडा, मानकीदी विक्रम सिंह मुंडा, नावाडीह विश्वनाथ, पुरान लुगडू, युवा संघ चौडाल खख्सीडीह देवेन्द्र गोप और बारूहातु आदि को दिया गया। मेले में लोगों की भीड़ फुचका और चार्ट दुकान पर सबसे अधिक देखी गई।

## बुंडू के प्रधान नगर सूर्य मंदिर में 25-26 को टुसू मेले के आयोजन को लेकर बैठक


**बुंडू (आजाद सिपाही)।** प्रसिद्ध टुसू मेला का आयोजन 25 एवं 26 जनवरी को प्रधान नगर सूर्य मंदिर में किया जाएगा मेले के आयोजन को लेकर एसडीओ कार्यालय में एक आवश्यक बैठक की गई जिसमें मेला को लेकर निम्न पदाधिकारियों का चयन किया गया। इसमें मुख्य संरक्षक चंडी कुमार सिंह मुंडा, संरक्षक विनय सिंह मुंडा, राणा सिंह मुंडा अध्यक्ष राम दुर्लभ सिंह मुंडा और मीडिया प्रभारी दिलीप साहू आदि शामिल हैं।

## 3 फरवरी को महामृत्युंजय शिव मंदिर की प्रथम वर्षगांठ पर अखंड कीर्तन का होगा आयोजन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** चूरी बस्ती स्थित महामृत्युंजय शिव मंदिर परिसर में रविवार को रामसुदंर भगत की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें विषेश रूप से चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से मंदिर के प्रथम वर्षगांठ 3 फरवरी को मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं प्रथम वर्शगांठ को लेकर 24 घंटे का अखंड कीर्तन और खिचड़ी प्रसाद का वितरण भी किया जाएगा। प्रथम वर्षगांठ के सफल संचालन के लिए कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष अरूण यादव, सचिव रविंद्र यादव, कोषाध्यक्ष संतोश महतो सहित अन्य सदस्यों को चुना गया है। बैठक में मुख्य रूप से जगरनाथ महतो, राजू यादव, संतोष महतो, प्रयाग यादव, रविंद्र यादव, मनदीप यादव, अनिल यादव, सन्नी यादव, सुरेंद्र यादव, भोला यादव, रूबी यादव, मलका मुंडा, शिव यादव, विनय यादव, अर्जुन राम आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## डकरा में चतरा जिला वुशू प्रतियोगिता का आयोजन, 100 खिलाड़ियों ने लिया भाग



**खलारी (आजाद सिपाही)।** डकरा केंद्रीय विद्यालय के मैदान में 15वां चतरा जिला वुशू प्रतियोगिता का आयोजन राष्ट्रीय निर्णायक रजी अहमद की देख रेख में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में चतरा जिला एवं कोयलांचल के विभिन्न विद्यालयों और प्रशिक्षण केंद्र के 100 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें उसुर्लाईन कॉनवेंट स्कूल खलारी, झारखंड पब्लिक स्कूल मोहननगर, न्यू मंगरदाहा स्कूल, आदर्श मध्य विद्यालय बेंती, डीएवी स्कूल बचरा, सरस्वती शिशु मंदिर पुरनी राय, ऑक्सफोर्ड स्कूल बहेरा, केंद्रीय विद्यालय प्रशिक्षण केंद्र डकरा, अशोका प्रशिक्षण केंद्र बेंती शमिल है। प्रतियोगिता के परिणाम भी घोषित किया गया। जिसमें सानदा(फाईट)के महीला वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सरस्वती कुमारी, वाणी कुमारी, सूमो कुमारी, जानकी कुमारी, वंदना कुमारी, पुनम कुमारी, रिया किरण, मुनिता कुमारी, अंजली कुमारी, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों में श्रेया कुमारी, होलिका कुमारी, विंध्या चैहान, आरती कुमारी, उम्मे कुलसुम, अन्नया कश्यप, अनिश्द जुलफान, खुश्याली कुमारी और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों में श्रेया कुमारी, सिद्धिका सुहानी, आरती कुमारी षामिल है। वहीं पुरूष वर्ग के फाईट में प्रथम स्थान प्राप्त करने वालों में आयुष कुमार, अनमोल उरांव, पंकज कुमार गंझू, नरेन्द्र कश्यप, अनिस कुमार गंझू, लक्ष्मण कुमार, अर्पित श्रीवास्तव, अमन कुमार, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों में दीपक कुमार गंझू, निशांत कुमार, कुमार कर्तव्या राज, वरूण कुमार चैहान, शुभम गुप्ता, सुमित महतो, निखिल उरांव, आरीफ आलम तथा तृतीय स्थान पर शिवम गंझू, ऋषि कुमार, दक्ष्य कुमार गुप्ता, शशि कुमार और सुधीर कुमार पासवान रहे।

### तोरपा विधायक ने गोविंदपुर में किया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का शिलान्यास

# झारखंड में बिना कमीशन लिये कोई काम नहीं होता : कोचे मुंडा

**प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन के निर्माण पर खर्च होगा दो करोड़ 87 लाख रुपये**

आजाद सिपाही संवाददाता



स्वास्थ्य भवन शिलान्यास के मौके पर बोलते तोरपा विधायक कोचे मुंडा।

**खूंटी।** तोरपा विधायक कोचे मुंडा ने आरोप लगाया कि राज्य में व्याप्त कमिशनखोरी के कारण केंद्र सरकार की विकास योजनाएं सही रूप से धरातल पर नहीं उतर पा रही है। राज्य में बिना कमिशन के कोई काम नहीं हो रहा है। वे रविवार को कर्रा प्रखंड के गोविंदपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नये भवन का शिलान्यास करने के बाद उपस्थित जन समुदाय को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि गांव के लोगों को गांव में ही स्वास्थ्य सुविधा मिले। कोरोना संकट के समय ही हम लोगों ने देख लिया है कि अस्पतालों की कमी से किस तरह की कठिनाई होती है। कहा कि राज्य सरकार की उदासीनता के कारण विकास योजनाएं लोगों तक नहीं पहुंच पा रही हैं। भाजपा विधायक ने कहा कि राजय में परिवारवाद की सरकार चल रही है, जिसे राज्य की जनता की नहीं, सिर्फ अपने परिवार के विकास की चिंता है। उन्होंने कहा कि आप संकल्प लें कि आनेवाले चुनाव में केंद्र और राज्य में सिर्फ भाजपा की ही सरकार बनायेंगे। उन्होंने कहा कि यह नये और सशक्त भारत की पहचान है और हर जगह पर नये अस्पतालों का निर्माण कराया जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर घर में नल से जल की योजना शुरू की पर राज्य सरकार की लापरवाही से इस काम में भी तेजी नहीं आ पा रही है। राज्य में बिना पैसे का काम नहीं होता। पहले कमिशन दो, उसके बाद ही काम शुरू होता है। विधायक ने कहा कि गांवों में अस्पताल बन जाने से लोगों को काफी सुविधा होगी। वहीं, जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार ने कहा कि इस अस्पताल के लिए विधायक और सांसद सह केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का सकारात्मक प्रयास रंग लाया। अर्जुन मुंडा द्वारा स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्य किये जा रहे हैं। उन्हेंने कहा कि खूंटी जिले में नॉलेज हब बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है। अभी एजुकेशन के क्षेत्र में आगे और भी कार्य होगा। कार्यक्रम को कृपा सिंधु बेहरा, जिला परिषद सदस्य जोरोंग आईंद, मुखिया मीना देवी, मो मुस्तकीम, घुरन महतो, विष्णु प्रसाद सोनी, निखिल कंडुलना आदि ने भी संबोधित किया। गोविंदपुर में दो करोड़ 87 लाख रुपये की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण किया जाएगा। इसके पूर्व विधायक कोचे मुंडा ने कारो नदी के तट पर बने दो छठ घाटों का उद्घाटन किया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता मुनीनाथ मिभ, विनय गुप्ता, सुधीर सिंह, रामलखन सिंह, नीलांबर सिंह, सरस्वती देवी, तमन्ना परवीन, बसंत सिंह मुंडा, संजय भगत, प्रेम कुमार साहू, शिव कुमार केसरी, शिवम कुमार, अमरजीत मिश्रा, आनंद कुमार लक्ष्मण पाहन आदि उपस्थित थे।

## किशोरियों में नेतृत्व क्षमता विकास पर कार्यशाला का आयोजन

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** किशोरियों में नेतृत्व में क्षमता विकास और सशक्तीकरण पर केंद्रित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन रविवार को स्वयंसेवी संस्था लोक स्वर रांची और बंग गर्ल्स फर्स्ट फंड के सहयोग से किया गया। जिसका उद्देश्य किशोरियों में निर्णय लेने की क्षमता का विकास और प्रक्रिया में भागीदारी को बढ़ाना है। उन्हें लिंग से संबंधित मुद्दों की जानकारी और संसाधन प्रदान प्रदान करने और उन्हें अपने समुदायों में नेता बनने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करना है। साथ ही बाल विवाह की रोकथाम और इसके प्रभाव से समूह को अवगत कराना था।

## माओवादी बंद का खलारी में मिलाजुला, तो सोनाहातू, राहे, बुंडू व तमाड़ में व्यापक असर

आजाद सिपाही टीम



खलारी में सड़क किनारे खड़े ट्रक।

**खलारी/सोनाहातू/राहे/बुंडू/तमाड़।** भाकपा माओवादी की ओर से आहूत एक दिवसीय बंद का रविवार को खलारी कोयलांचल में मिलाजुला असर दिखा। सड़क पर यात्री बसें कम दिखी। हालांकि बंदी का सबसे ज्यादा असर कोयला कारोबार पर पड़ा। एनके एरिया में कोयला का रोड सेल पूरी तरह बंद रहा। परियोजनाओं के कांटा घर पर सन्नाटा पसरा रहा। कोयला ढोने वाली ट्रकें जहां-तहां खड़ी दिखी। वहीं, केडी, डकरा सहित अन्य बाजार की दुकानें खुली रही। रेल यातायात पर बंद का कोई प्रभाव नहीं दिखा। दूसरी ओर, माओवादी बंद का सोनाहातू, राहे, बुंडू और तमाड़ में व्यापक असर देखने को मिला। सोनाहातू बाजार की सभी दुकानें बंद रही। पेट्रोल पंप भी बंद रहे। यात्री वाहन नहीं चले। राहे चौक, भगतसिंह चौक की दुकानें बंद रही। समाचार लिखे जाने तक कोई अप्रिय घटना की सूचना नही है। बुंडू में भी बंद का असर दिखा। रांची टाटा पथ पर गाड़ियों का आवागमन तो दिखा, लेकिन छोटी दूरी की गाड़ियां बंद रही। वहीं, पूरे पांच परगना इलाके में भी बंद का व्यापक असर दिखा। खूंटी-तमाड़ रोड और बुंडू में विरानी छाई रही। बुंडू, तमाड़, सोनाहातू और अड़की थाना क्षेत्र में लगभग सभी दुकान बंद रहे। लोग घरों में ही दुबके रहे। शैक्षणिक संस्था लगभग बंद थे।

## हमें गर्व है कि खूंटी के हॉकी खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया मान : जगन्नाथ मुंडा



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिले के मुरहू प्रखंड के रूईटोला गांव में सांसद खेल महोत्सव के तहत चार दिवसीय हॉकी टूर्नामेंट का शुभारंभ रविवार को हुआ। जिसमें समाजसेवी और भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री जगन्नाथ मुंडा एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर खूंटी जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार, विभागीय सांसद प्रतिनिधि अनूप साहू, ग्राम प्रधान रणसी मुंडा, आयोजन समिति के अध्यक्ष खेतवा मुंडा ने टूनामेंट के पूर्व खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया और उन्हें जीत के लिए शुभकामनाएं दी। टूर्नामेंट का उद्घाटन जगन्नाथ मुंडा ने किया। वहीं, टूर्नामेंट का पहला मैच हेठगोवा बनाम कुदासुद के बीच खेला गया। अपने संबोधन में जगन्नाथ मुंडा ने कहा कि हॉकी हमारा राष्ट्रीय खेल है और हम सभी के लिए यह गौरव की बात है कि खूंट जिले से मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा जैसे हॉकी के कई दिग्गज खिलाड़ी निकले हैं, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमारे देश और झारखंड का नाम रोशन किया है। आप सभी युवा खिलाड़ियों को भी मारंग गोमके को प्रेरणाश्रोत बनाते हुए अपनी प्रतिभा से जिले का नाम रोशन करना चाहिए। सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से सुदूर गांवों के खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारते हुए राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय फलक पर आगे बढ़ाने के लिए सांसद सह केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा लगातार प्रयासरत हैं। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष रूपलेश मुण्डा, सचिव अथवा मुंडा, ग्रामप्रधान रणसी मुण्डा, गोवा के मुखिया जगमोहन पूर्ति, बलराम मुण्डा आदि उपस्थित थे।

### कई घरों को किया क्षतिग्रस्त, खेत उजाड़े, फसलों को खाया-रौंदा

## सोनाहातू-तमाड़ में जंगली हाथियों का तांडव, एक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता






**तमाड़/सोनाहातू।** इन दिनों तमाड़ व सोनाहातू में जंगली हाथियों का तांडव चरम पर है। इसका ताजा मामला तमाड़ वन क्षेत्र के उलीडीह बड़वा टोला के समीप देखने को मिला। जहां रविवार की शाम पांच बजे एक जंगली हाथी ने 65 वर्षीय वृद्ध को कुचल कर मार डाला। उसकी पहचान मंगल सिंह मुंडा के रूप में हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। ग्रामीणों ने बताया कि विगत दो दिनों से हाथियों के झुंड से अलग यह हाथी यहां-वहां जाकर फसलों को नष्ट कर रहा है। झाड़ में छिपकर लोगों पर हमला भी कर रहा है इससे अंजान मंगल सिंह मुंडा नजदीकी तालाब में मछली पकड़ने गया था, जहां हाथी के उसे अपनी चपेट में ले लिया और पटक कर कुचल डाला, जिससे मौके पर ही मौत हो गई। उसका बाएं जांघ की हड्डी पूरी तरह से बाहर निकल गई। उधर, खबर पाकर वन विभाग और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं, जिला परिषद मानकी विजय सिंह व झामुमो कार्यकर्ता ने विभाग से मृतक के परिजन को तत्काल 50 हजार रुपये का मुआवजा राशि दिलाया। वन विभाग ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। दूसरी ओर, सोनाहातू प्रखंड क्षेत्र के पीपरटांड गांव में शनिवार की रात जगदीश मुंडा के घर को हाथियों के झुंड ने पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। साथ ही 50 मीटर तक के चारदीवारी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। हाथियों ने गंभीर सिंह मुंडा, दुर्गा चरण सिंह मुंडा, उमेश मुंडा और नरेंद्र सिंह मुंडा के घर के दरवाजे को भी तोड़ दिया और घर में रखे धान खा गए। हाथियों का झुंड नटवर महली के आलू को भी खा गया। ग्रामीणों की दो बाइक भी क्षतिग्रस्त कर दिया। किसानों का 50 हजार का धान नुकसान हुआ है। इधर, हाथियों द्वारा नुकसान करने की जानकारी पर रविवार को मुखिया विकास सिंह मुंडा, राहे आजसू प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादुर महतो, कृष्णा महतो, सुरेश महतो, वार्ड सदस्य बिजोला देवी गांव जाकर नुकसान की जानकारी ली। वन विभाग के अधिकारियों से बात कर हाथियों को भगाने और किसानों की क्षतिपूर्ति देने की बात कही। इधर एक सप्ताह से 40 की संख्या में हाथियों का झुंड बांस वन के आसपास में जमे हुए हैं। शनिवार रात को एक हथनी ने नवजात हाथी बच्चा जन्म दिया है। इधर, सोनाहातू प्रमुख विक्टोरिया देवी के साथ वनपाल राजू महतो टीम के साथ गांव पहुंच कर नुकसान का जानकारी लिया। साथ ही ग्रामीणों के बीच फटाखे आदि का वितरण किये।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## बच्चों के खिलाफ अपराध को कैसे रोका जाये इस पर विचार करना होगा : प्रधान जिला जज




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** नालसा और झालसा के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के अध्यक्ष सत्य प्रकाश के अध्यक्षता में रविवार को जिला स्तरीय मल्टी स्टैक होल्डर्स का कंस्लटेशन कार्यक्रम का आयोजन डालसा सभागार भवन में किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के अध्यक्ष ने कहा कि रविवार को इस साल इस तरह का पहला कार्यक्रम है, जिसमें सभी विभागों को अपना-अपना दायित्व कानून के दायरे में रहकर पूर्ण करना है। बच्चे देश के भविष्य हैं और उनके साथ अपराध को किस प्रकार रोका जाए और कैसे उसको त्वरित न्याय प्राप्त हो, इस पर हमें विचार करना है। अगर किसी बच्चे द्वारा अपराध हो जाता है, तो उसे समाज की मुख्यधारा से किस प्रकार जोड़ा जाए और उसके परिवार को किस तरह का कानूनी सहयोग देना है, उसी पर यह कार्यक्रम है। पुलिस अधीक्षक सह डालसा सदस्य अमन कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र हो या शहरी क्षेत्र जिले के सभी प्रखण्डों के थानों द्वारा लोगों को जगह-जगह पर जागरूक किया जाता है। बच्चों की सुरक्षा के लिए पुलिस के रूप में नहीं, बल्कि एक अभिभावक के रूप में काम करना है। जिला जज प्रथम ने कहा कि पोक्सो मामले में बच्चों का ब्यान तुरन्त दर्ज हो और उसको सभी प्रकार के भय से मुक्त कराना होगा। डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि आज सभी विभागों के अध्यक्ष मौजूद हैं और बच्चों के जीवन को कैसे सुदृढ़ और साकारत्मक बनाया जाए तथा बच्चों से संबंधित उत्पन्न किसी भी समस्या का समाधान तुरन्त कैसे निकले, उसी से संबंधित यह विचार मंथन समन्वय कार्यक्रम झालसा द्वारा लगातार आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब हमसब को मिलकर सहयोगात्मक व्यवहार के साथ बच्चों के हित को ध्यान देना होगा। एसी ने कहा कि जिला प्रशासन जिले में एक ऑबजर्वेशन होम हो, इसके लिए प्रशासन प्रयास करेगा और बच्चों के हित में काम करता रहेगा। कार्यक्रम में जिले के पुलिस अधीक्षक सह डालसा सदस्य अमन कुमार, जिला जज प्रथम संजय कुमार, किशोर न्याय बॉर्ड के न्यायियक दण्डाधिकारी, सिविल सर्जन, डीएसपी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, तनुश्री सरकार, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष, खूंटी अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष और सचिव, एनजीओ सिनी की जिला सम्न्वयक, बाल कल्याण समिति के सदस्य, किशोर न्याय बॉर्ड के सदस्य, महिला थाना प्रभारी आदि थे।

## विश्वकर्मा समाज का वनभोज सह मिलन समारोह आयोजित, समिति का हुआ गठन



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** विश्वकर्मा समाज तोरपा, तपकारा, रनिया का वनभोज सह मिलन समारोह रविवार को चंचला घाघ में आयोजित किया गया। जिसमें विश्वकर्मा समाज के विकास को लेकर चर्चा की गयी। वक्ताओं ने कहा कि समाज के विकास के लिए सभी को मिलकर काम करने की जरूरत है। महीने में एक बार समाज की बैठक नियमित रूप से करने का निर्णय लिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 12 फरवरी को समाज की बैठक तपकारा में होगी। कार्यक्रम के दौरान समाज की गतिविधियों के संचालन के लिए समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष अवधेश शर्मा (रनिया), उपाध्यक्ष राजगीर शर्मा (तोरपा), विजय शर्मा (तपकारा) और सुनील शर्मा (तपकारा), सचिव अखिलेश शर्मा (तपकारा), कोषाध्यक्ष रूपेश शर्मा (तोरपा ) चुने गये। समारोह में सुरेन्द्र ठाकुर, अनिल शर्मा, संदीप शर्मा, संतोष शर्मा, प्रमोद शर्मा, उदय शर्मा, कमल शर्मा, प्रकाश शर्मा, वृजनंदन शर्मा, पूना मिस्त्री, विकास शर्मा, रवींद्र कुमार, दिलीप शर्मा, राम शर्मा, संजय शर्मा, अवधेश शर्मा, सुनील शर्मा, विजय शर्मा, सेवक शर्मा, नीलेश शर्मा, राजेश शर्मा, अलोक शर्मा, धीरज शर्मा, सिकंदर शर्मा आदि उपस्थित थे।

## चिरैयाटांड़ में रैयत विस्थापित ट्रक ऑनर एसोसिएशन की बैठक



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** पिपरवार क्षेत्र के चिरैयाटांड़ में रविवार को रैयत विस्थापित ट्रक ऑनर एसोसिएशन की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता विजय महतो ने की। बैठक में स्थानीय ट्रक मालिकों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही सभी को एकजुट होने की अपील की गई। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि निर्धारित भाड़ा का भुगतान नहीं होने से ट्रक मालिकों के समक्ष काफी परेशानियां उत्पन्न हो रही है। ऐसे में क्षेत्र के लिफ्टरों से निर्धारित भाड़ा का भुगतान करने की मांग की गई। साथ ही कम भाड़ा भुगतान करने वाले लिफ्टरों का काम बंद कराने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा क्षेत्रीय स्तर पर एसोसिएशन का गठन करने का निर्णय लिया गया। आगामी 24 जनवरी को इको पार्क में ट्रक मालिकों की अगली बैठक रखी गई है, जिसमें सभी से उपस्थित होने की अपील की गई। बैठक में विजय महतो, अमर कुमार महतो, रचित गंझु, रामबालक गंझु, इदरीस अंसारी, लियाकत अंसारी, प्रेम ठाकुर, मोहम्मद इरफान, तनवीर आलम, श्रवण महतो, अरशद अंसारी, मोहम्मद असलम, जमीर अंसारी, वसीम रजा, सुनील गंझु, बदरूदीन अंसारी, शेखर कुमार सहित काफी संख्या में स्थानीय ट्रक मालिक मौजूद थे।

## बचरा व्यावसायिक संघ का वनभोज सह मिलन समारोह

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** व्यवसायिक संघ बचरा का वनभोज सह मिलन समारोह रविवार को बचरा सपही नदी तट पर संपन्न हुआ। जहां बचरा व्यवसायिक संघ का चुनाव हुआ, जिसमें अध्यक्ष सुनील साव और सचिव रविंद्र कुमार सिंह मनोनित हुए। इसके अलावा उपाध्यक्ष डॉक्टर किशोर, उप सचिव मुरारी मोदी, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार ओझा और उप कोषाध्यक्ष हरजीत सिंह को बनाया गया। इस कार्यक्रम में दुकानदारों की कई समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही सभी को एकजुट होकर व्यवसायिक संघ को मजबूत बनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों को माला पहनाकर और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर बचरा चार नंबर चौक पर झंडोतोलन करने का निर्णय लिया गया। अंत में सभी ने एक साथ बैठकर सामूहिक भोजन का आनंद उठाया। इस मौके पर दिलीप कुमार अंबष्ट, अश्विनी दराद, अशोक गुप्ता, संजय सोनी, एसबीके सिंह, महावीर साव, मंटू यादव, जमाल खान, अमरदीप कौशल, वकील साव, मिंटू आलम, रोशन गुप्ता, शिबु साव, प्रेम मेहता, नागेन्द्र प्रसाद, शंभु पाण्डेय, अशोक सोनी, कुदूस खान, संतोष गिरी, संतोष ठाकुर, संदीप भाष्कर, रंजीत कुमार, बबलू साव, पिंटू कुमार, प्रसाद साव, दीपक राणा, मुकेश राणा और कामेश्वर महतो सहित काफी संख्या में दुकानदार मौजूद थे।

# केशरवानी समाज का मिलन समारोह सह वनभोज का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** केशरवानी समाज धुर्वा के द्वारा रविवार को धुर्वा डैम परिसर में मिलन समारोह सह वन भोज का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी, ओपन यूनिवर्सिटी वाइस चांसलर डॉ त्रिवेणी नाथ साहू, वरिष्ठ समाजसेवी तपेश्वर केसरी, प्रदेश अध्यक्ष प्रेम सागर केसरी, रांची जिला अध्यक्ष कार्तिक केसरी, शिव कुमार केसरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित और गोत्रचार्य महर्षि कश्यप मुनि के चित्र पर माला अर्पण कर समारोह का उद्घाटन किया। महिलाओं एवं बच्चों के खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी ने समाज की एकता, शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता लाने का आह्वान किया। साथ ही समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दिया। इसके साथ समाज के कई वरीय वक्ताओं ने सभा को संबोधित किया। इस समारोह में बच्चे-बच्चियों के बीच खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों के नृत्य भजन गायन से सभी लोग आनंदित हो गए। महिलाओं के बीच म्यूजिकल चेयर रेस का भी आयोजन किया गया। मिलन समारोह में मुख्य रूप से दौलत केसरी, कपिल देव केसरी, मनीष केसरी, सीताराम केसरी, दिलीप केसरी, राधेश्याम केसरी, विवेक केसरवानी, संजय केसरी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## आजसू नेता प्रकाश लकड़ा ने किया तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** जसपुरिया फुटबॉल क्लब के तत्वावधान में हरातु पंचायत के बक्सीडीह में आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का उदघाटन रविवार को आजसू के जिला उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा ने किया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि प्रकाश लकड़ा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। मौके पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कमी नहीं हैं जरूरत है उन्हें सामने लाने की। इस तरह के आयोजन से फुटबॉल को बढ़ावा मिलेगा तथा प्रतिभाएं उभर कर सामने आयेंगी। मौके पर पंसस विनोद रजवार, श्रवण मुण्डा, गजेन्द्र महतो, राहूल मुण्डा आदि मौजूद थे।

## पूर्व जिप सदस्य रंथा महली ने मृतक के परिजनों को किया आर्थिक सहयोग



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** पूर्व जिप सदस्य अनगड़ा रंथा महली गरीबों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। इस क्रम में रविवार को ओरमांझी के कुच्चू रानी चुआं निवासी पीड़ित परिवार सुरेश महली के घर जाकर उन्हें आर्थिक सहयोग किया। मालूम हो कि सुरेश महली के पिता की मृत्यु विगत दिनों हो गई थी। मृतक के परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। रविवार को सूचना पाकर पूर्व जिप सदस्य रंथा महली मृतक के घर पहुंचे तथा परिजनों को ढाढस बंधाया। उन्होंने मौके पर मृतक के दशकर्म के लिए परिजनों को खाद्य सामग्री तथा नकद आर्थिक सहयोग प्रदान किया। कहा कि आगे भी इस गरीब परिवार को सहयोग करेंगे। मौके पर राजेन्द्र महली, अनुज महली, अशोक महतो, दिलीप भोगता आदि उपस्थित थे।

## कपड़ा बैंक टीम ने तीन सौ जरूरतमंदों के बीच किया कपड़ा और कंबल का वितरण



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** कपड़ा बैंक बेड़ो के अध्यक्ष कैलाश कुमार के नेतृत्व में रविवार को कपड़ा बैंक की टीम द्वारा बेड़ो प्रखण्ड के नेहालू जेजे टोली में जरूरतमंदों के बीच 300 कपड़ों एवं कंबल का वितरण वार्ड सदस्य बबलू लोहरा के सहयोग से किया गया। मौके पर कपड़ा बैंक की टीम में कैलाश कुमार, नितेश सोनी, शक्ति साहू, रवि केशरी और अनुज कुमार गुप्ता आदि ने सराहनीय योगदान दिया। इधर कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार ने कहा कि जो भी व्यक्ति नये और अनुपयोगी पुराने कपड़े, कंबल कपड़ा बैंक में देना चाहते हैं, वे बेड़ो के विनय बागीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में जमा कर सकते हैं।

## योग मानव जागृति केंद्र ने आनंदी पुरना टोली में कॉपी और कलम का किया वितरण



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** योग मानव जागृति केंद्र, पुरना टोली, आनंदी के द्वारा शिक्षा के प्रति बच्चों में रुझान पैदा करने के उदेश्य से कॉपी और पेन का वितरण किया गया। जिसमें नर्सरी से लेकर इंटर तक के छात्र-छात्राओं को शामिल किया गया। पुरना टोली, अखरा में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रगति परिषद के महासचिव प्रो. शैलेन्द्र मिश्र ने अपनी बात रखते हुए कहा कि समाज की सभी समस्याओं का निदान शिक्षा में निहित है। ऐसे में हर पढ़ा-लिखा व्यक्ति का सामाजिक दायित्व है कि वह तीन व्यक्ति को शिक्षित कर समाज व राष्ट्र के लिए बेहतर नागरिक बनायें। विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया करने के लिए कोचिंग इंस्टीट्यूट की तर्ज पर कोचिंग कराने का संकल्प लिया गया। मौके पर बारीडीह के उपमुखिया बनवारी लाल साहू, मुखिया प्रतिनिधि चांद बाबू मुंडा, वार्ड सदस्य रीता देवी, अघनू मुंडा, रमेश मुंडा, दुर्गा चरण साहू, लेवन्ती देवी, कुलदीप तिवारी, सुरेंद्र मुंडा, मोहन मुंडा, राहुल मुंडा, निर्मल मुंडा, शंकर मुंडा, संजय मुंडा सहित ग्राम के गणमान्य व्यक्ति एवं महिला-पुरुष उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जागृति केंद्र के अध्यक्ष अघनू मुंडा, संचालन सचिव सुरेंद्र मुंडा और धन्यवाद ज्ञापन निर्मल मुंडा ने किया।

**दहशत :** आग की उठती लपटों को देखकर आसपास लोग अपना-अपना घर छोड़ कर भाग रहे थे

# अवैध तेल कारोबारी के घर के पास तेल निकालते समय टैंकर में लगी आग

**आज की घटना को देखते हुए उकरीद के ग्राम प्रधान ने कारोबार को स्थायी तौर पर बंद कराने को लेकर बुलायी है बैठक**



आग बुझाते दमकलकर्मी तथा रिहायशी इलाके की बीचोंबीच टैंकर में लगी आग।

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** रविवार सुबह पांच बजे के आसपास ओरमांझी के उकरिद के पास उर्वशी लाइन होटल के पास तेल के अवैध कारोबारी पुकारु नाम गुड्डू साहू के यहां टैंकर से तेल निकालते समय टैंकर में आग लग गयी। जिस कारण गुड्डू साहू के घर परिवार के साथ साथ आस-पास रहने वाले लोगों में अफरा-तफरी मच गयी। सभी लोग आग की उठती लपटों को देखकर अनहोनी की आशंका को देखते हुए अपना अपना घर छोड़ कर भाग रहे थे।

ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले भी कई बार अगलगी की घटना हो चुकी है। इतना ही नहीं, ग्रामीणों का कहना है कि पहले इस घटना में एक-दो लोगों की जान भी गई है। पैरवी और पैसा के बल पर कारोबारी बचता रहा है।

ग्रामीणों का यह भी कहना है कि कारोबारी को थाना का भी संरक्षण प्राप्त है। आज की घटना को देखते हुए उकरीद के ग्राम प्रधान ने कारोबार को स्थायी तौर पर बन्द कराने को लेकर बैठक भी बुलाई है।

ओरमांझी के थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह से घटना के संबंध में पूछे जाने पर कहा कि कोई हताहत नहीं हुआ है। जबकि तेल के अवैध कारोबार और कारोबारी के बारे पूछने पर बताया गया कि यह जांच का विषय है।

टैंकर में लगी आग पर काबू पाने के लिए पहले गुड्डू साहू के परिवार ने काफी मशक्कत की। आग पर काबू नहीं पाते देख दमकल को बुलाया गया। दमकल गाड़ी ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। जिससे बड़ी हादसा टल गई।घटना के बाद ग्रामीण काफी भयभीत हैं। टैंकर इंडियन ऑयल कंपनी का था। टैंकर का नम्बर जेएच 02एएल 8907 है। यहां भारत पेट्रोलियम के टैंकरों से भी तेल की हेराफेरी की जाती है।

# सुनूवा बेड़ा फॉल में 29वां वन पर्यावरण टुसू मेला 30 जनवरी को

**ग्रामीणों की बैठक में भव्य रूप से मेला के आयोजन को लेकर विशेष टीम का किया गया गठन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** सिरका पंचायत के मेढ़ेटुंगरी गांव स्थित सोनुवा बेड़ा फॉल में आगामी 30 जनवरी को 29वां वन पर्यावरण टुसू मेला का आयोजन किया गया है। मेला को सफल बनाने के लिए रविवार को क्षेत्र के ग्रामीणों की एक बैठक मेला समिति के अध्यक्ष दुर्गा महतो की अध्यक्षता में हुई।

इससे पूर्व मेला के संस्थापक स्व. बरतु चैधरी, स्व. धनीराम मुण्डा एवं स्व. असफंदयार खान को याद किया गया। वहीं एक अन्य संस्थापक सदस्य जगेश्वर महतो के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया।

बैठक में भव्य रूप से मेला आयोजित करने का निर्णय लेते हुए एक विशेष टीम का गठन किया गया।

विशेष टीम में अध्यक्ष दुर्गा महतो, सचिव नागेन्द्र मुण्डा, कोषाध्यक्ष पुरन चौधरी चुने गये। वहीं कार्यकारिणी समिति अध्यक्ष समेनाथ मुण्डा, सचिव शिवनंदन मुण्डा, कोषाध्यक्ष सुरेश महतो, उपाध्यक्ष जलेश महतो, सहसचिव कमलेश बेदिया, मुख्य संरक्षक मुखिया रोशनलाल मुण्डा, बाबुलाल मुण्डा, सोहन महतो, मनोज कुमार चौधरी, शंकर चौधरी, शिवनारायण चौधरी, साहेब महतो, संरक्षक लक्ष्मण मुण्डा, राजेन्द्र महतो, गोपाल महतो, कामेश्वर महतो, रामजीत नायक, करमलाल महतो, मदनलाल महतो, हेमनाथ महतो, मोतीलाल मुण्डा एवं लालचंद बेदिया बनाये गये। संचालन राजेन्द्र महतो ने किया।

बैठक में मनेश्वर मुण्डा, शिवा महतो, दिलेश्वर मुण्डा, बहादुर मुण्डा, प्रदीप उरांव, जयशंकर मुण्डा, सौभाग्य मुण्डा, झल्लु मुण्डा, अजय नायक, रीता देवी, शिकारी मुण्डा आदि उपस्थित थे।

## नगड़ी के नारो बाजार में लगा ऊर्जा मेला

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल रातू चट्टी की ओर से नगड़ी के नारो बाजार में ऊर्जा मेला लगाया गया। मेले में ग्रामीण बिजली उपभोक्ताओं को बिजली बिल भुगतान सुनिश्चित करने को लेकर जागरूक किया गया। साथ ही उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण किया गया। मौके पर किसानों के लिए निःशुल्क कनेक्शन, खराब मीटरों को बदलने और 100 यूनिट तक बिजली बिल फ्री योजना की जानकारी दी गई। मेला में 35 उपभोक्ताओं ने एक लाख 43 हजार 175 रु. का बकाया बिजली बिल जमा कराया। मौके पर विद्युत कार्यपालक अभियंता हिमांशु कुमार, सहायक विद्युत अभियंता प्रशांत कुमार सिंह, कनीय विद्युत अभियंता राजेन्द्र प्रसाद चौधरी, इन्द्र महतो, शंकर केसरी, दीनबंधू महतो, शहनवाज अंसारी, सोमा उरांव एवं विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

# रोलर जलाने की घटना की अब तक किसी संगठन ने नहीं ली जिम्मेवारी

**शुक्रवार की देर रात बाइक सवार दो नकाबपोश अपराधियों ने दिया था घटना को अंजाम**



आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी।** इटकी-गुमला मुख्य मार्ग पर गड़गांव पुल के निकट शुक्रवार की देर रात करीब 10.30 बजे एक बाईक में सवार हथियारबंद दो नकाबपोश अपराधियों ने सड़क चौड़ीकरण फोरलेन कार्य स्थल में खड़ा आरकेडी कन्स्ट्रक्शन के एक रोलर वाहन को आग के हवाले कर दिया। वहां तैनात कन्स्ट्रक्शन के दो गार्डों का दो मोबाईल लूट कर भाग निकले। अपराधी अपने साथ घटनास्थल पर पेट्रोल लेकर पहुंचे थे।

घटना को लेकर कन्स्ट्रक्शन के मैनेजर कृपा सिंधू बेहरा ने इटकी थाना में मामला दर्ज कराया है। मैनेजर ने बताया कि उक्त रोलर सड़क चौड़ीकरण कार्य कर स्कूल के निकट साईड चैनेज कैम्प पर अन्य वाहनों के साथ खड़ा था। रात के करीब साढ़े दस बजे एक बाईक में सवार होकर दो नकाबपोश अपराधी आ धमके और वहां कन्स्ट्रक्शन के तैनात गार्ड सुमित भगत और नकूल शाह को हथियार के बल पर कब्जे में कर लिया और धमकाते कहा कि हम पीएलएफआई संगठन के लोग हैं। सड़क में काम नहीं करने देंगे और रोलर में पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। इसके बाद अपराधी गार्डों के मोबाईल लूट कर भाग निकले । रोलर एक घंटे तक जलता रहा। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल घटना स्थल पहुंची और निर्माण कार्य मे लगे कर्मचारियों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। तबतक रोलर वाहन जलकर पूरी तरह नष्ट हो चुका था।

घटना स्थल पहुंचे डीएसपी रजत माणिक बाखला, इंस्पेक्टर अरुण कुमार, इटकी थाना प्रभारी रजनी रंजन, बेड़ो थाना प्रभारी मनीष गुप्ता घटना की जांच में जुट गये हैं। पुलिस यह जानने का प्रयास कर रही है कि घटना को किसी उग्रवादी संगठन ने या फिर शरारती तत्वों द्वारा अंजाम दिया गया है। हालांकि अभी तक किसी उग्रवादी संगठन ने इसकी जिम्मेवारी नहीं ली है।

**निरीक्षण :** भाजपा युवा मोर्चा के नेताओं ने खेल स्टेडियम का किया निरीक्षण

# स्टेडियम के निर्माण कार्य में बरती गयी है अनियमितता

**स्टेडियम का उदघाटन भी नहीं हुआ है और स्टेडियम की बिल्डिंग भी क्षतिग्रस्त हो चुकी है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** भाजपा के युवा नेता रामसाय मुण्डा के नेतृत्व में रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने लुपूंग स्थित जर्जर खेल स्टेडियम का निरीक्षण किया। इस दौरान पाया गया कि स्टेडियम के निर्माण कार्य में घोर अनियमितता बरती गई है। स्टेडियम का उदघाटन भी नहीं हुआ है और ना ही अब तक इसे खेल विभाग को हस्तगत किया गया है। देखा गया कि स्टेडियम की बिल्डिंग क्षतिग्रस्त हो चुकी है। यहां पानी मोटर भी नहीं लगाया गया है। वहीं मैदान के बीचों-बीच बिजली का खंभा खिलाड़ियों को मुंह चिढ़ा रहा है। इन खंभों को आज तक नहीं हटाया गया है। इस संबंध में भाजपा नेता रामसाय मुण्डा ने कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया, पर उन्होंने इसे गंभीरता से नहीं लिया। फोन पर हुई बातचीत में एसडीओ ने भाजपा नेता को बताया कि बिजली विभाग को एस्टीमेट का पैसा आज तक भुगतान नहीं किया गया है। जब तक खेल विभाग द्वारा बिल प्रपत्र का भुगतान नहीं किया जाता है तब तक बिजली का पोल नहीं हटाया जा सकता है। ऐसी हालत में एक बड़ा सवाल खड़ा होता है कि स्टेडियम निर्माण के संवेदक को कार्य पूर्ण होने का प्रमाण पत्र कैसे निर्गत कर दिया गया। निरीक्षण में भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष संतोष महतो, मंडल महामंत्री सुनील महतो, मीडिया प्रभारी राजेन्द्र महतो आदि शामिल थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### अखिल भारतीय ह्यूमन राइट्स ने किया जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय ह्यूमन राइट्स ऑर्गनाइजेशन के राष्ट्रीय महासचिव हवा सिंह एवं दिल्ली के चीफ प्रदीप बुब्बना रविवार को रांची पहुंचे। इस दौरान झारखंड चीफ मनोज कुमार सिंह ने उनका रांची एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया। हवा सिंह एवं प्रदीप बुब्बना रांची एयरपोर्ट से सीधे सदाबहार चौक स्थित कार्यालय पहुंचे। वहां मनोज कुमार सिंह ने उन्हें मजदूरों एवं महिलाओं को रोजगार एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा एवं स्वास्थ्य की वस्तु स्थिति से अवगत कराया और इस पर संज्ञान लेने की बात कही। गौरबलब है कि हवा सिंह और प्रदीप बुब्बना झारखंड में मानवाधिकार की स्थिति को लेकर दौरे पर आये हैं। इस दौरान जरूरतमंदों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर मनोज कुमार सिंह ने कहा कि इस ठंड में ऑर्गनाइजेशन की तरफ से अब तक 200 से ज्यादा कंबल का वितरण किया जा चुका है। अब ग्रामीण बच्चों को मुफ्त किताबें देने की योजना है। जल्द ही नायक टोली में पुस्तकों का वितरण किया जायेगा। इस अवसर पर सुनीता देवी, कृष्णा कुमार, लक्ष्मी देवी, हरी पांडेय, सुशील कुमार, श्याम बाबू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### द्वारिका हॉस्पिटल में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** द्वारिका हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की ओर से रविवार को हॉस्पिटल में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। दोपहर दो बजे तक चले इस शिविर में अनुभवी डॉक्टरों की टीम ने लगभग 60 मरीजों का निशुल्क परीक्षण कर उन्हें चिकित्सीय परामर्श दिया। हॉस्पिटल के पचारक दिवा पासवान ने बताया कि द्वारिका हॉस्पिटल में प्रत्येक रविवार को निशुल्क जांच स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। साथ ही यहां आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत निशुल्क इलाज, ऑपरेशन एवं जांच कर दवा दी जाती है। बताया कि शिविर में नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ एंथोनी किसकु, जेनरल एवं लप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ उमर, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ पीआर बाखला, रेडियोलॉजिस्ट डॉ आर बाला एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ एसके यादव ने स्वास्थ्य जांच कर मरीजों को परामर्श दिया।

### कराटे खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कराटे टेनिंग सेंटर में आयोजित इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में टाटीसिलवे के दो खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। एक खिलाड़ी ने गोल्ड व एक खिलााड़ी ने ब्रांज मेडल जीता है। इनके टाटीसिलवे लौटने पर खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने टाटीसिलवे में आयोजित सम्मान समारोह में ब्रांज मेडल प्राप्त मयंक कुमार दास एवं गोल्ड मेडल प्राप्त साहिल कुमार महतो को मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विधायक ने खिलाड़ियों को शुभकामना देकर भविष्य में बेहतर करने को कहा। इस अवसर पर मुख्य रूप से पंचायत की मुखिया सुनीता देवी, पंसस इंदु देवी, पूर्व उपमुखिया संजय प्रसाद, इंटर नेशनल मार्सल कराटे संचालक उमा शंकर महतो, अरविंद लोहरा, मदन मोहन मिश्रा, अशोक मिश्रा, गरुण कुमार खरवार, राजू तिवारी, महावीर कोयरी, वनमाली महतो सहित पंचायत के लोग शामिल थे।

### जीजेएस पब्लिक स्कूल का स्थापना दिवस मना

**इटकी (आजाद सिपाही)।** कुर्गी सेमरा स्थित जीजेएस पब्लिक स्कूल में रविवार को सत्ताइसवा स्थापना दिवस मनाया गया। मौके पर विद्यार्थियों द्वारा मातृ-पितृ पूजन के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम का उद्घाटन स्कूल के संस्थापक स्व. प्रो बैजू गोप के चित्र पर फूलमाला अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिप सदस्य रीना देवी एवं डॉ मथुरा राम उस्ताद ने भी संबोधित किया। जिपस रीना देवी, डॉ मथुरा राम उस्ताद, प्रो. इंद्र मोहन राय, जयश्री दास, देवेंद्र महतो, मनोज लकड़ा, नारायण बड़ाइक, मेधाव्रत दास, हरि भरत, चंद्राणीमा कुमारी, सोनल, रिंकी साक्षी, मीना व सुब्रत रंजन गोस्वामी सहित अन्य शामिल थे।

### ऐतिहासिक टुसू मेला कांके सुकुरहूटू में आज



**कांके (आजाद सिपाही)।** सुकुरहुटू गांव कांके के पीपर टंगरा में 23 जनवरी को पारंपरिक पूजा-अर्चना करके टुसू मेला का शुभारंभ किया जाएगा। आयोजक समिति के संजीव महतो और दिलेश्वर महतो ने बताया कि इस मेले में विभिन्न गांव और मोहल्लों के टुसू का टुसू खोड़ा लेकर महिलाएं आएंगी। इस मेले में झारखंडी पकवान की प्रदर्शनी महिलाओं द्वारा लगायी जाएगी। मेले में कुरमाली झुमर मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा। लॉक डाउन के बाद मेले का आयोजन से महिला-पुरुष एवं बच्चों में मेले को लेकर गजब का उत्साह देखने को मिलेगा। मेले की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मेले के सफल आयोजन हेतु संजीव महतो दिलेश्वर महतो, सलखू महतो, सुनिल महतो, अजय महतो, रोहित महतो, अनिल, अजय, राजेंद्र, मोहित, ललित, महिन्द्र, हरीनंन्दन महतो, शिवनंन्दन महतो सहित कार्यकर्ता जुटे हुए हैं।

### ट्रक ने एतवा उरांव के घर को किया क्षतिग्रस्त, बाल-बाल बचे परिवार के लोग



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के केसा सेमरा गांव स्थित मोड़ के समीप शनिवार रात्रि करीब 10:00 बजे कंबल लोड 12 चक्का ट्रक असंतुलित होकर एतवा उरांव के घर की दीवार को क्षतिग्रस्त करते हुए सामने के सूखे हुए पेड़ में टक्कर मार दी। जिससे एतवा उरांव के घर में सो रहा पूरा परिवार बाल-बाल बच गया। इधर घटना के बाद भुक्तभोगी एतवा उरांव ने बताया कि वे अपने परिवार के साथ खाना खाकर सो गए थे। तभी रात करीब 10:00 बजे के आसपास ट्रक घर ने दीवाल को मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं ट्रक सेमरा गांव से पहले बने मोड़ के डिवाइडर को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया।

# कलश यात्रा में सपरिवार शामिल हुए रामदास साहू

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नावा जयपुर स्थित घोरी घाट शिव मंदिर के प्रांगण में सर्व देव प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ शुरू की गई। समाजसेवी रामदास साहू स परिवार सहित दल बल के साथ इस कलश यात्रा में शामिल हुई। कलश यात्रा घोरी घाट से चलकर पचकेडिया दरी नदी स्थित महात्माओं द्वारा आचार्य किंगकर जी महाराज ने विधि-विधान के साथ पूजा संपन्न कराई। इस कलश यात्रा में गाजे-बाजे के साथ शिव पार्वती की झांकी, राधा कृष्ण की झांकी भक्तिमय वातावरण में लाखों पुरुष एवं महिलाएं श्रद्धालु शामिल हुए।



कलश यात्रा के पश्चात समाजसेवी रामदास साहू ने कहा मुझे जहां कहीं भी इस तरह का अनुष्ठान होता है। यज्ञ का आयोजन किया जाता है। बुलावा होता है,

तो मैं निश्चित रूप से अपने पांकी विधानसभा को छोड़ करके भी सभी परिवार दल बल के साथ शामिल होता हूं। यह यज्ञ 22 जनवरी से प्रारंभ है, जिसमें विद्वानों द्वारा साधु संतों द्वारा किंकर महाराज के नेतृत्व में किया जा रहा है। इस यग में अनेक झांकियों के अलावे भक्तिमय संगीत का भी प्रवचन से लेकर हवन तक सभी पूजा अनुष्ठान में श्रद्धालु भाग ले सकेंगे। मौके पर राम प्रकाश तिवारी, प्रगाश तिवारी, समाजसेवी अनिल प्रसाद साहू, कमेश यादव, राजा गुप्ता, भोला प्रसाद साहू, सांसद प्रतिनिधि बिगू साहू, नावा मुखिया मनोज कुमार, जिला परिषद सदस्य प्रदीप भुइयां, गिरेंद्र प्रजापति, राहुल गुप्ता, इंद्रजीत यादव, गुप्तेश्वर ,मुरारी मेहता,बृजेश कुमार, दिलीप कुमार, मिथिलेश प्रसाद साहू, रामेश्वर साहू, बबन,मधु कारू मियां, नावा थाना प्रभारी अपने दल बल के साथ लाखों श्रद्धालु इस कलश यात्रा में शामिल हुए।

**कलश यात्रा घोरी घाट से चलकर पचकेडिया दरी नदी स्थित महात्माओं के द्वारा आचार्य किंगकर जी महाराज ने विधि-विधान के साथ पूजा कराई संपन्न**

## मुझे सम्मान नहीं आशीर्वाद चाहिए : प्रदेश अध्यक्ष

# हम पिछड़े नहीं सिर्फ बिछड़े हैं : महापौर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** होटल शिवाय ब्लू में अखिल भारतीय वैश्य महा सम्मेलन पलामू द्वारा प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर कई समाज के प्रमुख लोग उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए श्री शंकर ने कहा हमारी ताकत आपसी छोटी-छोटी चीजों के कारण बट जाती है। अगर हम बड़े लक्ष्य को लेकर चलेंगे तो छोटी-छोटी कमियों को भूलना होगा। प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर ने कहा यह सम्मान समारोह नहीं मेरे लिए आशीर्वाद समारोह है। मैं प्रयास करूंगा हमेशा आप सबके बीच बना रहूं और यथासंभव समाज के लिए कार्य करूं। इस अवसर पर महापौर अरुणा शंकर ने कहां कि हम पिछड़े नहीं बिछड़े हैं। बस हमें एक होने की आवश्यकता है। फिर कोई ताकत नहीं कि हमें पराजय कर सकता है। महापौर ने कहा कि हर क्षेत्र में वैश्य आगे आए उनके नेतृत्व की आवश्यकता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन झारखंड के महामंत्री संजय चौधरी



का भी जोरदार स्वागत किया गया। श्री चौधरी ने इस समारोह को ऐतिहासिक बताया। समारोह की अध्यक्षता प्रो. युगल किशोर ने की और संचालन देवेंद्र प्रसाद ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन अरविंद गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर कई समाज के प्रतिनिधित्व करने वाले प्रमुख हस्तियों ने शिरकत की और सुझाव दिए जिसमें प्रमुख प्रमोद अग्रवाल, नवल तुलस्यान, सुरेश सतीश प्रसाद, सरस जैन,सोंडिक समाज भवन हेतु भूमि दाता टिंकू जी,रामनरेश सोनी, लव चौरसिया, शिवनाथ अग्रवाल, विनोद उदयपुरिया, रुपेश प्रसाद,रितेश प्रसाद, प्रेम जसवाल, कमल गुप्ता, विक्रांत सिंघानिया, पांकी के युवा प्रमुख पंचम गुप्ता, अहिल्या गुप्ता, डां मीना गुप्ता, तरहसी जिला परिषद सदस्य रूपवती देवी, शोभा देवी प्रमुख पाटन, अरविंद साहू मुखिया कसमार, प्रमिला देवी मुखिया नूरु, प्रेम प्रकाश मुखिया पाकी पूर्वी, किशुनपुर मुखिया सुमन गुप्ता तथा कार्यक्रम में चैनपुर, शाहपुर,रेडमा,बैरिया, डाल्टनगंज बाजार, पुलिस लाइन,जीएलए कॉलेज रोड एवं अन्य जगह से काफी संख्या में लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम में सिख समाज के महिला पुरुष और कई समाज से युवाओं की भागीदारी खासकर देखी गई। कार्यक्रम में कई अधिवक्ता डॉक्टर तथा सरकारी नौकरी में कार्यरत लोगों की भी भागीदारी नजर आई।

# पासवान समाज का इतिहास प्रशंसनीय और गौरवशाली है : बीडी राम

**चौहरमल कल्याण समिति का पासवान सम्मेलन सह वनभोज कार्यक्रम संपन्न**

हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र के देवरी खुर्द पंचायत के सोनपुरवा सोन नदी स्थित सूर्य मन्दिर परिसर में चौहरमल कल्याण समिति का पलामू प्रमंडलीय पासवान सम्मेलन सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पलामू सांसद बीडी राम व रोहतास बिहार के सांसद छेदी पासवान, विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, पूर्व मंत्री



लक्ष्मण राम,पलामू जिप अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी, गढ़वा जिप अध्यक्ष शांति देवी,जोरावर पासवान, सीमा पासवान,प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी,हुसैनाबाद नपं अध्यक्ष शशि कुमार आदि ने संविधान निर्माता डॉ भीमराव राव अम्बेडकर ,वीर बाबा चौहरमल और स्व रामविलास पासवान के तस्वीर के समक्ष दीप जलाकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हुसैनाबाद नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार ने की, जबकि मंच संचालन जिला चौहरमल कल्याण समिति अध्यक्ष संदीप कुमार पासवान ने किया। मौके पर सांसद बीडी राम ने कहा कि हम सबों को अपने समाज के उत्थान और विकास के लिए जागरूक होने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पासवान जाति का इतिहास प्रशंसनीय रहा है, लेकिन आज भी हमारा समाज शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक स्तर पर काफी पिछड़ा हुआ है, अपने समाज के लोगों को आगे बढ़ाने में हर किसी को बढ़चढ़ कर अपनी सहभागिता देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समाज के विकास के लिए इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन कर्ता धन्यवाद के पात्र हैं। मौके पर मुख्य रूप से जिप सदस्य रिंकू कुमारी ,पूर्व जिप सदस्य मदन पासवान, चंदन पासवान, युवा समाज सेवी मुन्ना कुमार देव, वार्ड पार्षद उमरावती देवी,महुअरि पंचायत की मुखिया अनिता देवी, रंजित कुमार पासवान समेत सैकड़ो की संख्या में पासवान समाज के लोग मौजूद थे।

# राजनीति हमारे लिए सेवा का माध्यम है : मनोज सिंह

**मेदिनीनगर ।** नगर निगम क्षेत्र के सिंगरा खुर्द के अनूसूचित जाति वर्ग बहुल टोले के लोग जल संकट झेल रहे है। इस टोले के लोगों की समस्या सुनने के बाद नगर पर्षद के पूर्व उपाध्यक्ष सह भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ने टोले में सभी चापानल की मरम्मती और पोल पर लाइट व तार लगाने की घोषणा की। कहा कि राजनीति उनके लिए सेवा का माध्यम है। जनसेवा को लेकर वह निरंतर सक्रिय रहते है। इलाके का समेकित विकास होना चाहिए पर पिछले पांच वर्षों में मेदिनीनगर नगर निगम का विकास इलाके की जरूरत को ध्यान में रख कर नहीं किया गया बल्कि कुछ व्यक्ति और उन समूहों को ठेकेदारी दिलाने के लिए योजना ली गयी है। यही वजह



है वैसे इलाके जहां विकास की जरूरत थी,वह इलाके उपेक्षित ही रह गया। इसी का उदाहरण सिंगरा खुर्द वार्ड नंबर एक का यह इलाका है। उनका लक्ष्य मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र का समेकित विकास है। इसके लिए वह पूरी सक्रियता के साथ लगे है। मौके पर केसो राम,धीरज,शुदु राम,सत्य राम, कृष्णा राम, उमेश राम, लालगी राम, नारायण राम तथा अन्य लोगों की उपस्थिति में लोगों ने निगम चुनाव में मनोज सिंह के समर्थन का ऐलान किया।

## पर्यावरणविद ने राजमाता साप्ताहिक बाजार का फीता जोड़कर किया उद्घाटन

# साप्ताहिक बाजार से आसपास के लोगों का विकास के साथ दूर होगा सामाजिक और आर्थिक प्रदूषण : कौशल

आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर(पलामू)** जिले के छतरपुर अनुमंडल की चराई पंचायत के केरकी खुर्द में राजमाता साप्ताहिक बाजार का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु और वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के तहत फीता जोड़कर किया। वहीं इस मौके पर आयोजित भक्ति जागरण का उद्घाटन उन्होंने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधारोपण कर किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को श्री कौशल ने पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाते हुए कहा कि देश में पश्चिमी सभ्यता हावी होते जा रही है इससे बचने के



फीता जोड़कर उद्घाटन करते कौशल व अन्य

लिए हमें अपनी देश की सभ्यता,संस्कृति के अनुरूप आचरण और कार्य करना होगा। हमारी वैदिक परंपरा में जिस तरह धार्मिक अनुष्ठान व शादी-विवाह के शुभ मुहूर्त पर गांठ जोड़ने का विधान है। ठीक उसी परंपरा के तहत गांठ जोड़कर राजमाता साप्ताहिक बाजार का उद्घाटन किया जा रहा है। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा कि पिछले 23 वर्षों से यहां प्रतिवर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहा है। जिसमें क्षेत्र के काफी संख्या में महिला पुरुष वनों पर रक्षाबंधन पर्व (वन राखी मूवमेंट ) में शामिल होते हैं। उन्हें अंग वस्त्र और पौधों देकर मेरे द्वारा सम्मानित किया जाता है। उसी का परिणाम है कि यहां के उजड़े वनों को फिर से सघन वन होने में मदद मिली है। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि साप्ताहिक बाजार से क्षेत्र में विकास के साथ सामाजिक व आर्थिक प्रदूषण भी दूर होते हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह सात साल पहले ग्राम पंचायत डाली में शुरू किया गया बाजार आज काफी विकसित हो गया है। उसी तरह इसे भी विकसित करने का भरपूर प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बाजार परिसर में शेड निर्माण कराने और पेयजल की मुकम्मल व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया। भक्ति जागरण में प्रसिद्ध चंदन व्यास, रामप्रवेश रीखी मुनी समेत बिहार से आए ब्यास गुड्डू यादव ने श्रोताओं के मांग के अनुरूप कई गीत संगीत प्रस्तुत कर लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। उन्होंने जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल के अस्वस्थता के कारण कार्यक्रम में शामिल नहीं होने पर खेद प्रकट किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चराई के मुखिया रविंद्र राम एवं संचालन शिवनाथ कुमार रवि ने किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ताओं में संस्था के गढ़वा जिला अध्यक्ष अरुण प्रसाद गुप्ता, पलामू जिला अध्यक्ष सुभाष प्रसाद गुप्ता,कमेटी के अध्यक्ष बलराम सिंह, मुरुमदाग के मुखिया भोला सिंह,मनोज प्रसाद गुप्ता, समिति मानिकचंद राम, पूर्व प्रमुख,जगनारायण सिंह, पूर्व समिति कपिल सिंह ने पर्यावरणविद कौशल और छतरपुर पूर्वी जिला परिषद अमित कुमार जायसवाल के कार्यों की जमकर सराहना की। मौके पर बसंत गुप्ता, सूर्य देव यादव, संतोष यादव, बाबूराम, शिवनाथ राम, नागेश्वर सिंह, रामजी सिंह, बुधन सिंह, कपिल यादव,चुल्हन सिंह समेत काफी संख्या में महिला,पुरुष उपस्थित थे।

## विधायक ने बिजली सब स्टेशन और बाजार हाट का किया उद्घाटन

# हरेक समस्या का हो रहा है चरणबद्ध समाधान : कमलेश सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद,** हरिहरगंज के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने हुसैनाबाद के बैराव विद्युत सब स्टेशन के साथ कामगारपुर फीडर लाइन का भी उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में 2009 के बाद सड़क, शिक्षा व्यवस्था, बिजली समस्या का बुरा हाल हो गया था। बैरांव विद्युत सब स्टेशन शुरू हो जाने से झरगड़ा, कामगारपुर, चनकार, सामुडीह, बसडीहा, सुकनाडेरा, पतरा खुर्द, अलीनगर, बहेरा, बरौली, पोलडीह आदि गांव में लोड शेडिंग की समस्या से निजात मिल जायेगा। उन्होंने कहा कि तीन वर्षों के दौरान उन्होंने क्षेत्र को पटरी पर लाने का काम किया है। उनका प्रयास है कि क्षेत्र को शिक्षा, बिजली, स्वास्थ्य के क्षेत्र में अग्रणी करें। बहुत हद तक कार्य हुए हैं और करने की जरूरत है।



सब स्टेशन का उद्घाटन करते विधायक व अन्य

सीमित संसाधनों में बेहतर करने का प्रयास किया जा रहा है। झरगड़ा गांव के पुराने बाजार हाट का उद्घाटन करने के बाद उन्होंने कहा कि विभिन्न कारणों से पुराने बाजार हाट को बंदकर दिया गया था। इसे आज शुरू हो जाने से ग्रामीणों को जरूरत के सामान खरीदने 10 किलो मीटर दूर जपला नहीं जाना पड़ेगा। इससे उनकी समय और पैसा दोनों की बचत होगी। उन्होंने कहा कि बाजार के विकास के लिए जो भी जरूरत होगी, उसे वह पूरा करने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, विद्युत सहायक अभियंता संजय कुमार, कनीय अभियंता प्रदीप कुमार, विनय पासवान, सुरेंद्र ठाकुर, सुनील यादव, विजय ठाकुर, दिनेश पासवान, सूबालाल यादव, रामप्रवेश सिंह, दूधेश्वर सिंह, सुनील ठाकुर, नागेंद्र ठाकुर, राजकुमार ठाकुर, भगवान प्रसाद गुप्ता, मुन्ना चौधरी आदि थे।

## स्पोर्ट्स




बैडमिंटन एसोसिएशन की बैठक में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# भारत-न्यूजीलैंड के बीच तीसरा एक दिवसीय मैच मंगलवार को, इंदौर पहुंचीं दोनों टीमें

**इंदौर, 22 जनवरी।** भारत-न्यूजीलैंड के बीच चल रही तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृखंला का तीसरा एवं अंतिम मैच मंगलवार, 24 जनवरी को इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेला जाएगा। मैच के लिए भारत और न्यूजीलैंड की टीमें विमान से इंदौर पहुंच गई हैं। दोनों टीमों के सदस्यों केलिए सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई है।तीसरे एक दिवसीय मैच के लिए नगर में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। रविवार दोपहर पौने दो बजे दोनों टीमें विमान से इंदौर एयरपोर्ट पहुंचीं और यहां से विशेष बसों के माध्यम से दोनों टीमों को उनके होटलों तक पहुंचाया गया है। भारतीय टीम को रेडिसन होटल और न्यूजीलैंड की टीम होटल मेरियट में ठहराया गया है। एयरपोर्ट पर खिलाड़ियों को देखने के लिए बड़ी संख्या में उनके प्रशंसक पहुंचे थे, लेकिन कड़ी सुरक्षा के बीच खिलाड़ियों की बस सीधे होटल में चली गई, जिससे प्रशंसक निराश नजर आए। इसके बाद खिलाड़ियों को देखने के लिए



लोग होटलों के बाहर जमा हो गए। होटलों के बाहर पुलिस फोर्स तैनात किया गया। बताया गया है कि कुछ खिलाड़ी शाम को यहां अभ्यास कर सकते हैं, जबकि टीमों का ऑफिशियल प्रैक्टिस सेशन सोमवार, 23 जनवरी को होगा। प्रैक्टिस के लिए गेल पवेलियन की ओर तीन-तीन प्रैक्टिस विकेट तैयार किए जाएंगे। भारतीय क्रिकेट टीम ने पहले दोनों एकदिवसीय मुकाबले जीतकर श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। इससे भारतीय टीम के हौसले बुलंद हैं, जबकि न्यूजीलैंड की टीम श्रृंखला में क्लीन स्वीप पर बचने का प्रयास करेगी। इसीलिए इंदौर में दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिल सकता है।मैच को लेकर इंदौर पुलिस की तैयारियां भी जोरों पर हैं। मैच के दौरान दर्शकों को भटकना नहीं पड़े, इसके लिए एक हेल्पडेस्क बनाई जा रही है। मैच को लेकर पुलिस ने नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस, रेवेन्यू विभाग, एमपीसीए सहित कई अन्य विभागों के साथ कोऑर्डिनेट कर लिया है। पुलिस अधिकारी स्टेडियम का निरीक्षण भी कर चुके हैं। इस निरीक्षण में देखा जा चुका है कि पार्किंग की व्यवस्था कहां रहेगी और पुलिस की बैरिकेडिंग कहां कहां रहेगी।इस संबंध में डीसीपी धर्मेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि देखने में आया है कि दर्शक को गेट की जानकारी नहीं होने के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। वे कई बार एंट्री के लिए यहां वहां परेशान होते हैं। दर्शकों को संशय न हो, इसके लिए नई व्यवस्था के तहत पार्किंग में ही नए तरह का प्लान लगाया जाएगा, ताकि लोगों को पहले ही पता चल जाए कि उन्हें कहां से एंट्री लेना है। इसके साथ ही अनाउंसर की भी व्यवस्था की जाएगी।

# श्री रुद्रमहायज्ञ की कलश यात्रा में शामिल हुए पूर्व विधायक बिट्टू सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी(पलामू )**पांकी प्रखंड के ग्राम पंचायत रतनपुर में शिव मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा श्री रूद्रमहायज्ञ के कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। जिसके मुख्य अतिथि पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह,विशिष्ट अतिथि पांकी प्रमुख पंचम प्रसाद,रत्नपुर मुखिया लालती देवी के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर व फीता काटकर श्री रूद्रमहायज्ञ के भव्य कलश यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बिट्टू सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन से क्षेत्र में भक्ति कि बयार बहती है और पूरा वातावरण शुद्ध हो जाता है। उन्होंने कहा कि मैं समाजिक कार्य हो धार्मिक सभी हमेशा उपलब्ध रहने का प्रयास करता हूं। इस मौके पर



अध्यक्ष सूर्यमल यादव,सचिव रविंद्र नाथ ठाकुर,कोषाध्यक्ष निर्मल यादव ,उपाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, उपकोषाध्यक्ष शक्ति पासवान, सलाहकार गणेश्वर पासवान,सदस्य अशोक राम, राजू पासवान, मुन्ना पासवान,लालू यादव,विवेक साव, जेड सुधीर यादव,पंकज साव, रुपेश प्रसाद, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष मनोज सिंह, उपाध्यक्ष हफिजूल अंसारी, गजू सिंह, पप्पू यादव सहित हजारों श्रद्धालु शामिल थे।

## मारवाड़ी युवा मंच ने निकाली जनजागरण कार रैली, बेरमो शाखा ने किया स्वागत

फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। गिरिडीह प्रेरणा शाखा की ओर से मंडल स्तर पर जन जागरण कार रैली निकाली गई। इस क्रम में बेरमो शाखा ने अग्रसेन स्मृति भवन फुसरो में कार रैली का स्वागत किया। कार रैली के जरिए कन्या भ्रूण हत्या पर रोक के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। लोगों से आग्रह किया गया कि रक्तदान अधिक से अधिक करें, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, गौ सेवा कार्यक्रम परस्पर करें। सभी से आग्रह की गई कि बढ़चढ़कर गौ सेवा में अपना अंश दान जरूर करे। इस मौके पर श्री अग्रसेन भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रेमराज गोयल, मारवाड़ी युवा मंच के बेरमो शाखा अध्यक्ष श्रवण अग्रवाल, सचिव रोहित मित्तल, कोषाध्यक्ष सोनू अग्रवाल, संयोजक मनोज अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक राजेंद्र अग्रवाल, दिलीप गोयल, भवानी शंकर अग्रवाल, संतोष मित्तल, पंकज मित्तल, विकास मित्तल, नितिन अग्रवाल, महेश अग्रवाल, अरुण अग्रवाल एवं गिरिडीह से आयी प्रेरणा शाखा की शाखा अध्यक्ष अर्चना केडिया आदि थीं।

### कार्यक्रम : झामुमो छोड़ सैकड़ों लोगों ने थामा आजसू का दामन

# चंदनकियारी का विकास ही हमारा संकल्प: उमाकांत रजक

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदनकियारी।** प्रखंड के लालपुर में आजसू का मिलन समारोह आयोजित हुआ। इसमें झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) को छोड़कर सैकड़ों लोगों ने आजसू का दामन थम लिया। समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने कहा कि चंदनकियारी के गांव-गांव की समस्या से अवगत हूं। चंदनकियारी विधानसभा का सम्रग विकास ही हमारा संकल्प है। जब तक चंदनकियारी के हर गांव से लेकर गली-गली तक का विकास और बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिल जाता, तब तक हम चैन से नहीं बैठेंगे। उन्होंने कहा कि चंदनकियारी के लोगों के मान सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए सदा तत्पर रहूंगा। चंदनकियारी विधानसभा में आज भी नागरिक सुविधाएं नदारद है। फटेहाल जीवन जीने को विवश है। रजक ने कहा कि जिसने चंदनकियारी की जनता का विश्वास को कुचलने का काम किया हो। उससे चंदनकियारी की जनता माफ नहीं करेगी। आने वाले समय में बदलाव लायेगी। इसके पूर्व आजसू में शामिल हुए सभी लोगों को उमाकांत रजक ने माला पहनाकर स्वागत किया। इसमें गणेश रजवार, ललन, फागु, निमाई, श्यामपद, विजय, चित्तरंजन, उमापद, गुरूपद, प्रह्लाद, दिलीप रजवार, सेराज अंसरी, सद्दाम, हजरत, चांद बाबू, शरीफ, गणेश हाजरा, भावेश, विक्रम, मनोज हाजरा, अश्विनी गोराई, कालाचांद, अजय सहिस, सचिन रजवार, हरिशंकर प्रमाणिक, धनंजय, बासुदेव बाउरी, मुस्तकीम, खलील, कलाम, अर्जुन, रिबू, नागर रजवार, कालीपद, कमलाकांत, परीक्षित, सागर रजवार, विजय रजवार, मिथुन, रमेश और प्राण आदि थे।


झामुमो छोड़ आजसू में शामिल होने वालों का स्वागत करते उमाकांत रजक।

# झरिया में ट्रांसफॉर्मर उद्घाटन को लेकर आमने-सामने हुआ सिंह मेंशन व रघुकुल

### एक ही ट्रांसफॉर्मर का दो बार हुआ उद्घाटन





आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** सिंह मेंशन और रघुकुल निवास के बीच का विवाद इन दिनों चरम पर है। बीते दिनों दोनों घरानों के समर्थकों के बीच खूंनी संघर्ष में एक की मौत, जबकि कई लोग घायल हुए थे। अब विकास कार्यो के उद्घाटन में भी दोनों घराने आमने-सामने हैं। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण झरिया के घनुडीह इलाके में देखने को मिला। विगत शुक्रवार को झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने क्षेत्र में लगे नए ट्रांसफार्मर का फीता काटकर और नारियल फोड़कर उद्घाटन किया था। जिसे लेकर विवाद हो गया। इसके बाद रविवार को उक्त ट्रांसफार्मर का उद्घाटन करने सिंह मेंशन की बहू और भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह भी समर्थकों के बुलावे पर पहुंच गई।

#### रागिनी सिंह ने पूर्णिमा सिंह पर जमकर निकाली भड़ास

रविवार को घनुडीह-1 नम्बर हरिजन बस्ती में लगे नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने किया। लगे हाथ पहले ही ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन करने वाली झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह पर जमकर जुबानी हमला किया। उन्होंने विधायक पर आरोप लगाया कि उनकी (रागिनी सिंह) की बढ़ती लोकप्रियता से घबरा कर विधायक आनन फानन में हर जगह बिना बुलाये उद्घाटन करने पहुंच जा रही हैं। बताते चलें कि घनुडीह 1 नम्बर हरिजन बस्ती का ट्रांसफार्मर दो महीने पूर्व जल गया था। उक्त स्थान पर बीसीसीएल की ओर से ट्रांसफार्मर लगाया गया है। वहीं दोनों के समर्थक इसका श्रेय अपने अपने नेता को देते हुए अलग अलग उद्घाटन करवा रहे हैं।

## डीजे बजाने वालों, शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर होगी कार्रवाई



**कतरास (आजाद सिपाही)।** ईस्ट बसुरिया ओपी प्रभारी उपेंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में शांति समिति के सदस्यों की उपस्थिति में गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा को लेकर रविवार को शांति समिति की बैठक हुई। ओपी प्रभारी ने कहा कि 26 जनवरी को एक ओर जहां राष्ट्रीय पर्व है वहीं उसी दिन विद्या की देवी मां सरस्वती की भी पूजा है। जो सरकारी विद्यालयों सहित गांव-गांव, घर-घर एवं विभिन्न चौक चौराहों पर मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर लोगों द्वारा पूजा की जाती है। बैठक में उपस्थित शांति समिति के सदस्यों के समक्ष ओपी प्रभारी ने सख्त निर्देश दिया कि मां सरस्वती की प्रतिमा जिस पूजा समिति द्वारा किया जाएगा, उसके सभी सदस्यों के नाम व पता सहित पूजा स्थान का विवरण के साथ सूचना के लिए ओपी में आवेदन उपलब्ध कराना होगा। पूजा समाप्ति के बाद मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन हर हाल में 27 जनवरी की संध्या पांच बजे तक करना होगा। पूजा के लिए जबरन चंदा वसूली ना करें। शिकायत आने पर कार्यवाई की जाएगी। पूजा में डीजे भी नहीं बजाना होगा। ऐसा करते पाए जाने पर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शराब पीकर पूजा स्थल व विसर्जन में शामिल ना हो।

## आयुष्मान योजना के तहत इलाज के लिए डॉक्टर ने मांगे 10 हजार रुपये, जांच के लिए टीम गठित

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना-मुख्यमंत्री योजना के तहत निजी अस्पतालों में होने वाले इलाज को लेकर कई शिकायतें आ रही हैं। इसी क्रम में नावाडीह स्थित आम्रपाली अस्पताल में आयुष्मान कार्ड के बावजूद मरीज से पैसे मांगने का मामला आया है। शिकायत मिलने पर सिविल सर्जन में कमेटी गठित कर मामले की जांच करने को कहा है। बतातें चलें कि गिरिडीह की रहने वाली उर्मिला देवी का कुल्हा टूट गया। इलाज के लिए उन्हें आम्रपाली अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजनों का आरोप है कि यहां के डॉक्टर ऑपरेशन के लिए 10 हजार रुपए मांग रहे हैं। रुपए नहीं देने पर, कूल्हे का ऑपरेशन नहीं किया जा रहा है। परिजनों ने पैसे मांगने की शिकायत सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा को दी। शिकायत मिलने पर सिविल सर्जन ने कमेटी गठित कर आम्रपाली अस्पताल में टीम को भेजा। टीम में डॉक्टर विकास राणा समेत अन्य डॉक्टर और पदाधिकारी शामिल हुए, जिन्होंने अस्पताल जाकर मामले की जांच की। उधर, टीम के सदस्यों ने मरीज उर्मिला देवी और उनके परिजनों से बातचीत की। परिजनों ने बताया कि डॉक्टर का कहना है कूल्हे के ऑपरेशन में लगभग 30 हजार रुपए आयुष्मान भारत के तहत अस्पताल को मिलते हैं। जबकि पूरा ऑपरेशन पर 50 हजार रुपये तक खर्च हो सकते हैं। ऐसे में अतिरिक्त खर्च मिलने के बाद ही ऑपरेशन किया जा सकता है। दोनों पक्षों से बातचीत कर टीम ने अपनी रिपोर्ट सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा को सौंप दी है। डॉक्टर विश्वकर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। इसके बाद संबंधित अस्पताल पर कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग की ओर से अस्पताल का पक्ष भी लिया गया है।

#### आयुष्मान को लेकर विभिन्न अस्पतालों में जांच

इधर, आयुष्मान भारत को लेकर मुख्यालय के निर्देश पर विभिन्न अस्पतालों में जांच जारी है। सिविल सर्जन ने बताया कि जिन अस्पतालों में शिकायत आ रही है, वहां पर टीम भेजी जा रही है। नियमानुसार जहां काम नहीं हो रहे हैं, ऐसे अस्पताल को सूची से हटा दिया जाएगा।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**नावाडीह/बेरमो (आजाद सिपाही)।** नावाडीह प्रखंड के बिनोद बिहारी महतो स्टेडियम में रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पारस एचइसी अस्पाताल के जाने माने हड्डी व नस विशेषज्ञ डॉ अंकुर सौरव और स्त्री प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ अंशु अग्रवाल ने मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। वहीं, शिविर का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख पुनम देवी, उपप्रमुख हरिलाल महतो, मुखिया रीता देवी एवम पूर्व मुखिया रणविजय सिंह ने किया। शिविर में कुल 100 मरीज के स्वास्थ्य की जांच और जरूरी सलाह दिए गए।

## डीवीसी मुख्यालय कोलकाता में होगा एचएमकेयू का वार्षिक सम्मेलन

**बोकारो थर्मल के मजदूर समस्याओं पर होगी विशेष चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो थर्मल।** हिंद मजदूर किसान यूनियन (एचएमकेयू) का एक दिवसीय वार्षिक सम्मेलन 24 जनवरी को डीवीसी मुख्यालय कोलकाता में होगा। इसकी जानकारी डीवीसी एचएमकेयू के बोकारो थर्मल शाखा सचिव रामलाल पासवान ने दी। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व ऊर्जा मंत्री लालचंद महतो उपस्थित रहेंगे। बैठक में डीवीसी के स्थाई कामगारों को अनुकंपा के आधार पर स्थाई नियोजन देने, बोकारो थर्मल में विद्युत शव गृह बनाने, एनपीएस को समाप्त कर ओपीएस को चालू करने के अलावा सप्लाई मजदूरों को भी स्थाई कामगारों की तरह गोल्ड दिये जाने आदि कई मांगे शामिल हैं, जिसपर सम्मेलन में विस्तार पूर्वक चर्चा होगी। डीवीसी अध्यक्ष के साथ वार्ता कर समस्यायों का समाधान करवाने की रणनीति बनाई जाएगी। सम्मेलन में बोकारो थर्मल से भारी संख्या में यूनियन प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

## बीबीएमकेयू के बीएड सत्र 2020-22 के छात्रों ने पूर्णिमा नीरज सिंह को ज्ञापन सौंपा



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बीबीएम कोयलांचल विश्वविद्यालय के बीएड सत्र 2020-22 के सेमेस्टर 4 का परीक्षा परिणाम विलंब से घोषित होने से कई छात्र छात्राएं पीजी सत्र 2022-24 में ऑनलाइन आवेदन और चयन सूची में उन सभी का नाम आने पर भी एडमिशन से वंचित रह गए। जिसे लेकर बीएड के छात्र-छात्राओं ने रविवार झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह से उनके आवास जाकर मुलाकात की और अपनी समस्याओं को अवगत कराया। इस पर विधायक ने कहा कि कुलपति से मिलकर उनकी समस्याओं का निदान करवाने का प्रयास करेंगीं। मौके पर रवजोत कौर, तारिक अंसारी, प्रियंका, साक्षी मित्तल आदि उपस्थित थे।

## कांग्रेस का निरसा में वनभोज सह मिलन सम्मेलन का आयोजन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** निरसा विधानसभा कांग्रेस की ओर से रविवार को वन भोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पार्टी नेता मसूद आलम और संचालन मंटू रॉय ने किया। सम्मलेन में बतौर मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष संतोष सिंह मौजूद थे। उन्होंने कहा कि जिले के हर पंचायत और बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत किया जाएगा। लोकसभा चुनाव में पार्टी धनबाद सीट पर जीत दर्ज करेगी। कहा कि वर्तमान सांसद और भाजपा जिले का विकास करने में पूरी तरह विफल रही है। हमें धनबाद लोकसभा की जनता पर पूरा भरोसा है कि 2024 के चुनाव में सांसद को बदल देगी। कहा कि भाजपा देश के सभी सार्वजनिक उपक्रमों को बेचने पर तुली है। निरसा को लेकर कहा कि इस विधानसभा में मैथन और पंचेत के रूप में दो डैम हैं जो कांग्रेस की देन है। मौके पर दुर्गा दास, निरसा प्रखंड अध्यक्ष डीएन यादव, रेखा साव, मंगल धीवर, जियाउल हुसैन, वकील बाउरी, अजित सिंह, कपिल देव प्रसाद, विजय रॉय, रईस अंसारी, हीरा हाड़ी, बिरजू बाउरी, डब्लू खान, हीरा राई, प्रमिला देवी, डोली परवीन, जयमाला देवी, गीता देवी, पिंकी खातून, सूरज मानी, मीणा देवी आदि मौजूद थीं।

## गणतंत्र दिवस की परेड का हुआ पूर्वाभ्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**तेनुघाट।** 26 जनवरी को मनाए जाने वाले गणतंत्र दिवस के परेड का पूर्वाभ्यास रविवार को तेनुघाट स्थित चिल्ड्रेन पार्क मैदान में शुरू हुआ। परेड कमांडर के नेतृत्व में 8 टोलियां बनाई गई हैं। संबंधित टोलियों में पुलिस फोर्स का एक प्लाटून, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पेटरवार का एक प्लाटून, कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय गोमीया का एक प्लाटून, जवाहर नवोदय विद्यालय का एक एनसीसी का प्लाटून, जवाहर नवोदय विद्यालय का स्काउट का एक प्लाटुन, जवाहर नवोदय विद्यालय गाइड का एक प्लाटुन और डीएवी स्काउट का प्लाटून और डीएवी गाइड का एक प्लाटुन शामिल है। सभी ने परेड का पूर्वाभ्यास किया। परेड अभ्यास के समय अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार, तेनुघाट ओपी प्रभारी सुनील कुमार, अधिवक्ता वीरेंद्र प्रसाद, सुभाष कटरियार, अनुमंडल कार्यालय के नाजिर नेयाज अहमद, जेपी झा, अनिल कुमार टूडू, आरएस पासवान आदि मौजूद थे। बताया गया कि अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सतीश चंद्र झा के निर्देश पर पूर्वाभ्यास 24 जनवरी तक जारी रहेगा। 24 को फुल ड्रेस रिहर्सल की जाएगी। अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परेड पूर्वाभ्यास का निरीक्षण में मौजूद रहेंगे। इसके बाद 26 जनवरी को तेनुघाट स्थित चिल्ड्रन पार्क मैदान में मुख्य परेड का आयोजन किया जाएगा।

### सेल के 50वां स्थापना दिवस पर बोकारो स्टील की ओर से हुआ आयोजित

# स्वस्थ रहने के लिए सबसे सुगम साधन दौड़ है : अनिल पाल्टा

**21 किमी दौड़ में रामगढ़ के किसान के बेटे छोटेलाल महतो ने हासिल किया प्रथम स्थान**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील की ओर से रविवार को 50वां सेल स्थापना दिवस पर हाफ मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। बोकारो के सेक्टर-4 स्थित मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम से दौड़ की शुरूआत हुई। मुख्य अतिथि झारखंड एडीजी अनिल पाल्टा थे। बोकारो स्टील के डायरेक्टर इंचार्ज अमरेंदु प्रकाश और अनिल पाल्टा ने दौड़ को हरी दिखाई। दौड़ 21 किलोमीटर, 10 किमी और पांच, जबकि दिव्यांगों के लिए दो किमी निर्धारित था। 21 किलोमीटर की दौड़ में बोकारो के डीसी कुलदीप चौधरी, एसपी चंदन झा, एसडीएम चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने भी भाग लिया। विजेता धावकों को अनिल पाल्टा और अमरेंदु प्रकाश के हाथों चेक सौंपा गया। इस मौके पर अनिल पाल्टा ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए सबसे सुगम साधन दौड़ है। बोकारो स्टील ने हाफ मैराथन का आयोजन कर अच्छी शुरूआत की है। आने वाले समय में इसकी अलग पहचान होगी। निदेशक इंचार्ज अमरेंदु प्रकाश ने कहा कि बोकारो में सिर्फ स्टील ही नहीं बनाया जाता बल्कि लोगों को गढ़ने का काम भी किया जाता है। बोकारो स्टील की ओर से प्रतिवर्ष मैराथन का आयोजन किया जाएगा।

### हाफ मैराथन दौड़ में शामिल हुए डीसी और एसपी



प्रथम स्थान आने वाले धावक छोटेलाल महतो को मिला 21 हजार रुपये का चेक।

#### झारखंड व यूपी के धावकों का रहा दबदबा

हाफ मैराथन में झारखंड और उत्तर प्रदेश के धावकों का दबदबा रहा। तीनों केटगरी के विजेता धावक साधारण परिवार से आते हैं। किसी के पिता किसान हैं तो किसी के पिता राजमिस्त्री। जीत से उत्साहित इन धावकों ने कहा कि उनका अगला लक्ष्य नेशनल पदक जीतना है। सरकार धावकों पर ध्यान दें तो लक्ष्य पूरा किया जा सकता है। 21 किलोमीटर की दौड़ में झारखंड के रामगढ़ जिले के पतरातू निवासी किसान का बेटा छोटेलाल महतो ने एक घंटा 15 मिनट 38 सेकंड में दौड़ पूरी कर पहला स्थान हासिल किया। उन्हें पुरस्कार स्वरुप 21 हजार रुपए का चेक दिया गया। वहीं, 10 किलोमीटर की दौड़ में उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिला निवासी अभय कुमार यादव ने 37 मिनट 17 सेकंड में दौड़ पूरी कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्हें पुरस्कार स्वरुप 6 हजार रुपए का चेक सौंपा गया। जबकि पांच किलोमीटर की दौड़ में उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के ही रहने वाले सलमान खान ने 17 मिनट 59 सेकंड में दौड़ पूरी कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्हें पुरस्कार स्वरुप छह हजार रुपए का चेक दिया गया।

## बासजोड़ा में 13 मार्च से होगा 9 दिवसीय श्री श्री शतचंडी महायज्ञ

**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** यज्ञ के आयोजन को लेकर रविवार को बांसजोडा शिव मंदिर प्रांगण में ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से यज्ञ समिति में कोई फेरबदल नहीं करने और 13 मार्च से श्रीश्री शतचंडी महायज्ञ का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। इस बार भी यज्ञ समिति का सचिव और यजमान राजकुमार महतो ही रहेंगे। बाबा भूतनाथ की देख रेख में यज्ञ संपन्न होगा। 9 दिनों तक चलने वाले इस यज्ञ में प्रवचन, हवन, रामलीला, रासलीला एवं भव्य मेले का आयोजन होगा। बांसजोडा यज्ञ शाला मैदान में करीब चालीस सालों से यज्ञ का आयोजन होता आ रहा है। बैठक में मुस्लिम कमेटी के महामंत्री सह कांग्रेस नेता असलम मंसूरी, रवि चौबे मनोज कुशवाहा, पुनीत सिंह, रामा शंकर महतो, शंकर तुरी, श्रवण यादव आदि मौजूद थे।

## झरिया की बेटियों ने राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में लहराया सफलता का परचम




**धनबाद/झरिया (आजाद सिपाही)।** एमएसमार्शल आर्ट ताइक्वांडो क्लब झरिया के नन्हें खिलाड़ियों ने द्वितीय राज्य महिला का ताइक्वांडो चैंपियनशिप में सफलता का परचम लहराया। एमएस क्लब के कोच अमित साव ने बताया कि यह प्रतियोगिता लोहरदगा के रामेश्वर वैली स्कूल में दो दिवसीय राज्य महिला ताइक्वांडो चैंपियनशिप 21 और 22 जनवरी तक आयोजित की गई थी, जिसमें अध्या कुमारी को अंडर 29 केजी में रजत पदक, जबकि अंडर 35 केजी में रिद्धि साव एवं काव्य बरनवाल को कांस्य पदक और अंडर 38 केजी में रोशनी कुमारी यादव एवं श्रेयसी कुमारी झा को भी कांस्य पदक प्राप्त हुआ। इस अवसर पर झारखंड राज्य के महासचिव संजय कुमार शर्मा एवं झारखंड राज्य के संयुक्त सचिव सुमीर कुमार शर्मा, मार्शल आर्ट के वरिष्ठ प्रशिक्षक महेंद्र प्रताप सिंह, चीफ रेफरी अमर बावरी, विजय विश्वकर्मा प्रतियोगिता के आयोजक अशोक कुमार ने कोच अमित साव को एवं उनके खिलाड़ियों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दिए की। कहा कि आगे चलकर झरिया धनबाद झारखंड का नाम पूरे देश से लेकर विदेश तक रोशन करें।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 23 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in


## पाकिस्तान से 45 तीर्थयात्री पुरी श्रीक्षेत्र पहुंचे

# महाप्रभु के किये दर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** कहा जाता है कि जो प्रभु के प्रेम में पड़ जाता है, उसके लिए असंभव भी संभव हो जाता है। पाकिस्तान से 45 तीर्थयात्री पूरी श्रीक्षेत्र पहुंचे और महाप्रभु को दर्शन किये। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव है, लेकिन आम आदमी पर इसका कोई असर नहीं पड़ा है। इससे सिद्ध होता है कि धर्म के आगे हिंसा कुछ भी नहीं है। पाकिस्तान से 45 हिंदू श्रद्धालु पुरी आए और महाप्रभु के दर्शन कर लौट गये। वे भारत के विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन करने आए हैं। ये पाकिस्तानी भक्त जगन्नाथ को देखकर खुद को भाग्यशाली मानते हैं और कहते हैं कि धर्म के आगे कोई जगह नहीं है। ओआईसी संगठन की ओर से दर्शन करने आए इन श्रद्धालुओं ने कहा कि भारत एक शांतिपूर्ण देश है, हम धार्मिक भावनाओं के साथ दर्शन करने आए हैं। पाकिस्तान से आए हुए भक्तों ने कहा कि पाकिस्तान में भी जकजामक में महाप्रभु की शोभायात्रा के साथ-साथ अन्य नीतियां भी होती है।

पाकिस्तान से आये हुए महाप्रभु के भक्तों ने श्रीमंदिर सिंह द्वार के सामने जय जगन्नाथ का नारा लगाया । पाकिस्तान के भक्तों ने कहा कि महाप्रभु के दर्शन बहुत दिव्य थे। इसे शब्दों में वर्णित नहीं किया जा सकता है। साल 2009 से कराची पाकिस्तान में महाप्रभु की रथयात्रा का आयोजित की जा रही है। 14वीं रथयात्रा 2022 में हुई थी। 14वीं रथयात्रा होने के कारण उनका पाकिस्तान से पुरी आना संभव हो सका। भक्तों ने भारत और पाकिस्तान दोनों सरकारों के सहयोग करने के लिए भरपूर सराहना की है। श्रद्धालुओं ने 11 तारीख को पाकिस्तान से भारत के लिए अपनी यात्रा शुरू की। मकर संक्रांति के मौके पर हरिद्वार पहुंचे। विभिन्न तीर्थ स्थानों की यात्रा करने के बाद, वे पुरी आये और भगवान के दर्शन किये। पाकिस्तान से आए श्रद्धालुओं ने कहा कि रथयात्रा के आयोजन में पाकिस्तान सरकार सहयोग कर रही है। हालांकि, उन्होंने कहा कि उन्होंने भगवान श्री जगन्नाथ से भारत और पाकिस्तान के बीच भाईचारे के संबंध बनाए रखने की प्रार्थना की है। ओडिशा इंटरनेशनल सेंटर की ओर से कुल 45 श्रद्धालु पाकिस्तान से आए थे। यह संगठन हर साल पाकिस्तान से श्रद्धालुओं को लाता है और महाप्रभु के दर्शन का आयोजन करता है।

# किस ने मेगा गार्जियंस मीट का किया आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (किस) ने रविवार को यहां मेगा गार्जियंस मीट का आयोजन किया। इसमें केआइआइटी-केआइएसएस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने उनके समर्थन और स्नेह के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया, जिसने दुनिया भर में इसे प्रसिद्ध कर दिया है। इस कार्यक्रम में 60,000 माता-पिता, 30,000 छात्रों के साथ-साथ पूर्व छात्रों ने भाग लिया। डॉ सामंत ने कहा कि पिछली आकलन की तुलना में इस बार 20,000 लोगों का जमावड़ा अधिक देखा गया।

डॉ सामंत ने अपने संबोधन में कहा कि हमने 1992-93 में मयूरभंज जिले के केवल 125 आदिवासी छात्रों के साथ किस की शुरुआत की थी। आज 30,000 छात्र संस्थान से पास आउट हो चुके हैं और अन्य 30,000 छात्र अपनी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। यहां से निकलने वाला एक-एक छात्र पूरे गांव को शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित कर रहा है। उत्तीर्ण होने वाले सभी छात्र देश के अच्छे नागरिक बन रहे हैं।

इस अवसर पर उन्होंने दो गौरवशाली पूर्व छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। वे साधक कारजी जिन्होंने ओडिशा न्यायिक सेवा परीक्षा उत्तीर्ण की है और खिलाड़ी अजय ओरम जो इस महीने रग्बी कोच के रूप में जापान जा रहे हैं।

ओड़िशा और असम, झारखंड और पश्चिम बंगाल से आये सभी माता-पिता का धन्यवाद व्यक्त करते हुए डॉ सामंत ने कहा कि वह जल्द ही कोरापुट जिले का दौरा करेंगे और आगामी अस्पताल और स्कूल की आधारशिला रखेंगे। अभिभावकों की बैठक ने माता-पिता को अपने बच्चों, कर्मचारियों से मिलने और परिसर में नवीनतम घटनाओं से अवगत होने का एक सही अवसर दिया। माता-पिता के बैठक में भाग लेने के लिए किस ने विस्तृत व्यवस्था की है। कम उम्र से ही आदिवासी शिक्षा के लिए संस्थापक की प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए माता-पिता ने कहा कि उन्होंने किस को स्थापित करने और आदिवासी समुदायों को मुख्यधारा में लाने का साहस दिखाया। किट और किस की अध्यक्ष सरस्वती बल ने छात्रों से हमेशा अपने माता-पिता की देखभाल करने और अपनी जड़ों, अपने गांव को कभी नहीं भूलने और अच्छे इंसान बनने का आह्वान किया।

राज्यसभा सांसद निरंजन बिशी ने कहा कि डॉ सामंत उन सभी के लिए एक प्रेरणा हैं, जो कम उम्र में ही शिक्षा-आधारित सामाजिक-आर्थिक विकास के माध्यम से आदिवासी समुदाय को सशक्त बनाने की आवश्यकता को महसूस कर सकते हैं। किस के सीइओ डॉ प्रशांत कुमार राउतराय ने कहा कि संस्थापक ने बच्चों की शिक्षा के लिए आदिवासी समुदायों के सपनों को साकार किया है। उन्होंने कहा कि 10,000 छात्र पांच जिला स्तरीय स्कूलों के माध्यम से साट लाइट केंद्रों में अध्ययन कर रहे हैं।

# ओपी जिंदल स्कूल ने मनाया 12वां वार्षिक समारोह 'वसुधैव कुटुंबकम




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** अंगुल जिंदल नगर में स्थित ओ.पी. जिंदल स्कूल ने शनिवार शाम को अपने स्कूल परिसर में अपना 12वां वार्षिक समारोह 'वसुधैव कुटुंबकमः नृत्यांजलि' मनाया। इस अवसर पर जिंदल महिला समिति की अध्यक्ष सुजाता सरोगी ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और दिनेश कुमार सरोगी सीइओ- जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) की ओर से दीप प्रज्ज्वलित किया।

इस अवसर पर हृदयेश्वर झा निर्देशक प्रभारी जेएसपी, दामोदर मित्तल निर्देशक जिंदल स्टील ओड़िशा और स्कूल वर्किंग कमेटी के अध्यक्ष, रविशंकर इवीपी एचआर एंड इएस जेएसपी और स्कूल के प्रबंधक ने भी विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह में भाग लिया और इस अवसर पर संबोधित करते हुए दिनेश कुमार सरोगी, हृदयेश्वर झा और दामोदर मित्तल ने अपने स्कूल के दिनों को याद किया और छात्रों को सलाह दी कि वे पाठ्य कार्यक्रम के साथ पाठ्यचर्या दोनों गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करें और कल के भारत को दुनिया के सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति के रूप में चलाने के लिए तैयार रहें । ओपी जिंदल स्कूल के प्रधानाचार्यअतनु रथ ने समारोहपूर्वक गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया और स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस वर्ष की थीम 'वसुधैव कुटुम्बकमः नृत्यांजलि' ने भव्य शाम के दौरान परिसर में दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया।

## नकली एक्वागार्ड गोदाम पर छापा

# महंगी कंपनी का लोगो लगा कर करते थे कालाबाजारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कटक से फिर एक बार नकली गोदाम का खुलासा हुआ। लंबे समय से चल रहे फर्जी एक्वागार्ड के गोदाम पर कमिश्नरेट पुलिस ने छापा मारा है। खबरों के मुताबिक जगन्नाथ लेन बादामबाड़ी कटक में लंबे समय से एक नकली एक्वागार्ड कंपनी चल रही थी। पुलिस कमिश्नरेट को उनके ठिकाने की जानकारी मिली। इसी कड़ी में रविवार को बादामबाड़ी थाना पुलिस ने उक्त गोदाम पर छापा मारा। पुलिस ने छापेमारी में कई सामान भी बरामद किये हैं।

कटक के बादामबाड़ी इलाके में एक नकली एक्वागार्ड असेंबलिंग यूनिट का भंडाफोड़ हुआ है। यूरेका फार्वस एक्वागार्ड के विभिन्न उपकरण और स्टिकर, लोगो, होलोग्राम आदि दिल्ली से लाये गये थे और जगन्नाथ लेन, बादामबाड़ी में एक घर में असेंबलिंग कर रहे थे। इसे मूल कीमत से काफी कम कीमत पर बेचा जा रहा था। बादामबाड़ी थाने से सूचना मिलने के बाद शनिवार शाम से ही कई जगहों पर छापेमारी जारी है। इसी तरह फर्जी अकबागार्डे यूनिटी पर भी रेड की जा रही है।

## नाक से दी जाने वाली कोरोना की वैक्सीन 26 जनवरी को होगी लॉन्च

**नयी दिल्ली।** दुनियाभर में कोरोना के बढ़ते मरीजों की संख्या के बीच भारत के लिए एक अच्छी खबर है। देश में गणतंत्र दिवस यानी 26 जनवरी को नाक से दी जाने वाली पहली कोरोना वैक्सीन लॉन्च की जायेगी। भारत बायोटेक अपनी इंट्रानेजल कोविड-19 वैक्सीन INCOVACC लॉन्च करेगी। कंपनी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक कृष्णा एला ने शनिवार को इसकी जानकारी दी।

# खडगिरी माघ मेले का आयोजन कोविड नियमों के अनुसार होगा


आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर महानगर निगम द्वारा खडगिरी माघ मेले के लिए स्वतंत्र दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। बैठक की अध्यक्षता मेयर सुलोचना दास ने की, जबकि समीक्षा बैठक बीएमसी आयुक्त विजय अमृता कुलांगे की अध्यक्षता में हुई। बीएमसी के साथ ही कमिश्नरेट पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन विभाग, बिजली विभाग, पूर्त विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग, खंडगिरी मेला आयोजन समिति के कार्यकर्ता के साथ अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। यात्रा 28 जनवरी से शुरू होगी और 10 दिनों तक चलेगी। इस बार यात्रा में नाटक परिबेसण की अनुमति है, जहां छह मैदानों में ऑपेरा होगा, वहीं पार्किंग के लिए 3 विशेष मैदान चिन्हित किये गये हैं।

मेले को राज्य सरकार द्वारा जारी कोविड गाइडलाइन का पालन करने का निर्देश दिया गया है। जिस स्थान पर नाटक किया जा रहा है, वहां सैनिटाइजर, 2 सीटों के बीच की जगह और मास्क पहनने की व्यवस्था की जायेगी। अग्निकांड और भाग दौड़ जैसी घटनाओं को रोकने के लिए विशेष व्यवस्था की जायेगी। इस बार करीब 400 स्टॉल लगाने की अनुमति दिया जाएगा। कानून व्यवस्था और ट्रैफिक व्यवस्था के लिए आवश्यक व्यवस्था कमिश्नरेट पुलिस द्वारा की जायेगी। मेला को सुपरिचलना के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। श्रद्धालुओं की भारी संख्या और ओपेरा को अनुमति मिलने के कारण आयोजन कमिटी ने इस बार भारी भीड़ का अनुमान लगाया है। वहीं बीएमसी ने इस मेले के लिए आयोजन कमिटी को एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी है।








**सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि किसी भी पृष्ठों पर छपे विज्ञापनों की जांच अपने स्तर पर कर लें।




















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**